माघ कृष्ण पक्ष पंचमी 11:36 उपरांत
षष्ठी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
अयोध्या, बुधवार, 31 जनवरी 2024
वर्ष 2, अंक 175, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल 16
मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रहीं हैं स्मृति सिन्हा 2

# तेजस्वी से ईडी ने 8 घंटे की पूछताछ, 60 सवाल दागे

पटना, एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन घोटाले में उनके पुत्र और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की। ईडी के समन के बाद तेजस्वी पूर्वाह्न 11:30 बजे पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी के 12 अफसरों की टीम ने पूछताछ शुरू की, जो लगभग आठ घंटे तक चली। उनसे करीब 60 सवाल किए गए ।

तेजस्वी जब बाहर निकले तब पहले से वहां मौजूद उनके समर्थकों ने नारे लगाने शुरू कर दिए। तेजस्वी ने भी पूरे जोश के साथ हाथ हिलाया और विक्ट्री साइन दिखाया। इस दौरान ईडी कार्यालय के बाहर उनकी बड़ी बहन राज्यसभा सांसद मीसा भारती और बड़े भाई पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव के अलावा बड़ी संख्या में राजद के विधायक, पूर्व मंत्री और कार्यकर्ता उपस्थित थे। आरोप के अनुसार, लालू प्रसाद यादव ने वर्ष 2004 से 2009 तक केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग के शासनकाल के दौरान रेल मंत्री रहते हुए ग्रुप डी श्रेणी में उम्मीदवारों को दी गई नौकरियों के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूखंडों का निबंधन कराया था।

### जमीन के बदले नौकरी घोटाला

### घोटाला मामले में सीबीआई दाखिल करेगी आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत को अवगत कराया कि वह राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले से जुड़े एक मामले में एक माह के भीतर पूरक आरोपपत्र दाखिल करेगी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष यह दलील दी। कहा गया कि अंतिम रिपोर्ट फरवरी के अंत तक दाखिल कर दी जाएगी।

### लापता होने के आरोपों के बीच रांची पहुंचे हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई घंटों तक उनके पते ठिकाने को लेकर बने असमंजस के बीच रांची में अपने आधिकारिक आवास पहुंच गए। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की गई तस्वीरों और वीडियो में बड़ी संख्या में विधायक और मंत्री एक बैठक में हिस्सा लेने से पहले सोरेन का अभिवादन करते नजर आए। मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। सोरेन ने ईडी को ईमेल भेजकर सूचित किया था कि वह बुधवार को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बयान देने के लिए तैयार हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से 36 लाख रुपये, एक एसयूवी और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं।

### भाजपा नेता की हत्या मामले में केरल की कोर्ट का फैसला

# पीएफआई के 15 सदस्यों को मौत की सजा

अलप्पुझा (केरल), एजेंसी

केरल की एक अदालत ने दिसंबर 2021 में अलप्पुझा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अन्य पिछड़ा वर्ग शाखा के नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े 15 लोगों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, मावेलिक्कारा वीजी. श्रीदेवी ने दोषियों को सजा सुनाई। विशेष अभियोजक प्रताप जी. पडिक्कल के अनुसार, मामले में दोषी ठहराए गए कुल 15 व्यक्तियों में से 14 को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया था। न्यायाधीश ने मौखिक रूप से कहा कि अस्पताल में भर्ती होने की वजह से एक दोषी को अदालत में पेश नहीं किया जा सका, जिसे पेशी के दौरान सजा सुनाई जाएगी। अदालत ने मामले में 20 जनवरी को 15 लोगों को दोषी ठहराया था।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव श्रीनिवासन पर 19 दिसंबर, 2021 को उनके परिवार के सामने पीएफआई और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया से जुड़े कार्यकर्ताओं ने हत्या कर दी थी।

### सभी प्रशिक्षित हत्यारे थे : अभियोजन पक्ष

अभियोजन पक्ष ने दोषियों के लिए अधिकतम सजा का अनुरोध करते हुए कहा था कि पीएफआई के ये सदस्य एक प्रशिक्षित हत्यारा दस्ते से जुड़े थे और जिस क्रूर तथा वीभत्स तरीके से पीड़ित को उसकी मां, बच्चे और पत्नी के सामने मारा गया वह इसे दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी के अपराध के दायरे में लाता है।

### श्रीनिवासन को आज न्याय मिला : भाजपा

अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि श्रीनिवासन को न्याय मिला है। उन्होंने कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई– महान शहीद रंजीत श्रीनिवासन को आज न्याय मिला... हम फैसले से खुश हैं और इसका तहे दिल से स्वागत करते हैं।

### फैसले से श्रीनिवासन का परिवार संतुष्ट

फैसले पर श्रीनिवासन के परिवार ने कहा कि वे इससे संतुष्ट हैं। श्रीनिवासन की पत्नी ने कहा कि यह एक असाधारण दुर्लभ मामला था और हमारा नुकसान बहुत बड़ा है। हम घटना की गहन और ईमानदार जांच करने के लिए अभियोजन और जांच अधिकारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं।

# सपा ने घोषित किए 16 प्रत्याशी डिंपल समेत तीन परिवार के

## लोकसभा चुनाव : धर्मेंद्र बदायूं से तो अक्षय यादव फिरोजाबाद से लड़ेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी ने मंगलवार को 16 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैनपुरी से चुनावी मैदान में उतारा गया है। संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया गया है। राजधानी लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं उम्मीदवारों की इस सूची में डिंपल यादव समेत तीन उम्मीदवार अखिलेश यादव के परिवार से ही है। इनमें चचेरे भाईयों धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव का नाम भी शामिल है।

समाजवादी पार्टी ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव, एटा से देवेश शाक्य, बदायूं से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनन्द भदौरिया, उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी, गोरखपुर से काजल निषाद, अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा को टिकट दिया है।

लालजी वर्मा बीते विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बसपा छोड़कर वे सपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें कटेहरी विधानसभा सीट से टिकट दिया था। वे चुनाव जीतकर विधायक भी बने। विधायक रहते अब सपा ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी अधिकृत तौर पर घोषित किया है। बसपा सरकारों में कैबिनेट मंत्री रह चुके लालजी टांडा सीट से भी विधायक रह चुके हैं।

पत्नी डिंपल यादव के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव। (फाइल फोटो)

- उन्नाव से अनु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा होंगे मैदान में
- अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को टिकट

### सपा ने मारी बाजी

लोस चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशियों की सूची जारी के मामले में सपा ने बाजी मार ली है। घोषित प्रत्याशियों को अपना प्रचार शुरू करने में ज्यादा वक्त मिल जाएगा। पार्टी ने अपने आधिकारिक हैंडल पर सूची जारी करते हुए यह भी लिखा कि सपा ने कांग्रेस और रालोद गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने का फैसला किया है। उप्र. की 80 में से 60 सीटों पर सपा ने लड़ने का फैसला लिया है। सात सीटें रालोद को दी गई है, 11 सीटें सपा ने कांग्रेस को दी है। हालांकि, 11 सीट की बात पर कांग्रेस की तरफ से स्पष्ट सहमति नहीं दी गई है।

## जम्मू-कश्मीर में शक्तिशाली विस्फोटक बरामद

**जम्मू।** पुलिस ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में मलेशियाई बैटरी से लैस दो शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कठुआ के विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा श्मशान घाट के पास बेईन नाला के किनारे सुबह-सुबह तलाशी अभियान के दौरान झाड़ियों में छिपाई गई पॉलिथीन में पैक दो संदिग्ध वस्तुएं मिलीं। तत्काल बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) को बुलाया गया। जांच में पता चला कि दोनों वस्तुएं आईईडी थीं। पुलिस ने कहा कि प्रत्येक आईईडी एक प्लास्टिक बोतल के भीतर थी। बोतल और इसमें एक इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक 9वी बैटरी (मलेशियाई), एक सर्किट, स्प्लिंटर्स के रूप में काम करने वाले स्क्रू और विस्फोटक सामग्री जैसे घटक शामिल थे। इसके अतिरिक्त आईईडी रखने वाले प्लास्टिक कंटेनरों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से लेपित किया गया था।

# सीआरपीएफ के 3 कमांडो नक्सली मुठभेड़ में शहीद

- छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर सीमा पर तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़, 17 अन्य घायल

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को माओवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सीआरपीएफ के तीन कमांडो शहीद हो गए और 17 अन्य घायल हो गए। पुलिस महानिदेशक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी. ने बताया कि यह घटना बीजापुर और सुकमा जिले की सीमा पर स्थित टेकलगुडेम गांव के समीप उस वक्त हुई, जब सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल तलाश अभियान चला रहा था। यह वही जगह है, जहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी।

कोबरा कमांडो की 201वीं बटालियन और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 150वीं बटालियन का एक दल इलाके में अग्रिम अभियान शिविर (एफओबी) स्थापित करने के लिए काम कर रहा था, तभी अपराह्न करीब 1 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। एफओबी एक दूरस्थ शिविर है, जिसका उद्देश्य मुख्य नक्सली क्षेत्रों में सक्रिय सुरक्षा बलों को अभियानगत सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

सीआरपीएफ की 'कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन' (कोबरा) जंगल में युद्ध अभियान चलाने वाली इकाई है। सूत्रों ने बताया कि कमांडो ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इनमें से चार जवानों की हालत गंभीर है, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है।

## एक नजर

### पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की पत्नी की हादसे में मौत

**जयपुर।** राजस्थान में अलवर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम सड़क हादसे में बाड़मेर के पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल और उनका बेटा घायल हो गया, जबकि उनकी पत्नी की मौत हो गई। मानवेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के बेटे हैं। थानाधिकारी नेकीराम ने बताया कि दिल्ली से जयपुर आ रहे सिंह की (एसयूवी) कार नौगांव के पास एक पुल की दीवार से टकरा गई, जिससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। उन्हें अलवर के सोलंकी अस्पताल ले जाया गया, चिकित्सक विक्रांत सोलंकी ने बताया कि मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। मानवेन्द्र सिंह और उनके बेटे हमीर सिंह तथा चालक नरेंद्र का इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अनेक नेताओं ने शोक जताया है।

### रामदेव की मोम प्रतिमा का दिल्ली में अनावरण

**नई दिल्ली।** योग गुरु रामदेव की आदमकद मोम की प्रतिमा का मंगलवार को दिल्ली में मैडम तुसाद न्यूयॉर्क में अनावरण किया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव स्वयं भी उपस्थित रहे और उन्होंने कुछ आसन भी किए। मर्लिन एंटरटेनमेंट्स ने एक बयान में कहा कि प्रशंसकों के लिए मोम की प्रतिमा उपलब्ध होगी। मोम की प्रतिमा का अनावरण दर्शकों के लिए एक उपहार और योगी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन है जो लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। मैडम तुसाद न्यूयॉर्क के प्रवक्ता टियागो मोगोडोरो ने कहा कि स्वामी रामदेव की प्रतिमा आध्यात्मिक ज्ञान और स्वास्थ्य के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण का प्रतिनिधित्व करता है।

# 84 आईपीएस अफसरों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र शासन ने मंगलवार को 84 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। इसमें एक ही जिले में तीन साल से जमे और हाल ही प्रोन्नत अफसरों को नई तैनाती दी गई है। कुछ अफसरों को उनके तैनाती स्थल पर ही प्रमोशन दिया गया है। इस तबादले में कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात कई अफसर बदले गए हैं। यह तबादला लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

सचिव गृह डॉक्टर संजीव गुप्त और प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा को तैनाती स्थल पर ही एडीजी के पद पर प्रमोशन दिया गया है। डीआईजी कानून व्यवस्था एल रवि कुमार को आईजी कानून-व्यवस्था बनाया गया हैं। लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात जेपीसी आकाश कुलहरि को उनकी तैनाती स्थल पर आईजी बनाया गया है। कानपुर कमिश्नरेट में जेपीसी आनंद प्रकाश तिवारी को हटाकर आईजी भवन कल्याण बनाया गया है। अलीगढ़ रेंज के डीआईजी शलभ माथुर को वहीं आईजी रेंज बना दिया गया है।

### बदलाव : अब संजय पीलीभीत और जोगिंद्र रामपुर के डीएम

**लखनऊ।** रामपुर और पीलीभीत में जिलाधिकारी पद के तबादले में फेरबदल किया गया है। अब संजय कुमार सिंह रामपुर की जगह पीलीभीत के डीएम होंगे, जबकि बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह रामपुर के डीएम होंगे। विशेष सचिव गृह राजेश राय कौशांबी और विशेष सचिव नमामि गंगे प्रवीण मिश्र को मऊ का डीएम बनाया गया है। राज्य संपत्ति अधिकारी डॉ विजय कुमार सिंह को फर्रुखाबाद का डीएम व मऊ में डीएम रहे अरुण कुमार को विशेष सचिव नमामि गंगे बनाया गया है। अमरोहा की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रतिभा सिंह आगरा की सीडीओ बनाई गई हैं।

### पेपर लीक मामला

## आरआरबी के पूर्व अध्यक्ष को पांच साल की जेल

**नई दिल्ली।** हैदराबाद में सीबीआई की एक विशेष अदालत ने 2010 में 1,936 सहायक स्टेशन मास्टर और सहायक लोको पायलट की भर्ती के लिए प्रश्नपत्रों के लीक होने के सिलसिले में रेलवे भर्ती बोर्ड मुंबई के तत्कालीन अध्यक्ष सतेंद्र मोहन शर्मा और नौ अन्य को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई मामलों के लिए प्रधान विशेष न्यायाधीश (हैदराबाद) ने जिन लोगों को सजा सुनाई है, उनमें आसन-मैंगलोर रेल विकास निगम के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ए के जगन्नाधम भी शामिल हैं। अदालत ने शर्मा पर 1.75 लाख रुपये और जगन्नाधम पर 1.31 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सभी 10 आरोपियों पर कुल 7.87 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। एजेंसी ने 15 जून, 2010 को आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था और 13 सितंबर 2010 को तीन महीने के भीतर आरोप पत्र दाखिल किया था।

# भाजपा ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव जीता

चंडीगढ़, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में जीत हासिल की और तीन शीर्ष पदों पर कब्जा बरकरार रखा। इसे आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। इस बीच आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया और चुनाव परिणामों को रद करने तथा हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध किया।

महापौर पद के लिए परिणाम घोषित होते ही विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के दो दलों के पार्षदों ने चंडीगढ़ नगर निगम सदन में हंगामा किया और वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के चुनाव का बहिष्कार किया। भाजपा के उम्मीदवार मनोज सोनकर ने कांग्रेस समर्थित आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को हराकर जीत हासिल की। सोनकर को 16 मत मिले, जबकि कुमार के पक्ष में 12 मत आए। आठ मतों को अवैध घोषित कर दिया गया। भाजपा के उम्मीदवार कुलजीत संधू और राजिंदर शर्मा क्रमशः वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर पद के लिए निर्वाचित घोषित किए गए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा गुंडागर्दी में संलिप्त रही और आज का दिन लोकतंत्र के लिए काला दिन है।

- आप ने धांधली का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट का रुख किया

### भाजपा ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई : मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि मंगलवार को भारतीय राजनीति के इतिहास में 'काले दिन' के तौर पर याद किया जाएगा, क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने आज चंडीगढ़ के मेयर के चयन के दौरान लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई हैं। मान ने पंजाब भवन में पत्रकारों से कहा कि इस मौके को हमारे लोकतंत्र के इतिहास में काले दिन के तौर पर याद रखा जाएगा।

### रोडवेज बस-डीसीएम से भिड़ी स्कूल वैन

# एक छात्र समेत तीन लोगों की मौत

संवाददाता, उझानी/कछला (बदायूं)

**अमृत विचार :** रोडवेज बस को ओवरटेक करने के चक्कर में बच्चों को लेकर स्कूल जा रही वैन सामने से आ रही डीसीएम से टकराकर अनियंत्रित हो गई। हादसे में रोडवेज बस ने पीछे से अनियंत्रित वैन को टक्कर मार दी। भीषण हादसे में एक छात्र समेत वैन चालक और उसके डेढ़ साल के बेटे की मौत हो गई। जबकि सात अन्य छात्र-छात्राएं घायल हो गए।

उझानी क्षेत्र के गांव जनईया निवासी उमेश (28) पुत्र यशपाल के पास ईको वैन थी। वह गांव फूलपुर के बच्चों को उझानी क्षेत्र के गांव बुटला बोर्ड स्थित कैप्टन गजराज सिंह इंटर कॉलेज में लाने-ले जाने का काम करता था। मंगलवार सुबह वह घर से वैन लेकर निकला तो डेढ़ साल का बेटा दुष्यंत भी साथ जाने के लिए जिद करने लगा। उमेश ने वैनर में बैठा लिया। वह फूलपुर पहुंचा। तेजपाल की बेटी मेहर (9), कृतिका (7), बेटा आलेख (6), सुरेंद्र मौर्य की बेटी राधा (11) व स्वाति (17), विक्रम की बेटी सरिता (6) व शीतल, छत्रपाल के बेटे निशांत (6) को कॉलेज लेकर जा रहा था। सुबह करीब 9.30 बजे बरेली-मथुरा राजमार्ग पर करुआ पुल के पास फूलपुर मोड़ पर अलीगढ़ डिपो की बस को ओवरटेक किया तभी सामने से आई डीसीएम से वैन टकराकर अनियंत्रित हो गई। पीछे से रोडवेज बस ने वैन को टक्कर मार दी। हादसे में वैन चालक उमेश, उसके बेटे दुष्यंत और छात्र आलेख की मौत हो गई। घायल छात्र-छात्राओं को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। स्वाति की हालत गंभीर होने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज सैफई भेजा गया। उमेश के पिता यशपाल की तहरीर पर डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

- भीषण हादसे में स्कूल वैन में सवार 7 अन्य छात्र भी घायल
- वैन के चालक के ओवरटेक करने की वजह से हुआ हादसा

## वसूली मामले में मुंबई के पुलिस आयुक्त को दी क्लीनचिट

**ठाणे।** सीबीआई ने पर्याप्त सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह और अन्य के खिलाफ दर्ज कथित जबरन वसूली के मामले को बंद करने के संबंध में रिपोर्ट पेश की है।

एजेंसी ने 18 जनवरी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाणे के समक्ष एक क्लोजर रिपोर्ट पेश की। अदालत फरवरी में रिपोर्ट पर विचार कर सकती है। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मामले में तथ्य और परिस्थितियां आरोपों को साबित नहीं करतीं या किसी भी आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए कोई भी सबूत का खुलासा नहीं करतीं।

# प्रोन्नति से पूर्व एनसीटीई की अधिसूचना पर लें निर्णय

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सहायक अध्यापकों की प्रोन्नति के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए, राज्य सरकार से कहा है कि वह प्रोन्नति से पूर्व एनसीटीई (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद) द्वारा जारी 11 सितंबर 2023 की अधिसूचना पर निर्णय ले। उक्त अधिसूचना के तहत एनसीटीई ने जूनियर बेसिक व नर्सरी स्कूलों के प्रधानाध्यापक-प्रधानाध्यापिका तथा सीनियर बेसिक स्कूलों के सहायक व प्रधान अध्यापक-अध्यापिका के पदों पर प्रोन्नति के लिए टीईटी को अनिवार्य किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बीआर सिंह की खंडपीठ ने हिमांशु राना व अन्य की याचिका पर पारित किया।

याचिका में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली, 1981 के नियम 18 की वैधता को चुनौती दी गई है। याचियों की ओर से अधिवक्ता अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने दलील दी कि वर्ष 2010 में टीईटी लागू होने के बाद ही नियुक्ति व प्रोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया था, इसके लागू होने से पूर्व नियुक्ति पाए अध्यापकों के लिए यह व्यवस्था दी गई थी कि वे अपने पदों पर कार्यरत रहेंगे परंतु प्रोन्नति पाने के लिए उन्हें भी टीईटी पास करना होगा। कहा गया कि 11 सितम्बर 2023 को अधिसूचना जारी करते हुए, एनसीटीई ने पुनः इस बात को स्पष्ट किया है कि प्रोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्य शर्त है, बावजूद इसके नियम 18 के तहत टीईटी न पास करने वाले अध्यापकों को प्रोन्नति दी जा रही है।

न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए, मामले में विचार की आवश्यकता जताई व केंद्र तथा राज्य सरकार समेत सभी प्रतिवादियों को तीन सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। साथ ही एनसीटीई के 11 सितम्बर 2023 के अधिसूचना के तहत निर्णय लेने के उपरांत ही प्रोन्नति करने का आदेश दिया है। हालांकि न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आदेश अर्ह अध्यापकों के प्रोन्नति में बाधा न माना जाए तथा इस सम्बंध में की गई कार्रवाई वर्तमान याचिका के परिणाम के अधीन होंगी।

- सहायक अध्यापकों को लेकर हाईकोर्ट ने दिया आदेश
- एनसीटीई ने प्रोन्नति के लिए टीईटी को किया है अनिवार्य
- सभी प्रतिवादियों को 3 सप्ताह में जवाबी हलफनामा देने का आदेश

# राहुल और जडेजा के चोटिल होने से बढ़ीं चयनकर्ताओं की मुश्किलें

## पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद भारत की नजर श्रृंखला में वापसी करने पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के पहले टेस्ट मैच में चोटें लगने से चयनकर्ताओं के सामने दुविधा पैदा हो गई है कि उनकी जगह किन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाए। दरअसल पहले मैच में मिली हार के बाद भारत की नजर दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला में वापसी पर है। जडेजा और राहुल ने हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन करके मैच अपने पाले में कर लिया।

### 4 स्पिनरों के साथ उतर सकती है भारतीय टीम

भारतीय टीम इंग्लैंड की तरह ही 4 स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ उतर सकती है। ऐसे में मोहम्मद सिराज पर कुलदीप को तरजीह मिलेगी ताकि सरफराज या वॉशिंगटन को मध्यक्रम में उतारा जा सके। जडेजा की ही तरह सौरभ बाएं हाथ के स्पिनर हैं और हाल ही में शतक भी लगा चुके हैं।

### रविंद्र जडेजा और राहुल का विकल्प तलाशना मुश्किल

जडेजा और राहुल दोनों ही मांसपेशियों में दर्द से जूझ रहे हैं। जडेजा की कमी पूरी कर पाना किसी के लिए भी मुश्किल है और राहुल वनडे और टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं। विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से वैसे भी बाहर हैं। लिहाजा शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारत के सामने कई चुनौतियां होंगी। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। रजत पाटीदार हैदराबाद में भारत की 15 सदस्यीय टीम में थे। वह मध्यक्रम में राहुल की जगह ले सकते हैं, जबकि जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है।

### अनिल कुंबले ने कुलदीप यादव को दी तरजीह

स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि अंतिम एकादश में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जाएगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिए। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है। चार टेस्ट के अपने कॅरिअर में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके ऑफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर भी चयन के दावेदार हैं। उन्होंने पांच पारियों में नाबाद 85 और नाबाद 95 रन बनाए हैं और दो विकेट भी लिए हैं।

### पूर्व चयनकर्ता ने दी 3 स्पिनरों के साथ उतरने की सलाह

पूर्व चयनकर्ता शरणदीप सिंह ने कहा कि हरफनमौला उपयोगी होता है लेकिन अंतिम एकादश में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रजत पाटीदार को राहुल की जगह और जडेजा की जगह कुलदीप को उतारा जा सकता है। हमें इंग्लैंड की नकल करके चार स्पिनरों को उतारने की जरूरत नहीं है। अपनी धरती पर दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर हमारी ताकत रहे हैं। हमें उसी पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पारी की शुरुआत शुभगन गिल और यशस्वी जायसवाल को करनी चाहिए और रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए।

# इंग्लैंड के खिलाड़ियों में भारत को मात देने की क्षमता : बेन स्टोक्स

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम में जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है वे भारत को उसकी धरती पर मात देने में सक्षम हैं। टॉम हार्टले ने अपने पहले टेस्ट में ही भारत की दूसरी पारी में 7 विकेट लेकर इंग्लैंड को 28 रन से यादगार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इंग्लैंड की टीम हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में सिर्फ एक तेज गेंदबाज मार्क वुड के साथ मैदान में उतरी और उसकी यह रणनीति कामयाब रही।

स्टोक्स ने कहा कि कभी-कभी अनुभवहीनता को ज्यादा बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है। हालांकि इसमें संदेह नहीं कि अनुभवी खिलाड़ी इन परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करता है। इस दौरे के लिए हमने जिन स्पिनरों को चुना है, वे भारत को हराने का सबसे अच्छा मौका देंगे। हम चाहते हैं कि वे परिणाम के बारे में ज्यादा चिंता किए बिना अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें।

# अक्षदीप सिंह ने पैदल चाल में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**चंडीगढ़, एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके पंजाब के अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में मंगलवार को पुरुषों के 20 किलोमीटर वर्ग में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकंड का समय निकालकर अपना ही एक घंटे 19 मिनट 55 सेकंड का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

उत्तराखंड के सूरज पंवार दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने पेरिस ओलंपिक का एक घंटे 20 मिनट 10 सेकंड का क्वालीफाइंग मार्क पार किया। उन्होंने एक घंटे 19 मिनट 43 सेकंड का समय निकाला। वह पेरिस ओलंपिक में पैदल चाल के लिए क्वालीफाई करने वाले चौथे भारतीय हैं।

प्रेमजीत सिंह बिष्ट और विकास सिंह भी क्वालीफाई कर चुके हैं। एक देश से तीन ही खिलाड़ी ट्रैक और फील्ड की व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग ले सकते हैं और अब भारतीय एथलेटिक्स संघ को तय करना है कि इन चारों में से कौन पेरिस जाएगा।

# मुशीर का शतक, सुपर 6 मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 214 रन से रौंदा

## 296 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 81 रन पर हुई ढेर

**ब्लूमफोंटेन, एजेंसी**

मुशीर खान के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने मंगलवार को अंडर-19 विश्वकप में सुपर-6 के पहले मुकाबले न्यूजीलैंड को 214 रनों से हरा दिया है। मुशीर खान ने 131 रन की शतकीय और आदर्श सिंह ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलकर भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 8 विकेट पर 295 रनों का स्कोर खड़ा किया।

296 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। न्यूजीलैंड ने पहले ही ओवर में अपने सलामी बल्लेबाज टॉम जोन्स का विकेट शून्य पर गवां दिया। इसके बाद न्यूजीलैंड के विकेट लगातार गिरते चले गए। जेम्स नेल्सन 10 रन, कप्तान ऑस्कर जैक्सन 19 रन, जैक कमिंग16 रन, एलेक्स थॉम्पसन 16 रन बनाकर आउट हुए।

शेष बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। सौमी पांडे के 4 विकेट, मुशीर खान और राज लिंबानी के दो-दो विकेट, नमन तिवारी और अर्शीन कुलकर्णी के एक-एक विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को 28.1 ओवर में 81 रन पर ढेर कर विश्व कप का पहला सुपर 6 मुकाबला जीत लिया।

**131** रन की पारी खेली मुशीर खान ने

**52** रन बनाए अदर्श सिंह ने 58 गेंदों में

### शुरुआती झटकों के बाद मुशीर ने संभाली पारी

टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का विकेट पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर खो दिया। इसके बाद आदर्श सिंह ने मुशीर खान के साथ दूसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़े। आदर्श 58 गेंद में छह चौके की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान उदय सहारन ने मुशीर के साथ 87 रन की साझेदारी की। उदय 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अरावेली अवनीश 17 रन, प्रियांशु मोलिया 10 रन, सचिन दास 15 रन बनाकर आउट हुए। इस बीच मुशीर खान ने शतक जड़ा। यह उनका इस टूर्नामेंट में दूसरा शतक है। मुशीर खान ने टूर्नामेंट में चार मैच की चार पारियों में 81.25 की औसत से 325 रन बना चुके हैं। इनमें दो शतक और एक अर्धशतक है। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 295 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से मेसन क्लार्क ने 4 विकेट लिए। रयान त्सोर्गस, इवाल्ड श्रेडर, जैक कमिंग और ओलिवर तेवतिया ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## खेल डायरी

### दीप्ति शर्मा टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**दुबई।** भारत की दीप्ति शर्मा एक पायदान चढ़कर आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में मंगलवार को संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि भारत की रेणुका सिंह भी दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा 3 पायदान गिरकर दूसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गई। दीप्ति के साथ पाकिस्तान की सादिया इकबाल दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड की सारा ग्लेन चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई हैं। ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं है, इसमें दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। बल्लेबाजों में भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना चौथे, जेमिमा रौड्रिग्स 13वें, शेफाली वर्मा 16वें और हरमनप्रीत कौर 17वें स्थान पर है। आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं, जबकि उनकी हमवतन ताहलिया मैकग्रा दूसरे स्थान पर हैं।

### भारत क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से हारा

**मस्कट।** मोहम्मद राहील की हैट्रिक के बावजूद भारत को एफआईएच हॉकी-5 पुरुष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को नीदरलैंड ने 7-4 से हार का सामना करना पड़ा। राहील के अलावा मनदीप मोर ने भारत के लिए गोल दागे। नीदरलैंड के लिए सैंडर डे विज्न और अलेक्जेंडर शॉप ने दो-दो गाल किए, जबकि लुकास मिडेनडोर्प, जैमी वान आर्ट और पेपिन रेयेंगा ने एक-एक गोल किया। मैच की शुरुआत काफी अच्छी रही और भारत के लिए राहील ने पहले ही मिनट में गोल दागा। इसके बाद नीदरलैंड को सैंडर ने बराबरी दिलाई। भारत ने जवाबी हमले तेज किए और सातवें मिनट में राहील ने दूसरा गोल दाग दिया। इसे शॉप ने दसवें मिनट में उतारा। मनदीप ने अगले मिनट फिर बढ़त दिलाई। इसके बाद मिडेनडोर्प और वान आर्ट ने गोल दाग दिए।

### अनीष और विजयवीर फाइनल की दौड़ से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के अनीष भानवाला और विजयवीर सिद्धू मिस्र के काहिरा में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप चरण एक की पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर में 579 के समान स्कोर के साथ क्रमश: 10वें और 11वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे तीसरे भारतीय अभिनव चौधरी मिस्र अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक सिटी निशानेबाजी रेंज में 569 अंक के साथ 22वें स्थान पर रहे। शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में अंजुम मोदगिल, प्रिया ब्रिजपाल सिंह और आशी चौकसी एलिमिनेशन दौर से आगे बढ़ने में सफल रहे और बुधवार को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे।

### त्रीशा-गायत्री दूसरे दौर में, अश्विनी-तनीषा से होगी भिड़ंत

**थाईलैंड मास्टर्स**

**बैंकॉक।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले में लोक लुइ और विंग युंग एनजी की हांगकांग की जोड़ी को हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। छठी वरीय भारतीय जोड़ी ने पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे और 14 मिनट में 16-21, 21-10 21-18 से जीत दर्ज की। त्रीशा और गायत्री अगले दौर में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की हमवतन गैर वरीय जोड़ी से भिड़ेंगी। तनीषा और अश्विनी ने लिंग फैंग हू और शियाओ मिन लिन की चीनी ताइपे की जोड़ी को 21-13, 21-17 से हराया। पुरुष एकल में भारत के समीर वर्मा और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रामण्यम दो क्वालीफाइंग मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में सफल रहे। समीर ने अमेरिका के होवार्ड शू को पुरुष एकल क्वालीफिकेशन के पहले दौर में 21-9, 21-16 से हराने के बाद चीनी ताइपे के कुआन लिन कुओ को 16-21, 21-16, 21-15 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। मुथुस्वामी ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को 9-21, 21-17, 21-12 से हराने के बाद थाईलैंड के कोराकृत लाओत्राकुल को 20-22, 21-10, 21-14 से हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। समीर पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस जबकि मुथुस्वामी मलेशिया के जुन हाओ लियोंग से भिड़ेंगे।

# दिव्या देशमुख ने दर्शकों पर लगाया लिंगभेद का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने आरोप लगाया है कि हाल ही में नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान दर्शकों की ओर से लिंगभेद का सामना करना पड़ा।

नागपुर की 18 वर्ष की अंतर्राष्ट्रीय मास्टर ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में अपने इस खराब अनुभव का ब्योरा दिया है। उन्होंने लिखा कि मैं काफी समय से इस पर बोलना चाहती थी लेकिन टूर्नामेंट खत्म होने का इंतजार कर रही थी। मैंने देखा है कि शतरंज में दर्शक महिला खिलाड़ियों को बहुत हलके में लेते हैं। हाल ही में खुद यह अनुभव किया। कुछ मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया जिस पर गर्व है। उन्हें लोगों ने बताया कि दर्शकों का ध्यान उनके खेल पर था ही नहीं बल्कि बाकी गैर जरूरी चीजों जैसे कपड़े, बाल, लहजे पर था।

देशमुख चैलेंजर श्रेणी में 4.5 स्कोर करके 12वें स्थान पर रहीं। उन्होंने कहा कि पुरुष खिलाड़ियों को उनके खेल के लिए जाना जाता है जबकि महिलाओं के मामले में उलटा है।

उन्होंने कहा कि वह इससे काफी दुखी थी। यह काफी दुखद है कि जब महिला शतरंज खेलती है तो वह कितना भी अच्छा खेले, लोग खेल पर ध्यान नहीं देते। महिला खिलाड़ियों को रोजाना इसका सामना करना पड़ता है और वह तो 18 साल की ही हैं। इतने साल तक ऐसी ही गैर जरूरी चीजों पर यह सब झेला है। महिलाओं को भी समान सम्मान मिलना चाहिए।

# जोसेफ चोट के कारण आईएलटी-20 से बाहर

**गाबा।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 7 विकेट लेने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ गाबा टेस्ट मैच के दौरान लगी चोट के कारण आईएलटी-20 से बाहर हो गए हैं। वह दुबई कैपिटल्स का हिस्सा थे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद इसका हिस्सा बनना था।

जोसेफ को गस ऐटकिंसन की जगह टीम में शामिल किया गया है। ऐटकिंसन इस समय भारत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेल रही इंग्लैंड की टीम का हिस्सा हैं। ऐटकिंसन के वापस आने की स्थिति में भी जोसेफ पेशावर की टीम के साथ बने रहेंगे।

# मुंबई ओपन चैंपियनशिप 5 फरवरी से

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में 31 देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे, जिसका आयोजन 6 साल के बाद मुंबई में 5 से 11 फरवरी तक होगा। आयोजन क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (ब्रेबॉर्न स्टेडियम) में होगा।

मुंबई ओपन के तीसरे सत्र में एकल वर्ग में शीर्ष 100 रैंकिंग में शामिल तीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि युगल वर्ग में छह खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए 1,25,000 डॉलर सीरीज का हिस्सा है। विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर काबिज अमेरिका की कायला डे टूर्नामेंट के एकल में भाग लेने वाली 32 खिलाड़ियों में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी हैं। वह 2016 में अमेरिकी ओपन में लड़कियों की एकल वर्ग की चैंपियन रही है। जापान की नाओ हिबिनो और फ्रेंच ओपन की पूर्व सेमीफाइनलिस्ट तमारा जिदानसेक एकल में शीर्ष 100 में शामिल दो अन्य खिलाड़ी है।

अंकिता रैना एकल मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय हैं। युगल में भारत की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी प्रार्थना थोम्बरे और नीदरलैंड की उनकी जोड़ीदार एरियन हार्टोनो को मुख्य ड्रॉ में सीधा प्रवेश मिला है। टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड धारकों के नामों की जल्द घोषणा होने की संभावना है।

# स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी पुष्पा २

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 इस साल 15 अगस्त को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा द राइज की जबरदस्त सफलता के बाद अब मेकर्स इसका सीक्वल पुष्पा 2 लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने पुष्पा 2 का नया पोस्टर लॉन्च किया है। पुष्पा 2 : द रूल का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा कि पुष्पा राज का शासन शुरू होने में बस 200 दिन बाकी। 15 अगस्त को दुनियाभर में होगी रिलीज। पुष्पा : द राइज को सुकुमार ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म के निर्देशक सुकुमार और अभिनेता अल्लू अर्जुन मई के अंत तक पुष्पा 2 की शूटिंग खत्म करने की कोशिश में हैं। कहा जा रहा है कि अभी फिल्म की लगभग 100 दिनों की शूटिंग बाकी है, जिसे खत्म करने के लिए टीम अगले 5 महीनों तक लगातार शूटिंग करेगी।

### वीडियो में बोल्ड अंदाज में दिखने पर सोशल मीडिया पर ट्रोल हुईं साक्षी चोपड़ा

रामानंद सागर की पड़पोती साक्षी चोपड़ा की बोल्ड फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती हैं। साक्षी चोपड़ा इन दिनों अपने एक गाने को लेकर चर्चा में हैं। साक्षी चोपड़ा के गाने के नाम घोस्ट्स है। जिसको लेकर एक्ट्रेस खूब ट्रोल हो रही हैं। इस वायरल हो रहे गाने में साक्षी चोपड़ा बेहद बोल्ड अंदाज में दिखाई दीं। साक्षी चोपड़ा को उनके बोल्ड अंदाज को लेकर खूब ट्रोल हो रही है। साक्षी चोपड़ा के इस वीडियो पर कमेंट करते हुए यूजर्स उनकी तुलना उर्फी जावेद से करते हुए नजर आए तो वहीं फैंस को साक्षी चोपड़ा का ये बोल्ड अंदाज काफी पसंद आ रहा है। फैंस साक्षी चोपड़ा के इस डांस वीडियो की जमकर तारिफ करते हुए नजर आए।

# मुसाफिरा से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं स्मृति सिन्हा

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री स्मृति सिन्हा की पहली मराठी और हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली फिल्म 2 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी। स्मृति सिन्हा इस फिल्म के जरिये मराठी और हिंदी में डेब्यू कर रही हैं। वह इस फिल्म को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म में उनके साथ पुष्कर जोग, पूजा सावंत, दिशा परदेशी और पुष्कराज चिरपुटकर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को लेकर स्मृति सिन्हा ने कहा कि यह उनके लिए शानदार मौका है अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का। पूरा भरोसा है कि उनका काम मराठी ऑडियंस को भी बेहद पसंद आएगा। साथ ही हिंदी भाषी लोगों को भी फिल्म मुसाफिरा अपनी ओर आकर्षित करेगी। स्मृति सिन्हा ने कहा कि उन्हें अपनी मेहनत और काबिलियत पर भरोसा है। उन्होंने हमेशा कोशिश की कि अपने हिस्से का किरदार पूरी संजीदगी से निभाएं, वह चाहे रियल लाइफ में हो या रील लाइफ में।

# तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक रिलीज

अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सैनन की आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर और कृति सैनन की जोड़ी जल्द ही रोमांटिक फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आएगी। इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना शाह ने किया है। टाइटल ट्रैक में शाहिद और कृति के बीच बेहतरीन रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है। यह गाना राघव और तनिष्क बागची द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। इस गाने को दोनों ने असीस कौर के साथ मिलकर गाया है। इसके बोल बागची ने लिखे हैं। शेख जानी बाशा ने गाने की कोरियोग्राफी की है। दिनेश विजान निर्मित तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

### सनी लियोनी ने नोएडा में खोला रेस्टोरेंट

बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी ने फूड इंडस्ट्री के बिजनेस में कदम रखा है। सनी ने अपना खुद का रेस्टोरेंट शुरू किया है, जिसकी ओपनिंग राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा शहर में की गई है। इसको लेकर सनी लियोनी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ वीडियो और फोटोज भी शेयर की हैं। सनी लियोनी के रेस्टोरेंट का नाम चिका लोका है। सनी लियोनी ने बताया कि वह एक्टिंग और फिल्मों के साथ बिजनेस में कदम बढ़ा रही हैं। रेस्टोरेंट के अलावा वे और भी कई सारे आइडियाज में काम करना चाहती हैं।

### ऋतिक रोशन को कॉमेडी फिल्म करने का बेसब्री से इंतजार

ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच ऋतिक रोशन ने कहा कि वह पिछले कुछ समय से कॉमेडी फिल्म करने का इंतजार कर रहे हैं। ऋतिक रोशन ने कहा कि वह एक कॉमेडी फिल्म करने के लिए उतावले हैं। लेकिन कोई स्क्रिप्ट नहीं मिली है। वह अमेरिकी कॉमेडी फिल्म हैंगओवर जैसी कहानी की तलाश में हैं। इस तरह से ऋतिक रोशन ने अक्षय कुमार और अजय देवगन को टक्कर देने के लिए सोच लिया है। दरअसल, अक्षय कुमार और अजय देवगन कॉमेडी फिल्में करते नजर आते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# हनुमानगढ़ी में अब शुद्ध देशी घी और बेसन के लड्डुओं का ही चढ़ावा

**निर्णय**

- सीएम से बातचीत के बाद सभी पट्टियों का फैसला, वनस्पति घी से बने प्रसाद का नहीं होगा निर्माण
- बसंत पंचमी से फैसले पर अमल के लिए बनी सहमति, व्यापारी भी रहे शामिल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री द्वारा सोमवार को हनुमानगढ़ी के दर्शन के दौरान लड्डू प्रसाद की शुद्धता की अपील पर हनुमानगढ़ी की सभी पट्टी और व्यापारी आगे आए हैं। विभिन्न पट्टियों की बैठक में मंगलवार को निर्णय लिया गया कि हनुमानगढ़ी पर अब शुद्ध देसी घी व बेसन से निर्मित लड्डू प्रसाद का ही चढ़ावा होगा। इसे बंसत पंचमी से लागू किए जाने पर सहमति भी बन गई है।

हनुमानगढ़ी मंदिर के मुख्य महंथ गद्दीनशीन प्रेम दास की अध्यक्षता में चारों पट्टी के महंतों के साथ मुख्य प्रसाद विक्रेताओं के साथ सामंजस्य बनाकर दो बैठक भी हो चुकी है। गद्दीनशीन प्रेम दास ने स्थानीय दुकानदारों को आदेशित करते हुए कहा है कि अब हनुमान गढ़ी मंदिर में शुद्ध देशी घी से बने प्रसाद ही मंदिर में चढ़ाए जाएंगे। जिसका क्रियान्वयन बसंत पंचमी से होगा। गद्दीनशीन के इस फैसले का स्वागत सभी पट्टी के महन्तों के साथ दुकानदारों ने भी किया है। बैठक में हरिद्वारी पट्टी के महंथ मुरली दास, बसन्तिया पट्टी के महंथ रामचरण दास, उज्जैनिया पट्टी से प्रतिनिधि के तौर पर नंदराम दास, सागरिया पट्टी से प्रतिनिधि के तौर पर ज्ञान दास के शिष्य संजय दास, गौरी शंकर दास के अलावा रामशंकर दास, राजेश पहलवान, बलराम दास, हेमंत दास व इंद्रदेव दास सरपंच रामकुमार दास व राजू दास मौजूद रहे। हलवाई समाज के अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, सुरेश गुप्ता, बैजनाथ गुप्ता, राकेश गुप्ता भी रहे।

हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

हनुमानगढ़ी पर सजी लड्डुओं की दुकान। अमृत विचार

### हनुमानगढ़ी पर व्यवस्था को लेकर ऐसे होता है निर्णय

सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी मंदिर पंचायती व्यवस्था के तहत चार पट्टियों में विभाजित है। जिसमें हरिद्वारी पट्टी, उज्जैनिया पट्टी, बसन्तिया पट्टी और सागरीया पट्टी है। चारों पट्टी के अलग अलग महंथ होते है। जब भी मंदिर से संबंधित किसी व्यवस्था का सुधार या बदलाव होता है तो उसके लिए सभी पट्टियों की बैठक की जाती है। जिसमें प्रमुख रूप से पट्टियों के महंतों या पट्टी के तरफ से प्रमुख व्यक्ति को बुलाकर विचार विमर्श किया जाता है। सभी के एक मत होने पर ही मंदिर से सम्बंधित व्यवस्था को लागू या हटाया जाता है।

### लड्डू प्रसाद की गुणवत्ता के लिए लिया गया है निर्णय

पुजारी हनुमानगढ़ी मंदिर के पुजारी हेमंत दास ने बताया कि लड्डू प्रसाद की गुणवत्ता सुधार के लिए अखिल भारतीय पंच रामानंदीय निर्वाणी अखाड़ा के फैसला लिया गया है। जिसके तहत अब हनुमानगढ़ी पर शुद्ध चने के बेसन और शुद्ध देशी घी के लड्डू चढ़वाने का फैसला किया गया है। बताया कि वनस्पति घी से बने प्रसाद की बिक्री एवं उत्पादन दुकानदार नहीं कर सकता है।

### व्यापारी समाज ने किया फैसले का स्वागत

हलवाई मोदनवाल समाज के अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने कहा है कि मंदिर प्रशासन के शुद्ध रूप से बने प्रसाद की बिक्री के निर्णय का हम सभी दुकानदार इसका स्वागत करते हैं। बसंत पंचमी से लागू भी कर देंगे। गद्दीनशीन के मुख्य शिष्य डॉ. महेश दास ने कहा कि यह निर्णय मंदिर से जुड़े तमाम छोटे दुकानदार जिनकी रोजी रोटी सदियों से इसी मंदिर से चलती है, उनको ध्यान में रख कर किया गया है।

## जांच में मिलीं खामियां, राशन की दुकान निलंबित

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम सरौली में ग्राम प्रधान व ग्रामीणों द्वारा तीन माह से राशन न बांटे जाने की शिकायत पर हुई जांच में गड़बड़ी पाई गई है। सरकारी सस्ते गल्ले सरौली की दुकान को अनियमितता के कारण पड़ोस के गांव तुलापुर की दुकान से अटैच कर दिया गया है। एसडीएम के निर्देश पर जांच करने पहुंचे आपूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर रिशेष कुमार सिन्हा को कई अनियमितता मिली। आपूर्ति निरीक्षक रिशेष कुमार सिन्हा ने बताया कि जांच में राशन की संदिग्ध बोरियां मिलीं हैं।जिसके बाद वितरण बंद कराकर दुकान को निलंबित कर दिया गया है।

**एक नजर**

### सुंदरकांड पाठ के बाद किया कंबल वितरण

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्र के मलेथू कनक गांव के हनुमान मंदिर में डॉ. राजेंद्र प्रसाद सेवा समिति के बैनरतले सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके बाद समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव ने जरुरतमंदों को कंबल वितरित किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवंतश तिवारी, सिक्कू बाबा, दिग्विजय सिंह, अमित सिंह, प्रमोद सिंह आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने किया शवदाह गृह का शिलान्यास

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत प्रस्तावित शवदाह गृह के भवन निर्माण का शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने मंगलवार को किया। सचिव शुभम शुक्ला, ग्राम प्रधान अनिल तिवारी, सोनू सिंह, अजय तिवारी, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव सहित भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में गई बाइक सवार की जान

**अयोध्या, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। उसरू गद्दोपुर स्थित कृष्ण बिहार कॉलोनी निवासी अशोक कुमार पाठक (47) मकान निर्माण के लिए अपनी बाइक से मजदूर शिव कुमार के साथ फरमा लेकर आ रहे थे। मधुबन गैस एजेंसी के पास एक कार से टक्कर लगने के बाद बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर में टकरा गई। जिला अस्पताल में डॉक्टश्र ने अशोक को मृत घोषित कर दिया।

# अब श्रद्धालुओं से रेट बढ़ाकर मांगना पड़ेगा महंगा : डीएम

## होटल व्यवसायियों व धर्मशाला प्रतिनिधियों को मिले सख्त निर्देश

- शबरी रसोई का बिल वायरल होते ही चेता प्रशासन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी की शबरी रसोई के चाय और टोस्ट का बिल सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला प्रशासन चेत गया है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को इस तरह की लूट का सामना न करना पड़े, इसके लिए जिलाधिकारी नितीश कुमार ने मंगलवार को व्यवसायियों को रेट बढ़ाकर न लेने के सख्त निर्देश दिए हैं।

कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को होटल व्यवसायियों व धर्मशाला प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए नितीश कुमार ने कहा कि अयोध्या एक धार्मिक व अध्यात्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विश्व पटल पर प्रसिद्धि पा रही है। यह सांस्कृतिक राजधानी के रूप में उभरा है। श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत अयोध्या धाम में श्रद्धालु व पर्यटकों की आवक में तीव्र वृद्धि हुई है। यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को ठहरने व आवागमन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना सभी का कर्तव्य है। यह सुनिश्चित किया जाए कि अयोध्या धाम आने वाले किसी भी पर्यटक व श्रद्धालु से किसी भी होटल व्यवसाय द्वारा रेट बढ़ाकर न लिए जाएं। उन्होंने सभी होटल व धर्मशाला के मालिकों को अपने-अपने होटल, धर्मशाला का रेट लिस्ट व प्राइस बैंड को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ठहरने के लिए दिए जाने वाले कमरे में सुविधाएं यथा-वाहन, भोजन आदि अर्थात पैकेज में सम्मिलित समस्त सुविधाओं का स्पष्ट उल्लेख करने का निर्देश दिया है। सभी होटल व्यवसाइयों ने आश्वस्त किया कि प्राप्त निर्देशों का बेहतर ढंग से अनुपालन किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार रहे।

होटल व्यवसायियों व धर्मशाला प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

### भंडारे की गुणवता में नहीं मिली कोई कमी

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में चल रहे भंडारे में प्रयुक्त खाद्य सामाग्री की गुणवत्ता की जांच खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। सहायक आयुक्त खाद्य विभाग मानिक चन्द सिंह ने बताया कि 25 जनवरी से अयोध्या धाम में विभिन्न प्रान्तों के 21 भंडारे चल रहे हैं। खाद्य की गुणवता आदि की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने तीन टीमों का गठन किया है। अभी तक किसी किसी भी भंडारे में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं पाई गई है।

# राममंदिर निर्माण के संकल्प में 33 वर्ष बाद रचाई शादी

**प्रतिज्ञा पूरी**

- रामलला का आशीर्वाद लेकर जयपुर के डॉक्टर ने कारसेवकपुरम में लिए सात फेरे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में विश्व हिंदू परिषद मुख्यालय कारसेवपुरम में मंगलवार को जयपुर निवासी डॉ. महेंद्र भारती (50) ने अजमेर की डॉ. शालिनी (46) के साथ 33 वर्ष बाद शादी रचाई।

महेंद्र कुमार 1990 में विवाह योग्य थे, लेकिन राम मंदिर की ओर बढ़ रहे कारसेवकों पर अंधाधुंध गोली चलाए जाने की घटना से वह इतने व्यथित हो गए कि उन्होंने विवाह का विचार ही त्याग दिया था। उन्होंने संकल्प लिया था कि जब तक हुतात्मा कारसेवकों का बलिदान भव्य राम मंदिर निर्माण से पूरा नहीं होता है तब तक वह गले में कोई माला नहीं पहनेंगे। न ही विवाह करेंगे। रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद डॉ. महेंद्र अपने संकल्प के अनुरूप अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सोमवार को रामलला के दर्शन किए और मंगलवार को कारसेवकपुरम में डॉ. शालिनी गौतम के साथ सात फेरे लिए। उन्होंने बताया कि 20 वर्ष तक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक रहे। इसके बाद से वह संघ के प्रकल्प सेवा भारती के लिए अपनी सेवा अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने इस अवसर को व्यक्तिगत जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया। शालिनी गौतम एक महाविद्यालय में पढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा अवसर और कुछ नहीं हो सकता।

कारसेवकपुरम में शादी रचाते डॉक्टर महेंद्र भारती व डॉ. शालिनी। अमृत विचार

# बिना सामान आने वालों को जल्दी दर्शन देंगे रामलला

- डेडिकेटेड लाइन की विकसित, शेष दर्शनार्थी पीएफसी से होकर गुजरेंगे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद से भक्तों का तांता लगा हुआ है। आए दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने को पहुंच रहे हैं। इस बीच भीड़ को कंट्रोल करने के लिए कई प्लान बनाए गए हैं। मजिस्ट्रेटों की तैनाती भी कर दी गई है। अब एक और बड़ा निर्णय लिया गया है। दर्शन करने वालों के लिए एक अलग से लेन तैयार की गई है।

मंडलायुक्त गौरव दयाल ने मंगलवार को बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम लला के दर्शन के लिए एक डेडिकेटेड फास्ट लेन विकसित कर ली गई है जो दर्शनार्थी बिना सामान के यथा- जूता चप्पल, घड़ी, मोबाइल या अन्य सामान के आ रहे हैं उन्हें सीधे फास्ट लेन में प्रवेश दिया जाएगा। इस व्यवस्था से उन्हें कम से कम समय में श्री रामलला के दर्शन प्राप्त हो सकेंगे। शेष अन्य जो दर्शनार्थी है जिनके पास समान होगा उनके लिए अलग लाइन होगी जो पीएफसी में सामान जमा कराते हुए होगी।

**सार-संक्षेप**

### अयोध्या एक धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगर : मिश्रा

यूनियर बैंक ऑफ इंडिया के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या एक धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगर है। जहां के राजा प्रभु राम ने अपने कार्यों से विश्व को त्याग, समर्पण एवं सेवा का आदर्श सिखाया है। प्रभु के उक्त आदर्श से अभिभूत हो बैंक मानव सेवी कार्यों के में बढ़ चढ़कर शामिल हो रहा है। इसी के तहत बैंक के उच्च प्रबंधन ने भक्तोपयोगी सेवाएं प्रदान करने हेतु अनुमति प्रदान की। इसे कार्यरूप प्रदान करने के लिए बैंक ने भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के अयोध्या आगमन की संभावना को देखते हुए श्रद्धालुओं हेतु भोज्य व्यवस्था की है। जिसका वितरण यूनियन बैंक हेल्थ/स्वाथ्य रथों से किया जा रहा है। भीषण ठंड में बैंक जरूरत मंद भक्तों को कंबल/दवाइयां भी वितरित कर रहा है। उक्त बातें बैंक के क्षेत्रिय कार्यालय में क्षेत्र प्रमुख हिमांशु मिश्रा ने कहीं। इस अवसर पर सभी कार्यपालकों एवं स्टाफ की उपास्थि में क्षेत्र प्रमुख ने उक्त वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### लखनऊ में लक्ष्मण जी की प्रतिमा लगाने की मांग

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर हर राम भक्त और देश भक्तों की आस्था से जुड़ा हुआ है। 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में राम भक्तों के आने का क्रम तेज गति से चल रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को अलग-अलग जनपदों में रहने वाले मुस्लिम राम भक्तों का एक जत्था अयोध्या पहुंचा और रामलला का दर्शन पूजन किया। श्रीराम से कामना की है कि लखनऊ को लखनपुरी के नाम से जाना जाए और वहां पर लक्ष्मण जी की प्रतिमा भी लगाई जाए। आरएसएस की अनुषांगिक संगठन राष्ट्रीय मुस्लिम संघ के बैनर तले 25 जनवरी को लखनऊ से 175 मुस्लिम राम भक्तों का जत्था पदयात्रा पर निकला था। मंगलवार को यह यात्रा सुबह अयोध्या पहुंची। इस यात्रा की अगुवाई कर रहे मोहम्मद रईस रजा ने कहा कि हम लोग श्रीराम को अपना पूर्वज मानते हैं। उन्होंने राम को अपना नबी बताया। कहा कि आज हम प्रभु श्रीराम से यह कामना किये है की लखनऊ का नाम लक्ष्मण पुरी किया जाए और लक्ष्मण जी की प्रतिमा लगाई जाए। श्री राम क्षत्रिय थे। हिंदू और मुस्लिम का गोत्र एक ही है। श्री राम हमारे पूर्वज हैं। हम उनके वंशज हैं। हमारा धर्म सनातन है। श्री राम को लेकर के हमारे मन में बहुत ही प्रेम है और उत्साह है। श्री राम के नाम में 'म' शब्द पहले से ही जुड़ा है मुसलमान तो पहले से ही समाहित है। श्री राम का पूरा जीवन न्याय और तपस्या पर आधारित है। हिंदू और मुस्लिम सभी के लिए राम हैं। राम पहले भी थे और आज भी हैं।

# थाईलैंड के राजदूत पहुंचे राजसदन में हुआ स्वागत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** थाईलैंड के राजदूत डॉ. परविंदर सिंह मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। उनका राजसदन में राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य राजा विमलेद्र मोहन प्रताप मिश्र ने स्वागत कर उनको हर प्रकार से सहयोग का आश्वासन दिया। रामलला के दर्शन करने के बाद विदेशी मेहमान ने अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह व अयोध्या विकास परिषद के एक्सईएन ओम प्रकाश पांडेय से भी मुलाकात की।

उन्होंने भूमि विकास गृह स्थान व बाजार योजना के अंतर्गत भूखंड आवंटित करने के संबंध में पांच एकड़ भूमि के लिए थाईलैंड सरकार की तरफ से मांग पत्र दिया। थाईलैंड के राजदूत डॉ. परविंदर सिंह ने कहा कि रामलला का दर्शन-पूजन कर जीवन धन्य हो गया। परम आनन्द की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भूमि आवंटित हो जाती है तो अयोध्या में विदेशी पर्यटकों के लिए कई सौगातें देने की तैयारी है। इसके साथ ही तीन फ्लाइट थाईलैंड से राम भक्तों के लिए यहां लैंड करेगा और राम भक्तों को रामलला और चारों धाम का दर्शन कराएगा। इस अवसर पर रॉयल थाई मठ बुद्ध गया के मुख्य मठाधीश फ्रादम बोधिवोंग के प्रतिनिधि भी रहे।

थाईलैंड के राजदूत का स्वागत करते श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य।

### आराध्या ने जीता गोल्ड नेशनल के लिए चयनित

**अयोध्या, अमृत विचार :** आराध्या मिश्रा ने स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर जिले का गौरव बढ़ाया है। आराध्या का चयन राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए हुआ है। उप्र ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में 27 से 29 जनवरी तक लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जिले की ताइक्वांडो खिलाड़ी आराध्या मिश्रा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर वर्ग के अंडर-32 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। साथ ही उप्र टीम में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुईं। डॉ. भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्पोर्ट्स स्टेडियम की खिलाड़ी संतोष मिश्र की पुत्री आराध्या बिलासपुर छत्तीसगढ़ में दो फरवरी से आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उप्र टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। ताइक्वांडो संघ के जिला सचिव भगवान दास अग्रवाल ने नकद धनराशि व बुके प्रदान किया। विशाल कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पूजा यादव, आर्यन कुमार, सिद्धार्थ निषाद आदि मौजूद रहे।

रामलला के दर्शन के लिए रवाना होता कारसेवकों का जत्था। अमृत विचार

# रामलला के दर्शन को निकला कारसेवकों का जत्था

**अयोध्या, अमृत विचार :** विवादित ढांचा ढहाने वाले कारसेवकों का एक जत्था राम लला के दर्शन करने के लिए मंगलवार को रवाना हुआ। 6 दिसंबर 1992 में कारसेवा करने वाले शिवसेना नेता संतोष दुबे के आवास जमुनिया बाग से सैकड़ों कारसेवक रामलला के दर्शन के लिए दोपहर निकले। शिवसेना नेता के आवास पर हवन पूजन के बाद राम भक्तों का जत्था निकला। वैदिक आचार्यों ने हवन पूजन कराने के बाद जत्थे को रवाना किया। प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद कारसेवकों का सपना पूरा हुआ है।

## विश्व की सबसे बढ़ी अर्थव्यवस्था निर्माण के लिए उद्योग जगत को मिले विशेष रियायत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** केंद्रीय बजट 2024 की उलटी गिनती शुरू हो गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। उद्योग जगत को अंतरिम बजट में विशेष रियायत की उम्मीद है। केंद्र सरकार देश को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की कवायद में जुटी है, जिसका रास्ता उद्योग और कारोबार से निकलता है। ऐसे में उद्योग से जुड़े लोग बजट से बड़ी उम्मीद पाले हैं। उद्योग जगत का मानना है कि वैश्विक स्तर पर तीसरे पायदान पर खड़ी देश की अर्थव्यवस्था को अव्वल बनाने के लिए वित्त मंत्री को विशेष रियायत की घोषणा और सरकार को उसके पारदर्शी अनुपालन की व्यवस्था करनी चाहिए।

# उद्यमी बोले- क्रियान्वयन और जीएसटी का हो सरलीकरण

### ब्याज दर में कटौती व योजनाओं में छूट की दर बढ़नी चाहिए

भारतीय उद्योग संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह का कहना है कि बजट में ब्याज दर में कटौती और योजनाओं में छूट की दर बढ़ाई जानी चाहिए। अभी भी तमाम बोगस क़ानून प्रभावी है, जिसको खत्म किया जाना चाहिए। उद्योगों की स्थापना के लिए एकल विडो व्यवस्था लागू हुई है, लेकिन पर्यावरणीय तथा अन्य प्राविधानों को उद्यमियों के हितों के अनुकूल और एक्साइज ड्यूटी व जीएसटी का सरलीकरण होना चाहिए।

### नीति व नियति के लिए घोषित हों उपाय

बैटरी उद्योग से जुड़े ओम प्रकाश जायसवाल का कहना है कि सरकार उद्योग के मामले में देश को चीन जैसा बनाना चाहती है तो इसके लिए चीन की तरह व्यवस्था को भी बदलना होगा। बजट में विशेष रियायत देनी होगी। वर्तमान में सरकार की ओर से उद्योगों की स्थापना और मशीनों की खरीद पर छूट दी जा रही लेकिन प्रक्रिया के सरलीकरण और नीति व नियति को धरातल तक प्रभावी करने के उपाय घोषित किये जाने चाहिए।

### टैक्स लें लेकिन अनावश्यक बोझ खत्म होना चाहिए

चारा निर्माणकर्ता अनुराग अग्रवाल का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था में कारोबारी आयकर और जीएसटी आदि में उलझा रहता है। उसे जीएसटी और आयकर में छूट नहीं चाहिए। टैक्स लें, लेकिन अनावश्यक बोझ खत्म होना चाहिए। बजट में जीएसटी के सरलीकरण की प्रक्रिया को और विस्तार दिया जाना चाहिए। खाद्य पदार्थों की कीमतों में एकरूपता के लिए देश में समान मंडी शुल्क की व्यवस्था की जानी चाहिए।

### बजट में ऑनलाइन कारोबार के लिए हो प्रावधान

उद्यमी संजय मित्तल ने कहा कि ऑनलाइन कारोबार का खामियाजा उत्पादक तथा उत्पादन में लगे श्रमिकों को भुगतना पड़ रहा है। बजट में इसके लिए विशेष प्रावधान किये जाने की जरूरत है। वस्तु एवं सेवाकर को इतना दुरूह बना दिया गया है कि करे कोई और भरे कोई की कहावत चरितार्थ हो रही है। अंतरिम बजट में वस्तु एवं सेवाकर के सरलीकरण का प्राविधान किया जाना चाहिए।

### योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया सरल होने के साथ हो पारदर्शी भी

कृषि यंत्र का कारोबार करने वाले ऋषि कालरा का कहना है कि कृषि क्षेत्र में सरकारी योजनाओं का लाभ समय से कृषकों तक न पहुँचने से समय से उपभोक्ता नहीं मिल पा रहे हैं। उद्योग पूरी तरह उपभोक्ता पर टिका होता है, ऐसे में उपभोक्ता का आर्थिक रूप से सक्षम होना आवश्यक है। उनका कहना है कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी किये जाने की घोषणा की जानी चाहिए।

### जीएसटी में भी रिटर्न्स में सुधार के लिए व्यवस्था हो

वस्तु एवं सेवाकर के अधिवक्ता संजय मिश्रा का कहना है कि उद्यमियों और कारोबारियों के हितों के संरक्षण के लिए आयकर की तरह जीएसटी में भी रिटर्न्स में सुधार के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए। निर्माण से जुडी सीमेंट पर जीएसटी की 28 से 18 फीसदी होनी चाहिए, डीजल व पेट्रोल को जीएसटी के दायरे में लाना चाहिए। अधिकांश लोगों के इस्तेमाल में आता है। इन पर जीएसटी की दरों पर पुनर्विचार करते हुए अधिकांश वस्तुएं पांच प्रतिशत की दर पर होनी चाहिए।

## कल से विकासखंडों में लगेंगे उपकरण शिविर

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि भारतीय कृषि अंग निर्माण निगम कानपुर द्वारा जनपद में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरणों का पुनः चिह्नांकन शिविर लगाया जायेगा। यह शिविर विकासखण्ड परिसर मवई में 1 फरवरी, विकासखण्ड परिसर मयाबाजार में 2, विकासखंड परिसर बीकापुर में 3, विकासखण्ड परिसर मिल्कीपुर में 5, विकासखण्ड परिसर हैरिंग्टनगंज में 6 फरवरी को 11 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया जायेगा। यह शिविर एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए लगने वाले आवश्यक अभिलेख लाने अनिवार्य होंगे।

## एक नजर

### आज व कल गोमती नगर से आएगी इंटरसिटी

**अयोध्या, अमृत विचार :** रेल यात्रियों की सुविधा को देखते हुए लखनऊ मंडल द्वारा गोमती नगर से अयोध्या धाम के लिए बुधवार और गुरुवार को गाड़ी संख्या 04278 गोमती नगर-अयोध्याधाम इंटरसिटी चलाई जाएगी। ये ट्रेन गोमती नगर स्टेशन से सुबह 5:10 पर रवाना होकर 7:45 बजे अयोध्याधाम जंक्शन पहुंचेगी। इसके बाद शाम को अयोध्याधाम जंक्शन से 5:40 पर रवाना होकर रात 8:55 बजे गोमती नगर पहुंचेगी। इस दौरान अयोध्या कैंट, रुदौली और बाराबंकी जंक्शन पर इसका ठहराव रहेगा।

### पंचायत भवन से इनवर्टर व बैट्री ले गए चोर

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** थाना महाराजगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत भदौली बुजुर्ग में पंचायत भवन के दरवाजे का ताला तोड़कर चोरों ने इनवर्टर, बैटरी सहित कीमती सामान पार कर दिया। ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना 26 जनवरी की रात की है। चौकी इंचार्ज पूरा बाजार अमित कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के मलेथू कनक निवासी 34 वर्षीय टिंकू पुत्र हीरालाल को जहरीले पदार्थ के सेवन की शिकायत पर मंगलवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मौत हो गई।

### युवक ने पीया जहर, भर्ती

**अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ के कृष्णानगर निवासी 47 वर्षीय कपिल शर्मा को मंगलवार शाम गंभीर हाल में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह नौकरी के लिए अवध विवि आया था लेकिन हताशा में 200 मिली कीटनाशक पी लिया।

# 2.5 लाख रुपये तक की बोली लगा लौटे कबाड़ी, नीलामी निरस्त

## जिला अस्पताल में निष्प्रयोज्य सामान की होनी थी नीलामी, 3.4 लाख रुपये रखी गई थी आरक्षित दर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मंगलवार को निष्प्रयोज्य सामान की नीलामी के लिए घंटों मशक्कत चली। इस दौरान अयोध्या के ही नहीं बल्कि लखनऊ, गोंडा और बलरामपुर से भी दर्जनों कबाड़ी सूट-बूट में नीलामी में शामिल होने पहुंचे थे। सामान की आरक्षित दर 3.4 लाख रुपये रखी गई थी, लेकिन कबाड़ियों ने 2.5 लाख रुपये से अधिक की बोली नहीं लगाई। इसके बाद नीलामी निरस्त कर दी गई।

जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में कंडम सामान देखने पहुंचे कबाड़ी।

कंडम सामानों की नीलामी के लिए गठित कमेटी के सदस्य व कबाड़ी। अमृत विचार

जिला अस्पताल में कुछ दिन पहले निष्प्रयोज्य सामान की नीलामी के लिए टेंडर प्रकाशित करवाए गए थे। दिसंबर में सामान की नीलामी होनी थी, लेकिन किसी कारण वश तिथि में परिवर्तन करते हुए 30 जनवरी को नीलामी तय की गई थी। इस दौरान कई जिलों से कबाड़ी सुबह 11 बजे ही जिला अस्पताल पहुंच गए। सुबह सबके काजजात जमा करा लिए गए। इसके बाद दो बजे रेडक्रॉस भवन में कमेटी बैठी, जिसमें अध्यक्ष डॉ.बृज कुमार, सदस्य के रूप में अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा, डॉ. अनिल वर्मा, मो. अकरम, राजेंद्र सिंह मौजूद थे। कबाड़ियों ने सामान देखा, इसके बाद कमेटी ने नीलामी की शुरू कराई। 51 हजार रुपये से बोली शुरू हुई। एक-एक करके कबाड़ियों ने बोली लगानी शुरू की। अंतिम बोली ढाई लाख रुपये की रही। आरक्षित दर तक किसी ने बोली नहीं लगाई।

### सामान नहीं दिखाना चाह रहा था प्रशासन

रेडक्रॉस भवन में नीलामी के लिए पहुंचे कबाड़ियों ने निष्प्रयोज्य सामान दिखाने की बात कही। इस दौरान जिला अस्पताल प्रशासन ने फाइल खोलकर सामान का ब्योरा देना शुरू कर दिया। इस पर कबाड़ी भड़क गए और उन्होंने पहले सामान दिखाने की बात कही। अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने कबाड़ियों को सामान दिखाया। कबाड़ियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमें सिर्फ जनरल ओटी का सामान दिखाया गया जबकि ऑर्थो व फिजियोथैरेपी का सिर्फ ब्योरा ही दिया गया।

### डीडी वापस कर दी गई अब फिर से निकालेंगे विज्ञापन

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.बृज कुमार ने बताया कि हमारी तरफ से 18 प्रतिशत जीएसटी को हटाकर कंडम सामान की आरक्षित दर 3.4 लाख रुपये रखी गई थी। कोई भी इससे एक हजार रुपये आगे नहीं बोल पाया। इसलिए, अभी के लिए नीलामी निरस्त कर दी है। उन्होंने कहा कि मैं बुधवार को प्रशासनिक कार्यों को छोड़कर मरीजों की सेवा में जुट जाऊंगा। उसके बाद जो भी सीएमएस आएंगे वह फिर से विज्ञापन निकलवाकर नीलामी करवाएंगे।

# बीकापुर विधान सभा में होंगे 6270 नए वोटर्स

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर चल रहे मतदाता पुनरीक्षण में 23 जनवरी को हुए अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन के बाद बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में 6270 नए मतदाता सामने आए है। जिन्होंने सोहावल, मसौधा, बीकापुर से पहली बार अपना पंजीकरण कराया है।

इनके मतदान के लिए गत विधान सभा चुनाव में बनाए गए 427 पोलिंग स्टेशनों में 17 पोलिंग स्टेशन इस बार हटा दिए गए है। मतदाता पुनरीक्षण की जारी सूची में बीकापुर विधान सभा के लिए 3,89,800 मतदाता सामने आए हैं। इनमें महिला मतदाता 1,86,954 पुरुष 2,02,836 व थर्ड जेंडर 10 हैं। पिछले विधान सभा चुनाव में कुल संख्या 3,83,530 थी। अभियान के दौरान पाया गया नए पंजीकरण कराने वाले लोगों की संख्या 11,714 रही तो अवैध रूप से पंजीकृत रहे 6,660 का नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी उपजिला अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आयोग के निर्देशों के क्रम में पुनरीक्षण कार्यक्रम अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है।

**6660 मतदाता हटे**

तहसील सोहावल में वीवीपैट मशीन का परीक्षण करते बीएलओ।

### स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आगाज

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर कलेक्ट्रेट सभागार में दो मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कुष्ठ रोग उन्मूलन दिवस के अवसर पर जनपद को कुष्ठ रोग मुक्त जनपद बनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा स्वास्थ विभाग सहित जनपद के अन्य विभागों के अधिकारियों, एनजीओ प्रतिनिधियों, उपस्थित आम जन को सतत सार्थक प्रयास किए जाने पर बल देते हुए स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार सघन कुष्ठ रोगी खोज एवं निगरानी अभियान 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान मनाया जा रहा है। प्रचार-प्रसार कर कुष्ठ रोग के प्रति समाज में जागरुकता लाकर अभियान को सफल बनाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय जैन ने कुष्ठ रोगियों के प्रति बापू जी के योगदान के बारे मे बताया।

# 4 बार कैबिनेट तो दो बार राज्यमंत्री रह चुके हैं अवधेश प्रसाद

**लोकसभा चुनाव**

अयोध्या कार्यालय,

**अमृत विचार :** जिले के कद्दावर नेताओं में शामिल, नवीं बार मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए अवधेश प्रसाद ने मंगलवार को फैजाबाद लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद कहा कि पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने मुझ पर विश्वास किया, उनको बधाई और आभार।

1977 में पहली बार विधायक चुने गए अवधेश प्रसाद चार बार प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और दो बार राज्य मंत्री रहे। उन्होंने ने कहा कि हमारे नेता रहे मुलायम सिंह यादव, चौधरी चरण सिंह अब इस दुनिया में नहीं हैं उन्हें प्रणाम करता हूं। पार्टी के लिए सदा से समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और लोकसभा क्षेत्र की जनता का विश्वास 2024 के चुनाव में मुझे लोकसभा पहुंचायेगा। महंगाई और बेरोजगारी के चलते गरीबों और खासकर सभी समाज के युवा वर्ग ने सत्ता परिवर्तन की ठानी है। सांसद चुने जाने के बाद विकास पर तो फोकस होगा ही देश और दुनिया में फैजाबाद (अयोध्या) का नाम रोशन करुंगा।

### एमए-एलएलबी हैं

समाजवादी पार्टी से फैजाबाद लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद एमए और एलएलबी हैं। अपनी चिरपरिचित शैली के लिए जाने जाते हैं और लगातार विपक्ष की भूमिका में उनकी सक्रियता रहती है। लोकसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद सहादतगंज स्थित उनके आवास पर पार्टी पदाधिकारियों और क्षेत्र की जनता का तांता लगा हुआ है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि पार्टी मजबूती से लोकसभा चुनाव लड़ेगी।

## सांसद ने किया इंटरलाकिंग सड़क का शिलान्यास

रबर मोल्ड इंटरलाकिंग सड़क का शिलान्यास करते सांसद व मौजूद अन्य लोग।

**अयोध्या, अमृत विचार :** हाजीपुर सिंहपुर में मंगलवार को सांसद लल्लू सिंह ने गुरूप्रसाद के घर से इण्डो अमेरिकन विद्यालय तक 10.90 लाख रूपये की लागत से बनी 182 मीटर रबर मोल्ड इंटरलाकिंग सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंगों को समाहित करते हुए सर्वांगीण विकास की अवधारणा को धरातल पर उतार रही है। अंतिम व्यक्ति के उत्थान की परिकल्पना को हर पात्र को योजनाओं का लाभ देकर सार्थक किया है। समृद्धि का द्वार खोलने के लिए गांवों को मुख्य मार्गो से जोड़ा जा रहा है। सरकारयहां आने वाले श्रद्धालुओं को वैश्विक मानकों के अनुसार सुविधाएं प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमलेश सिंह, लवलेश दूबे, मनोज वर्मा सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## साइबर सहायता केंद्र ने वापस कराए 60 हजार

**अयोध्या, अमृत विचार :** कैंट थाने के साइबर सहायता केंद्र ने ठगी के शिकार एक पीड़ित के बैंक खाते में 60 हजार से ज्यादा की रकम वापस कराई है। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि एक जनवरी को एक शख्स ने खुद को सैन्यकर्मी बता प्लास्टर ऑफ पेरिस कराने का झांसा दिया था और ऑनलाइन भुगतान का वास्ता देकर पीड़ित के बैंक खाते से 60381.80 रूपये की धनराशि निकाल ली थी। पीड़ित ने यह पैसा अपने लड़के के इलाज के लिए एकत्र किया था। शिकायत पर मामला जाँच व कार्रवाई के लिए साइबर सहायता केंद्र को सौंपा गया था। केंद्र की ओर से ठगी गई रकम मंगलवार को वापस कराई गई है।

# अनीता हत्याकांड : सभी आरोपी दोष मुक्त

अयोध्या कार्यालय

**अदालत से**

▸▸ **जमीन के विवाद में की गई थी हत्या, जिला जज की अदालत ने सुनाया फैसला**

**अमृत विचार :** शहर के अनीता सोनकर हत्याकांड के सभी आरोपियों को कोर्ट ने दोष मुक्त कर दिया। यह हत्या जमीन के विवाद को लेकर जलाकर की गई थी। फैसला जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव की अदालत से हुआ से मंगलवार को हुआ।

फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय ने बताया कि घटना 1 अप्रैल 2019 की है। रिकाबगंज के समीप बाला हाता मोहल्ले में विवाहिता अनीता सोनकर को केरोसिन डालकर जला दिया गया था। जिससे उसकी इलाज के दौरान बलरामपुर के सिविल अस्पताल में मौत हो गई थी। इसकी रिपोर्ट घटना के 10 दिन बाद विवाहिता के पति रिंकू सोनकर की तहरीर पर एसएसपी के आदेश पर मृतका की चचिया सास अंजू, सास उर्मिला, देवर रिंकू व शनि और चचिया ससुर अजय के खिलाफ हत्या की धारा में दिखाई गई थी। रिपोर्ट में नामजत आरोपियों के अलावा गवाही में मृतक के पति रिंकू ने बताया की हत्या नामजद आरोपियों ने नहीं बल्कि सुदामा देवी ने की है। घटना के समय वह मौके पर नहीं था बल्कि होटल से खाना लाने गया था। अन्य गवाहों के बयान में भी काफी विरोधाभास रहा। अनीता ने कलम बंद बयान में नामजद किए गए आरोपियों को ही केरोसिन डालकर जलाए जाने की बात बताई। अभियोजन पक्ष की कहानी संदिग्ध होने के चलते कोर्ट ने सभी अभियुक्त को दोष मुक्त कर दिया।

## सार-संक्षेप

### उखड़ गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एक महीने पहले बनी सड़क उखड़ गई। रुदौली क्षेत्र अंतर्गत जैसुखपुर गांव से दुल्लापुर तक मार्ग लगभग तीन किलोमीटर सड़क का प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माण कराया गया। जैसुखपुर के गुड्डू, जलील, तौहीद अहमद, अब्दुल वहाब का कहना है कि ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरूप डामर नहीं डाला गया है। जिसके कारण अब जगह-जगह सड़क उखड़ गई है। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण के अवर अभियंता लालमणी पटेल ने बताया कि ठंड की वजह से गिट्टी उखड़ गई होगी। जांच करवाकर मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

माह भर पहले बनी सड़क जगह - जगह से उखड़ी।

### मेधावियों को किया गया सम्मानित

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामपुर सर्धा कोड़री कर्मा स्थित निर्भय इंटर कॉलेज में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कॉलेज के संस्थापक बाबू देवता सिंह की 40 वी पुण्यतिथि के साथ वार्षिकउत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में संस्थापक बाबू देवता सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया।वार्षिक उत्सव के अवसर पर बच्चों ने संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। हाई स्कूल और इंटर में अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को स्कॉलरशिप देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य अमित सिंह ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश आर्य व माध्यमिक शिक्षा विभाग के लेखा वृत्त अधिकारी वीरेश वर्मा को बुके देकर सम्मानित किया।

विधायक का स्वागत करते कॉलेज के प्रधानाचार्य।

### बच्चों व शिक्षकों ने नशा मुक्ति का लिया संकल्प

**शुजागंज, अयोध्या, अमृत विचार :** हिंदू इंटर कॉलेज रुदौली के छात्रों व शिक्षकों ने मंगलवार को नशा मुक्त समाज आन्दोलन के तहत नशा मुक्ति व नशा न करने का संकल्प लिया। केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार कौशल किशोर के नशामुक्त समाज आंदोलन अभियान के तहत नशामुक्त सेनानी अवध मंडल के मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार रावत व बृजेश कुमार की अगुआई में नशामुक्त टीम के साथ हिंदू इंटर कॉलेज में बच्चों व अध्यापकों को नशे के खिलाफ संकल्प दिलाया गया। साथ ही छात्रों व शिक्षकों से नशामुक्त विद्यालय बनाने का अनुरोध किया गया। इस मौके पर नशामुक्त सेनानी टीम के साथ मो. आलम, जय शंकर मौर्या, शिवम रावत, डॉ. दिनेश सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पीडब्ल्यूडी ने बदला मेयर के मोहल्ले का नाम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या को वैश्विक नगरी के रूप स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सरयू के घाट से लेकर मठ मन्दिर और नगर के हर क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है। इनसे जुड़ने वाले मार्गों को भी आस्था और धर्म से जुड़े नामों से पहचान मिल रही है।

वहीं रामनगरी में स्थित मीरापुर डेरा बीबी सबसे पुरानी पहचान रही है, लेकिन पीडब्ल्यूडी के बोर्ड में क्षेत्र का नाम ही बदल दिया गया। रामपथ पर लगाए गए क्षेत्र के बोर्ड का नाम मीरपुर दर्शाया गया है। इस मामले को लेकर स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि रिशु पांडे ने पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई और न ही इस पर लिखा नाम बदला गया। मीरापुर डेरा बीवी अयोध्या का सबसे प्राचीन क्षेत्र माना जाता है और वर्तमान मेयर गिरीश पति त्रिपाठी भी इसी क्षेत्र के रहने वाले हैं। पार्षद प्रतिनिधि रिशु पांडे ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 10 हजार से अधिक मतदाता निवास करते हैं। इस संबंध में जब पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई तो सभी अधिकारी इस क्षेत्र का कार्य नहीं जुड़ा होने की बात कहते हुए अपने कर्तव्यों के मुखरते हुए नजर आए।

पीडब्ल्यूडी की तरफ से लगाया गया मीरपुर का बोर्ड। अमृत विचार

## बसंत पंचमी मेले को लेकर बैठक कल

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में बसंत पंचमी मेला की तैयारी के सम्बंध में 1 फरवरी को अपराह्न 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गयी है। प्रान्तीयकृत बसंत पंचमी मेला 2024 दिनांक 12 से 16 फरवरी के मध्य सम्पन्न होगा। बैठक में बसंती पंचमी मेला की व्यवस्था से सम्बंधित तैयारियों एवं अद्यावधिक सूचनाओं एवं विभागीय कार्य योजना की प्रति के साथ समय से अधिकारीगण उपस्थित हो। अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल ने ये जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में सभी अधिकारियों से मेले को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## रामधुन के साथ कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

रामधुन के साथ पदयात्रा निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रेस क्लब से रामधुन गाते हुए पदयात्रा निकाली। गांधी पार्क पहुंचने उनकी मूर्ति पर मल्यार्पण किया। सिविल लाइंस स्थित गांधी पार्क में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा आज ही के दिन नफ़रत और हिंसा की विचारधारा ने देश से बापू को छीना था। आज वही सोच उनके सिद्धांतों और आदर्शों को भी हमसे छीन लेना चाहती है। प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद ने कहा कि गांधी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि विचारधारा का नाम है। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव व संचालन महानगर अध्यक्ष वेद सिंह ने किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव मनोज कुमार गौतम, प्रदेश सचिव सच्चिदानंद पांडे, जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम, महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

**बजट 2024** अंतरिम बजट से कई उम्मीद लगाए बैठे हैं जिले के प्रमुख चिकित्सक

# इस बार मरीजों के लिए राहत की उम्मीद संजोए बैठे हैं डॉक्टर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। मौजूदा केंद्र सरकार का यह अंतिम बजट होगा। इससे जिले के डॉक्टर भी आस लगाए बैठे हैं। मरीजों के लिए राहत की उम्मीद संजोए जिले के डॉक्टरों का कहना है कि दवाओं के दाम कम होने चाहिए। चिकित्सकों की उपलब्धता अधिक होनी चाहिए। जिससे मरीजों को बेहतर ढंग से उपचार मिल सके।

### न लिए जाएं व्यवसायिक कर : डॉ. मंजूषा

सर्जिकल सामान व दवाओं के दाम कम होने चाहिए। निजी अस्पतालों के बिजली, पानी व भवन के टैक्स को व्यवसायिक श्रेणी से हटाना चाहिए। लोन की दरें भी कम करना आवश्यक है जिससे अस्पताल मरीजों को सस्ता और अच्छा इलाज दे सकें। **-डॉ. मंजूषा पांडेय,** अध्यक्ष, आईएमए अयोध्या।

### आयुष का बजट बढ़ाने की जरूरत

सरकार को आयुर्वेद की तरफ अधिक से अधिक ध्यान देना चाहिए। आयुष का बजट बढ़ाने के साथ ही चिकित्सकों की भी उपलब्धता भी होनी चाहिए। अस्पतालों में दवाओं की अधिक उपलब्धता होगी तो मरीज खुद-ब-खुद बढ़ेंगे। पर्यापत डॉक्टर होंगे तो उपचार सुविधा भी बेहतर मिलेगी। **-डॉ. हरीश सिंह,** आयुर्वेद चिकित्सक

### दवाओं के दाम कम होने चाहिए

सरकार को बजट में चिकित्सा विभाग पर विशेष ध्शान देने के साथ-साथ विभाग को रियायत देनी चाहिए। साथ ही दवाओं का दाम कम किये जाएं, जिससे आम आदमी को राहत मिल सके। इसके साथ ही सर्जरी के सामान के दामों को भी कम करना चाहिए। **-डॉ. आरपीएन सिंह,** वरिष्ठ परामर्शदाता

### सुदुर इलाकों में तैनाती जरूरी

बजट में नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना और जो हैं उनमें महिला चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाना चाहिए। अमूमन देखा जाता है कि सुदुर इलाकों में गायनेकोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं हो पाती है। सरकार को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। **-डॉ. शालिनी सिंह चौहान,** गायनेकोलॉजिस्ट

### डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने पर दें ध्यान

बजट में इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए कि देश में अधिक से अधिक योग्य चिकित्सक तैयार हों। जो सिर्फ शहरों में ही नहीं गांव-गांव में बेहतर चिकित्सक तैनात हों। मरीजों के इलाज में किसी तरह की परेशानी न आए। उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलें। **-डॉ. वीरेंद्र वर्मा,** परामर्शदाता

### एक और बड़े अस्पताल की आवश्यकता

गांवों में भी इलाज की व्यवस्था अधिक से अधिक होनी चाहिए। नई-नई टेक्नोलॉजी की मशीनें होनी चाहिए। अयोध्या में आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एक बड़ा अस्पताल और बनना चाहिए। **- डॉ. विनोद शुक्ला,** डेंटल सर्जन

# जैव उर्वरक तैयार कर किसानों तक पहुंचाएगा विवि : कुलपति

**कुमारगंज, अयोध्या, अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल में सतत कृषि उत्पादकता हेतु जैव उर्वरकों का उपयोग विषय पर मंगलवार को प्रशिक्षण शिविर हुआ। शुभारंभ करते हुए कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही कृषि विश्वविद्यालय विभिन्न प्रकार के जैव उर्वरकों को विकसित कर किसानों तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि बॉयो फर्टिलाइजर के अलग-अलग फॉर्मूलेशंस पर रिसर्च कर जैव उर्वरकों को तैयार करने की जरूरत है। राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्म जीव अनुसंधान ब्यूरो मऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. हिलोल चकदर ने कहा कि जैव उर्वरक एक प्राकृतिक उत्पाद है और इसका उपयोग विभिन्न फसलों में एवं स्फूर की आंशिक पूर्ति के लिए किया जा सकता है। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र के 25 वैज्ञानिक व 75 शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। संयोजन डॉ आलोक पांडेय ने किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद कुलपति व अन्य वैज्ञानिक।

## एक नजर

### 550 ग्राम गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**अंबेडकनगर।** थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम ने 550 ग्राम गांजे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम ने मुखविर की सूचना पर ग्राम खैरपुर से 550 ग्राम अवैध गांजे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम संजय त्यागी पुत्र स्व. रामनेवल त्यागी निवासी ग्राम फतेहपुर कनौडा थाना अलीगंज बताया है। अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेस कर जेल भेज दिया गया है।

### हैंडलूम एक्सपो कल से

**अंबेडकरनगर।** जिला स्तरीय हैंडलूम एक्सपो 1 से 7 फरवरी तक गोबिन्द साहब में आयोजित किया जाएगा। जिसका उद्घाटन 1 फरवरी को एस सिद्दिकी उपायुक्त उद्योग द्वारा किया जाना सुनश्चित किया गया है। जिसमें प्रदेश के भिन्न-भिन्न जनपदों से हथकरघा बुनकरों द्वारा अपने विशिष्ट उत्पाद लाया जाएगा और बुनकरों द्वारा इसकी बिकी भी की जाएगी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा लोकल फार बोकल को बढ़ावा देने के क्रम में हथकरघा बुनकरों के उत्पादों का प्रचार-प्रसार करें जिससे आम जनमानस अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर उत्पाद खरीद सकें। जिससे बुनकरों को लाभ होगा और लघु उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### ठंड से होमगार्ड की मौत

**जलालपुर।** कोतवाली मे होमगार्ड पद पर तैनात सिपाह गांव निवासी रामप्रीत की मंगलवार सुबह अचानक तबियत खराब हो गई। परिजनों ने बताया की रात में ड्यूटी कर घर वापस आये सुबह जब दोबारा ड्यूटी जाने के लिए तैयार थे तभी अचानक तबियत खराब हो गई। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ केंद्र नगपुर ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अन्य साथी होमगार्ड भी पहुंचे गए। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डॉक्टरों ने बताया कि होमगार्ड की मौत ठंड लगने से हुई है। मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक होमगार्ड के तीन पुत्र हैं।

### विवाद सुलझाकर साथ रहने के लिए राजी हुए दो जोड़े

**अंबेडकरनगर।** प्रपुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत कराए जा रहे सुलह समझौते के क्रम में सोमवार को महिला सहायता प्रकोष्ठ 1090 महिला उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी और महिला आरक्षी पूनम शर्मा व पूजा गौतम के प्रयास से पति-पत्नी के दो वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए राजी किया गया।

### रोजगार मेले का आयोजन 2 फरवरी को

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर आगामी दो फरवरी को संविदा पर बस चालकों की भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सीवी राय ने दी। उन्होंने बताया कि कम से कम दो वर्ष तक का भारी वाहन चलाने का अनुभव होना चाहिए। चालकों को अपने लाइसेंस व शैक्षिक प्रमाण पत्रके साथ निर्धारित तिथ पर पहुंचना है। यहां पर साक्षात्मकार के साथ ही बस को चलाकर दिखाना होगा। बस का सफल संचालन कर पाने के बाद ही उनके आवेदन पर विचार किया जाएगा। सुबह 11 बजे से साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# 3 लाख किसानों को मिलेगी सम्मान निधि

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त का भुगतान जल्द होने की उम्मीद है। कृषि विभाग ने अब तक 3 लाख 20 हजार 771 किसानों का सत्यापित डाटा शासन को भेज दिया है। जिसमें से करीब 10 हजार किसान ऐसे हैं जिन्हें पहली बार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिलेगा।

बता दें कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए मददगार साबित हो रही है। वर्ष में तीन किस्तों में केंद्र सरकार किसानों को 6 हजार रुपए की राशि उपलब्ध कराती है। इस वित्तीय वर्ष की तीसरी और योजना के तहत 16वीं किस्त का भुगतान फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में होने की उम्मीद है। कृषि विभाग द्वारा सत्यापित आंकड़ा 3 लाख 20 हजार 771 किसानों का डाटा अब तक भेजा है। इस बार करीब 10 हजार किसान ऐसे हैं जो पहली बार योजना का लाभ उठाएंगे। कृषि विभाग के पास प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए 4 लाख 4 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से 83 हजार 229 आवेदन हैं जो अलग-अलग कारणों से लंबित हैं। लैंड सीडिंग के 46 हजार 15, ईकेवाईसी के 44 हजार दो सौ और एनपीसीआई न होने के चलते 14 हजार 666 आवेदन लंबित पड़े हैं। उपकृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए टीम योजना बनाकर काम कर रही है।

### वैज्ञानिकों ने 50 किसानों को किया प्रशिक्षित

जनपद में संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना वर्ष 2023-24 के तहत 50 कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 से 30 जनवरी को सम्पन्न हुआ। जिला उद्यान अधिकारी सुनील तिवारी ने नवीन उद्यान रोपण, शाकभाजी की खेती, मसाला की खेती, संरक्षित खेती पाली हाउस, शेडनेट हाउस पर शासन द्वारा देय अनुदान पर जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर पर ड्राप मोर काप व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पर भी विस्तृत प्रकाश डाला। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार ने नवीन उद्यान रोपण में रोपण सामग्री व खेत की तैयारी पर किसानों को जानकारी दिया।

# सपा से लालजी वर्मा बने लोकसभा प्रत्याशी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

- कटेहरी विधानसभा क्षेत्र से छठवीं बार विधायक हैं लालजी वर्मा
- विधायक की कुर्मी जाति में मानी जाती है अच्छी पकड़

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने कटेहरी विधान सभा क्षेत्र से विधायक और पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को अंबेडकरनगर लोकसभा से अपना उमीदवार बनाया है। लालजी वर्मा का नाम पिछले काफी दिनों से चर्चा में चल रहा था। सपा ने मंगलवार को इसकी घोषणा कर दिया है। कद्दावर नेता लालजी वर्मा पर समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार घोषित किया है।

लोकदल से राजनीति की शुरुआत करने वाले लालजी वर्मा की गिनती कद्दावर नेताओं में होती है। वह पहली बार 1986 में विधान परिषद के सदस्य बने। जिसके बाद 1992 में बसपा के टिकट पर वह टांडा विधानसभा से चुनाव लड़े और जीत हासिल कर विधायक बने। वह लगातार चार बार टांडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। लालजी वर्मा दो बार से कटेहरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वहीं जब भी मायावती प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं वह उनकी सरकार में मंत्री रहे। 2007 में जब मायावती मुख्यमंत्री बनी तो लालजी वर्मा को संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री जैसा महत्वपूर्ण विभाग मिला। 2022 में विधानसभा चुनाव से पहले बसपा प्रमुख मायावती ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते लालजी वर्मा को बसपा से निष्कासित कर दिया। जिसके बाद लालजी वर्मा ने सपा का दामन थाम लिया। सपा ने उन्हें कटेहरी विधानसभा सीट से टिकट दिया और वह छठवीं बार चुनाव जीतकर विधायक बन गए।

लालजी वर्मा, विधायक कटेहरी, समाजवादी पार्टी। अमृत विचार

कुर्मी जाति में है अच्छी पकड़ : कटेहरी विधायक लालजी वर्मा कुर्मी विरादरी के बड़े नेता माने जाते हैं। उनकी पकड़ दलित और पिछड़ी जातियों में अच्छी है। जनपद में कुर्मी मतदाताओं की संख्या ठीक है। जिसको देखकर समाजवादी पार्टी ने उन्हें अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है।

# चुनाव के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें अफसर

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारी, अपर नोडल अधिकारियों को दिया निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**तैयारी**

- समस्त कार्मिकों को दायित्व जिम्मेदारी से निभाने की हिदायत

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में समस्त नोडल अधिकारी, अपर नोडल अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारी के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी ने विस्तार पूर्वक आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारी के बारे में बिंदुवार जानकारी दिया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारी, अपर नोडल अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में लगाए गए समस्त कार्मिक दिए गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। जिससे आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिलाए, जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने में आसानी हो।

### बैठक में यह भी रहे मौजूद

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में अन्य। अमृत विचार

### गुणवत्तापूर्ण करें आईजीआरएस की शिकायतों का निस्तारण : एडीएम

**अंबेडकरनगर।** डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी ने विभागवार ऑनलाइन, मुख्यमंत्री संदर्भ समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किया। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी विभाग में डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। आईजीआरएस का निस्तारण ससमय गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए और भविष्य में ध्यान रखा जाए कि डिफाल्टर संदर्भ न होने पाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि आख्या अपलोड करने से पहले आप सभी स्वयं से देखें बिना देखें कोई आख्या अपलोड न किया जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ता से संबंधित अधिकारी निस्तारण से पूर्व वार्ता करें। बैठक के दौरान समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# बस और ट्रक की टक्कर में सात छात्राएं घायल

एंबुलेंस में बैठीं घायल छात्राएं।

टांडा, अंबेडकरनगर

- पुलिस ने घायल छात्राओं को मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में कराया भर्ती, एक की हालत गंभीर

**अमृत विचार।** बता दें कि बस्ती के रजत डिग्री कॉलेज पचपेडिया की एमएससी की छात्राएं बस बस से बिहारी लाल डिग्री कॉलेज कटका में परीक्षा देने जा रही थी। बस जैसे ही टांडा-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर टांडा थाना क्षेत्र के धौरहरा के पास पहुंची ही थी तभी वह धने कोहरे के कारण सामने से आ रही ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे बस में सवार सात छात्राएं घायल हो गई जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में भर्ती कराया है। सडक़ हादसे की सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ट्रक को रास्ते से हटा कर आवागमन को बहाल करा दिया गया है। घायल छात्राओं का मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

# पुलिस की मौजूदगी में किया गया छात्रा का अंतिम संस्कार

**फॉलोअप**

**आलापुर, अमृत विचार।** छात्रा का शव तालाब में मिलने के मामले में पुलिस की मौजूदगी में मृतका के शव का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने मृतका के शरीर पर बंधा लगभग 60 किलोग्राम का पत्थर तालाब से बरामद कर कब्जे में ले लिया है। मृतका के पिता अनिल कुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर विवेचना स्थानांतरित करने की मांग किया है।

बता दें कि गत रविवार की देर शाम को अतरौलिया थाना क्षेत्र में स्थित तालाब में किशोरी का शव मिला था। जिसकी पहचान निधि (16 वर्ष) पुत्री अनिल कुमार निवासिनी समडीह थाना राजेसुल्तानपुर के रुप में हुई थी। सोमवार को तीन सदस्यीय चिकित्सकों की टीम ने वीडियोग्राफी की निगरानी के दौरान पोस्टमार्टम किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शव लगभग एक सप्ताह पुराना बताया जा रहा है। मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चांड़ीपुर स्थित श्मशान घाट पर मृतका के शव का अंतिम संस्कार किया गया। जिसके उपरांत डिप्टी एसपी आरबी सिंह के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने तालाब से मृतका के शरीर में बंधा पत्थर बरामद कर कब्जे में ले लिया। मंगलवार को मृतका के पिता अनिल कुमार नें पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ से मुलाकात कर आलापुर सर्किल की पुलिस पर अविश्वास जताते हुए विवेचना को किसी अन्य सीओ से कराए जाने की मांग किया। ऑनर किलिंग की थ्योरी पर भी काम कर रही है पुलिस : छात्रा निधि की मौत के मामले में पुलिस ने जहां अनिल कुमार की तहरीर पर 6 नामजद और चार अज्ञात के विरुद्ध हत्या समेत कई अन्य गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। वहीं दूसरी तरफ विवेचना की दिशा में पुलिस ऑनर किलिंग की थ्योरी पर भी काम कर रही है।

तालाब से पत्थर की बरामदगी के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

छात्रा की हत्या में प्रयोग किया गया पत्थर बरामद। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू करेगा महापंचायत

**टांडा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-233 से जुड़े प्रभावित किसान अपनी मांगों को लेकर आरपार की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला अध्यक्ष विनय कुमार वर्मा ने बताया कि 31 जनवरी को फतेहजहूरपुर ओवरब्रिज के पास बड़ी पंचायत किया जाएगा। बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग-233 से प्रभावित 12 गांवों के किसानों को 0.051 हेक्टेयर से आवासीय दर से प्रतिकर दिलाए जाने को लेकर बीते कई महीनों से फतेहजहुरपुर स्थित कार्यालय पर धरना दिया जा रहा है। यूनियन द्वारा समय-समय पर किसानों को मुआवजा दिलाए जाने को लेकर अधिकारियों से पत्राचार भी किया गया लेकिन स्थिति जस की तस बनी है। गत दिनों जिला कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के समक्ष किसान नेताओं की बैठक हुई। बैठक में भी कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलने के कारण किसानों में रोष व्याप्त है। 31 जनवरी को किसान यूनियन के नेताओं और किसानों द्वारा बड़ी पंचायत का आह्वान किया है।

विनय कुमार वर्मा, जिलाध्यक्ष।

### परिषदीय विद्यालय के बच्चे कर रहे प्रदर्शन बेहतर : प्रधानाध्यापक

**जलालपुर।** विकास खंड जलालपुर के प्राथमिक विद्यालय धौरूआ प्रथम में मंगलवार को शिक्षक संकुल के शिक्षकों के साथ बैठक हुई। नोडल शिक्षक सत्य प्रकाश गुप्ता ने शिक्षकों को छात्रों से आत्मीय संबंध बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार यादव ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी जा रही है, जिससे बच्चे पहले से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। संकुल स्तरीय बैठक में निपुण एप, दीक्षा एप के माध्यम से बच्चों को शिक्षा देने, छात्र-छात्राओं की समस्या का समाधान कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रधानाध्यापक रूद्रमणि त्रिपाठी, अरविंद मिश्रा, राजाराम वर्मा, शैलेंद्र कुमार, अरविन्द यादव, अकबाल अहमद, प्रतीक तिवारी, मेंहदी रज़ा, कमलेश्वरी, राजेन्द्र प्रसाद के अलावा न्याय पंचायत के समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

### छात्रा को भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**जलालपुर।** प्रकरण कटका थाना के एक गांव का है। थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग छात्रा बीते शनिवार को घर से विद्यालय में पढ़ने के लिए गई थी, लेकिन वह विद्यालय नहीं पहुंची। विद्यालय के शिक्षकों ने परिजनों के मोबाइल पर फोन कर छात्रा के न आने का कारण पूछा। छात्रा के परिजनों ने विद्यालय जाने की बात बताई। जब नाबालिग छात्रा विद्यालय नहीं पहुंची तो परिजन परेशान हो गए और छात्रा की खोजबीन शुरू कर दिया। जब छात्रा का कहीं अता-पता नहीं चला तो उन लोगों ने कटका पुलिस को तहरीर देकर एक मोबाइल नंबर के आधार पर बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के मामले में तहरीर दिया। जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज का जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

### महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति किया जागरूक

**अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को जागरूक किया गया। अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन और नारी सम्मान की दिशा में जनपद की महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और साइबर अपराध, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत थाना कोतवाली अकबरपुर से हेड कांस्टेबल आनंद स्वरूप यादवद्व महिला कांस्टेबल खुशबू राजभर, महिला कांस्टेबल प्रेमलता द्वारा हवाई पट्टी, जिला अस्पताल में महिलाओं, बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया।

### प्रेम और सद्भाव का आदेश देता है इस्लाम : मेहदी हसन

**कटेहरी।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का कथन है की 73 फिरकों में केवल एक ही फिरका जन्नती होगा और यह वही लोग होंगे जिनके हृदय में रसूले अकरम व उनके परिजनों के प्रति सच्ची श्रद्धा व प्रेम होगा। उक्त तथ्य प्रख्यात व्याख्याता, विद्वान, मौलाना मेहदी हसन वायज जलालपुरी ने प्रस्तुत किया। वह अकबरपुर ब्लाक के मौजा ताजपुर में पूर्व ग्राम प्रधान ख्वाजा दबीर मेहदी आदि की ओर से आयोजित दिवंगत कनीज शीरी इब्ने जमीर हसन पत्नी ख्वाजा अमीर मेहदी एडवोकेट की छमाही की मजलिस को संबोधित कर रहे थे।

### रैली निकालकर कुष्ठ रोग के बारे में किया जागरूक

**जलालपुर।** कुष्ठ रोग के बाबत सीएचसी अस्पताल नगपुर परिसर से एक जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली नगपुर आदि बाजारों का भ्रमण किया। इसके पहले अस्पताल परिसर में चिकित्सकों के साथ ही सभी कर्मचारियों को अधीक्षक ने शपथ दिलाई। मंगलवार को अधीक्षक डॉ. जयप्रकाश के नेतृत्व में कुष्ठ रोग मुक्त अभियान का शुभारंभ किया गया। अधीक्षक ने कुष्ठ रोग को जड़ से समाप्त कराने की सौगंध दिलाते हुए कहा कि गांव से लेकर बाजार तक कुष्ठ रोग से ग्रस्त मरीजों की पहचान की जा चुकी है। इन मरीजों को नियमित रूप से दवा खिलानी है। टेबलेट खिलाने में एक दिन चूक रोग तथा रोगी पर भारी है। दवा के नियमित सेवन और परहेज से कुष्ठ मुक्त भारत का सपना साकार हो सकता है। इसीलिए आज से ही चिन्हित रोगियों को नियमित रूप से किट खिलाने का आह्वान किया गया। इसके पश्चात अस्पताल परिसर से एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर डॉ. विनोद सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. वेद प्रकाश, फार्मासिस्ट मनोज यादव, सुरेंद्र शर्मा, विनोद मिश्रा, अजीत कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### कुष्ठ रोगियों से न करें भेदभाव : जिलाधिकारी

कलेक्ट्रेट में कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की शपथ दिलाते जिलाधिकारी अविनाश सिंह। अमृत विचार

**अंबेडकरनगर।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मंगलवार से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। मंगलवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य स्तर से प्रेषित संदेश पढ़ा और उपस्थित स्वास्थ्य विभाग व कलक्ट्रेट कर्मियों को कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करें। उन्होंने जिम्मेदारों को निर्देश दिया कि कुष्ठ रोग के प्रति लोगों में अभियान चलाकर जागरूकता पैदा की जाएग। जिससे लोग कुष्ठ रोगियों को हीन भावना से न देखें। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रामानन्द सिद्वार्थ, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार वर्मा, उप जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. आशुतोष सिंह और कलेक्ट्रेट के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह** | अकबरपुर नगर स्थित हवाईपट्टी पर सजकर तैयार हुआ पंडाल, डीएम अविनाश सिंह ने तैयारियों का लिया जायजा

# आज एक-दूजे के होंगे 634 जोड़े, आयोजन की तैयारियां पूरी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम जनपद में 31 जनवरी को राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर में आयोजित किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अब तक 634 जोड़ो का आवेदन प्राप्त हुआ है।

बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2017 में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रारम्भ की गई। योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरत मन्द और निर्धन परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए उनकी सामाजिक, धार्मिक मान्यताओं, परम्परा व रीति रिवाज के अनुसार सामूहिक विवाह कराकर समाज के सभी वर्गों में सर्व धर्म समभाव व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। पूर्व में 3 दिसंबर 2023 को जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 762 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न कराया गया था। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत 31 जनवरी को छह सौ से अधिक जोड़े एक दूजे के होंगे। जिनमें से कुछ हिन्दू रीति रिवाज और कुछ कुरान की आयतों को पढ़कर एक दूसरे को कबूल करेंगे। अकबरपुर नगर स्थित हवाईपट्टी पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**गरीब परिवारों के बेटियों के हाथ होंगे पीले :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 31 जनवरी को अकबरपुर नगर स्थित हवाईपट्टी पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों के हाथ पीले होंगे। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हवाई पट्टी पर भव्य पंडाल बनकर तैयार हो गया है। वहीं जोड़ों के बैठने की व्यवस्था के साथ ही वीआईपी के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है। बुधवार को हवाईपट्टी पर एक ही पंडाल के नीचे वैदिक मंत्र व कुरान की आयतें गूजेंगी। प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार रुपए खर्च होंगे। जिसमें 35 हजार रुपए को कन्या के खाते में भेजा जाएगा। 10 हजार रुपए का सामन और 6 हजार रुपए शादी के कार्यक्रम में खर्च होंगे। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने हवाईपट्टी पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा और जिम्मेदाराओं को आवश्यक निर्देश दिए है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लिए हवाईपट्टी पर सजा पंडाल। अमृत विचार

## एक नजर

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल, रेफर

**करनैलगंज, गोंडा :** करनैलगंज सीएचसी तिराहे के पास हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र बालपुर बाजार निवासी राहुल तिवारी (25) पुत्र बसंतलाल मंगलवार को बाइक से करनैलगंज सीएचसी जा रहे थे। तभी गोंडा-लखनऊ मार्ग स्थित हुजूरपुर मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहाँ स्वास्थ्य में सुधार न होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि राहुल तिवारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हलधरमऊ में आयुष्मान मित्र के पद पर कार्यरत रह चुका है। नगर चौकी प्रभारी आशीष कुमार वर्मा ने बताया कि दुर्घटना की सूचना नहीं मिली है पता कर रहे हैं। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क निर्माण कराए जाने की उठाई मांग

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत गौसिहा से गोंडा बहराइच मार्ग तक जाने वाली सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग पूर्व जिला पंचायत सदस्य आझाराम पासवान ने संपूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से जिलाधिकारी से की है। बताया सड़क का निर्माण न होने से क्षेत्रीय जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### बच्चों की उपस्थिति कम होने पर लगाई फटकार

**रुपईडीह, गोंडा :** मंगलवार को ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने प्राथमिक विद्यालय कौड़िया द्वितीय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में अध्यापक अध्यापिकाओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति के बारे में जानकारी हासिल करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक को विद्यालय में सभी मूलभूत सुविधाओं मुहैया कराए जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया।

### बालिका को ईंट से मारकर किया घायल

**मनकापुर, गोंडा :** जमीन विवाद में एक दंपती ने बालिका को ईंट से मारकर घायल कर दिया। घायल बालिका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति पत्नी पर मामला दर्ज किया है। क्षेत्र के मछली बाजार चौकी अंतर्गत ग्राम बड़की घुनाही निवासी रामदीन ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में कहा कि घर के सामने सांड़ को रोकने के लिए खूंटा गाड़ दिया था जिसको लेकर गांव के रामेंद्र व उनकी पत्नी फूला गाली गुप्ता देते हुए उनकी पुत्री को मारने पीटने लगे। विरोध करने पर फूला ने ईंट से मार दिया जिससे उसके सिर व आंख में गंभीर चोट लग गयी।

# 1194 ग्राम पंचायतों में पार्टी की धमक पहुंचाएगी भाजपा

## कार्यशाला में शामिल 33 मंडल के अध्यक्षों को दी गई कमान, पार्टी की जन नीतियों का करेंगे प्रचार-प्रसार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से चुनावी मोड में है। एक अभियान खत्म होते ही दूसरे अभियान की ओर बढ़ रही है। भारत संकल्प यात्रा के बाद गांव चलो अभियान का आगाज होने जा रहा है। इसको लेकर मंगलवार को पार्टी के 33 मंडलों के अध्यक्षों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सबको प्रशिक्षण देकर गांव-गांव पार्टी की जन नीतियों को पहुंचाने तथा वोटरों को लुभाने का कार्यक्रम तय किया गया। जिले के 1194 गांवों में पार्टी के कार्यकर्ता पहुंचकर वोटरों को जोड़ने का काम करेंगे। कार्यशाला के मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप एवं जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने कार्यशाला का शुभारम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं वन्देमातरम गान के साथ किया।

भाजपा की गांव चलो अभियान कार्यशाला में जुटे पदाधिकारी। अमृत विचार

रस्तोगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा विगत 10 वर्ष में किए गए बुनियादी बदलाव से भारत आर्थिक परिवर्तन की आधारशिला बनकर उभरा है। राजनीतिक स्थिरता, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और निवेश समर्थक नीतियों से भारत शीर्ष पांचवी अर्थव्यवस्था में शामिल है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि 2024 आम चुनाव में जन समर्थन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के नेतृत्व में "गांव चलो अभियान" चलाया जा रहा है। जिले के 33 मंडलों के कुल 1194 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इन प्रत्येक गांव में 24 घंटे का समय देने वाले प्रवासी कार्यकर्ता भेजे जाएंगे।

जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू ने बताया कि "ग्राम चलो अभियान" 4 फरवरी से प्रारम्भ होकर 11 फरवरी तक चलेगा। जिसके लिए जिला स्तरीय, मंडल स्तरीय एवं शक्ति केंद्र स्तरीय टोली का निर्माण कर लिया गया है। एक एवं दो फरवरी को मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

समस्त प्रवासी कार्यकर्ता गांव में संपर्क करते हुए किट का वितरण करेंगे एवं फीडबैक पत्रक पर जानकारी भरेंगे एवं सरल अप इंस्टॉल करने के साथ-साथ कार्यक्रम का विवरण भी अपलोड करेंगे। प्रवासी कार्यकर्ता ग्राम सभा के संयोजक एवं सह संयोजक से समन्वय स्थापित करके 24 घंटे का प्रवास का कार्यक्रम तय करेंगे। कार्यशाला में शरद अवस्थी, डॉ रंजन शर्मा, अक़बाल बहादुर तिवारी, रमाकांत तिवारी, अर्जुन प्रसाद तिवारी, अंजू सिंह खरवार एवं अजय सिंह पिंकू, जसवंत लाल सोनकर, संदीप पाण्डेय, अनुपम प्रकाश मिश्र, मनीष सिंह, संदीप सिंह, पुनीत सिंह, मधुबाला वर्मा, दीपक गुप्ता, बीना राय, रामनाथ मौर्य, नन्द किशोर नंदू, मंजूर अहमद, प्रमोद आर्य चंचल, वंदना गुप्ता, रंजीत बाबा, राजेश तिवारी, बलदेव राज पासवान, विशाल अग्रवाल सहित सभी मंडल के अध्यक्ष, मंडल के "गांव चलो अभियान" के संयोजक, सह संयोजक एवं मंडल प्रवासी उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान

**दुर्जनपुर घाट, गोंडा:** पांच दिनों तक चली गणतंत्र पर्व का समापन सोमवार को हो गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्थानीय कस्बे में संचालित प्रियदर्शिनी कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट, दुर्जनपुर घाट पर संस्थान के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम से दर्शकों का मन मोह लिया। समापन पर सभी कलाकार बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मेडल दिया गया। कम्प्यूटर सर्टिफिकेट का प्रमाण पत्र भी उत्तीर्ण बच्चों को वितरित किया गया। इस मौके पर संतोष कुमार गुप्ता, सपना पाण्डेय, सुनील तिवारी, हरिहर देव शरण मिश्र, प्रमोद श्रीवास्तव, अनमोल श्रीवास्तव आदि रहे।

# लकड़ी तोड़ने पेड़ पर चढ़े युवक की गिरकर मौत

## पैर फिसलने से पेड़ की डाल हाथ से छूटने पर हुआ हादसा

घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** लकड़ी तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े युवक की गिरने से मौत हो गई। थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी राहुल शुक्ला (21) सोमवार को खेत में सिंचाई कर रहा था। सायं में ठंड लगने से अलाव तापने के लिए खेत के बगल में कटरा-किशुनदासपुर मार्ग पर लगे पेड़ पर लकड़ी तोड़ने के लिए चढ़ गया। लकड़ी तोड़ते समय पैर फिसल जाने से पेड़ की डाल से हाथ छूट गया जिससे वह पेड़ से नीचे सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन इलाज के लिए उसे अयोध्या मेडिकल कॉलेज लेकर गए, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छः भाई बहनों में दूसरे नंबर था। बड़े भाई की शादी हो चुकी है। एक बड़ी बहन की शादी हो चुकी है।

राहुल की अभी शादी नहीं हुई थी। इंटर तक पढ़ाई करने के बाद मृतक राहुल अपनी विधवा मां और छोटे भाई रोहित (15) और बहन महिमा(18) और छोटी बहन सरिता(16) के साथ अयोध्या राम जन्मभूमि में मजदूरी कर भरण-पोषण करता था। उधर, घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

वहीं विधवा मां और छोटे भाई रोहित और बहनों का रो रोकर बुरा हाल है। जिला पंचायत सदस्य अभिषेक सिंह ने बताया कि युवक का पोस्टमार्टम अयोध्या में कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।

### संदिग्ध हालात में किशोरी ने लगाई आग, हालत गंभीर

**गोडा :** धानेपुर थाना क्षेत्र के उज्जैनी कला के मजरा सांवल पुरवा की रहने वाली एक 15 वर्षीया किशोरी ने सोमवार को संदिग्ध हालत में खुद को आग के हवाले कर दिया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से झुलसी किशोरी का नाम साबरीन है और वह मजीद की बेटी है। घटना के पीछे पारिवारिक कलह बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले के जांच की बात कर रही है।थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया की जानकारी मिली है मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### विवादित भूमि पर निर्माण की डीएम व एसपी से शिकायत

**करनैलगंज, गोंडा :** स्थगन आदेश के बावजूद जबरन हो रहे अवैध निर्माण को लेकर पीड़ित ने डीएम व एसपी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसेहिया का है। यहां के निवासी राकेश कुमार व राजेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को पत्र दिया है जिसमें कहा है कि उसकी भूमि गाटा संख्या 418 जोकि विवादित है जिसका वाद सिविल कोर्ट में दायर है। इसके बावजूद गांव के ही रंजू दूबे व स्वामी प्रसाद आदि विपक्षीगणों द्वारा उक्त भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। शिकायत के बावजूद स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उल्टा उसके परिवार पर शांतिभंग की कार्रवाई कर दी गई है। उधर विपक्षीगण निर्माण कार्य चालू किए हैं। एसडीएम विशाल कुमार ने एसएचओ करनैलगंज को न्यायालय के आदेश का पालन कराने व शांति व्यवस्था क़ायम रखने का निर्देश दे चुके हैं।

# 27 स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया

## 11 को होगी समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा

**गोंडा कार्यालय:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की तरफ से 11 फरवरी को आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा के लिए जिले के 27 स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर 11616 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दो पालियों सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक व अपराह्न 2:30 बजे से 3:30 बजे तक होगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग आगामी 11 फरवरी को समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा का आयोजन कर रहा है। इस परीक्षा के लिए श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज, फातिमा स्कूल, सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली महाविद्यालय, जिगर मेमोरियल इंटर कॉलेज, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज, एम्स इंटर कॉलेज, नारायणा पब्लिक स्कूल, फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज, भैया राघव राम पांडे स्मारक श्री गांधी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सर सैय्यद गर्ल्स इंटर कॉलेज, रवि चिल्ड्रन एकेडमी, सेंट थॉमस स्कूल, सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल, श्री रघुकुल महिला विद्यापीठ, सरस्वती विद्या मंदिर, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज विज्ञान संकाय, एसआईवीएम इंटर कॉलेज, एसपीएम कॉलेज आफ नर्सिंग एंड फार्मेसी, एससीपीएम आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल व एसपीएम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन स्कूलों में परीक्षा के आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि नकल मुक्त व पारदर्शी परीक्षा के लिए सभी स्कूलों को व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया है।

# बेटे को खोने के गम में पिता बदहवास

## अंकित तिवारी की हत्या के मामले में अभी तक क्षेत्र के विवाद में उलझी है पुलिस

**गोंडा कार्यालय:** मोतीगंज थाना क्षेत्र के अचलपुर गांव के रहने वाले अंकित तिवारी की हत्या हुए पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अभी क्षेत्र के विवाद में उलझी है। जीआरपी ने घटना के बाद आरोपी डाक्टर के खिलाफ रिपोर्ट तो दर्ज कर ली लेकिन कार्रवाई के नाम पर उसकी प्रगति शून्य है।

जीआरपी अभी घटनास्थल को लेकर सीमा क्षेत्र ही नहीं कर पा रही है। तीन दिन तक घटना की जांच करने के बाद रविवार की रात गोंडा आए एसपी जीआरपी ने घटना क्षेत्र जीआरपी से बाहर का बताकर इसकी विवेचना नगर कोतवाली को ट्रांसफर करने की बात कही थी

लेकिन सोमवार को पूरा दिन इस संबंध में कोई आदेश नहीं आ सका। राजकीय रेलवे पुलिस की ढिलाई से हत्यारोपी पकड़ से दूर होते जा रहे हैं।

वहीं घटना के पांच दिन बाद भी मृतक के परिवार में चूल्हा नहीं जला है। इकलौते बेटे के खोने के गम में मां और बहनें बीमार पड़ गयी हैं। बुजुर्ग बाबा खामोश हैं, जबकि पिता बदहवाश है। उनकी आंख से आंसू नहीं थम रहे हैं। जैसे ही कोई शोक संवेदना जताने मृतक अंकित के घर पर पहुंचता है वैसे परिजन के चीत्कार उठते हैं। उनकी आंखे के सामने वह खौफनाक मंजर घूम उठता है। परिजनों के इस करुण क्रंदन को देख शोक संवेदना जताने वाले की आंख भी नम हो जा रही है।

### हाथ पर हाथ धरे बैठी है पुलिस

अंकित की मौत के बाद उसके घर पर शोक संवेदना जताने वालों का तांता लगा है। सोमवार को मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने परिवार को ढाढ़स बंधाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। वहीं सोनवरसा आश्रम पीठाधीश्वर छोटे बाबा घटना के बाद लगातार दूसरी बार परिवार के बीच पहुंचे और उन्हें संबल दिया। सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के प्रतिनिधि राजेश सिंह व भाजपा नेता महेश तिवारी भी पीड़ितों को सांत्वना दे चुके हैं। उधर, हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने पर छात्र पंचायत ने भी आक्रोश जताया है। मंगलवार को छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने अंकित को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई को राष्ट्रीय छात्र पंचायत लड़ेगा और जितने भी दोषी हैं उनको सलाखों के पीछे भिजवाएगा। कहा कि जिला प्रशासन खामोश बैठा हुआ है। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि हमने अपना भाई खोया है। इस मौके पर रंजीत पांडे, जाहिद खान, प्रिंस कुमार, अक्षय मिश्रा आदि रहे।

# इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को ज्ञापन देते लोग। अमृत विचार

इटियाथोक, गोंडा

**अमृत विचार:** इटियाथोक रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ठहराव की मांग लगातार जोर पकड़ती जा रही है। इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष सत्यव्रत ओझा जो हाल ही में रेलवे स्टेशन के सलाहकार समिति के सदस्य बनाए गए उन्होंने अपने साथियों के साथ सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया से मुलाकात की और उन्हें तीन सूत्रीय मांग पत्र सौपा। मांग पत्र में इटियाथोक रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी के ठहराव, इटियाथोक बाबागंज मार्ग पर अंडरपास, जगन्नाथीपुर गांव में भी अंडरपास बनाए जाने की मांग की ताकि इसका लाभ आमजन को सीधे मिल सके। इससे पूर्व इंटरसिटी ठहराव को लेकर कई संगठनों ने भी आवाज बुलंद की सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह राजा भैया ने शीघ्र इस समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

### कैथोला स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव के लिए सीएम को भेजा पत्र

**गोंडा कार्यालय :** जिले की सामाजिक संस्था इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कैथोला स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है। फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि कैथोला स्टेशन पर एक भी ट्रेन का ठहराव नहीं होता है जिससे आम जनमानस को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके पूर्व में कैथोला स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन का ठहराव होता था लेकिन पैसेंजर ट्रेन बंद होने से इस स्टेशन पर एक भी ट्रेन नहीं रुकती हैं। जिससे कैथोला, भूलभुलिया, नकही जैसे कई ग्राम पंचायतों के लगभग 10 हजार लोग इससे प्रभावित हैं। इसके लिए कई बार मुहिम भी चलाई गई है लेकिन रेस विभाग के जिम्मेदार इस समस्या पर ध्यान नहीं जे रहे हैं। अविनाश ने बताया ट्रेन का ठहराव न होने से आम जनमानस को काफी मुश्किल होती है। कैथोला स्टेशन पर एक भी ट्रेन नहीं रुकती है तो स्टेशन का कोई मतलब नही है। ग्राम कैथोला व भूलभुलिया प्रधान प्रतिनिधि राकेश सिंह व प्रधान प्रतिनिधि अजय साहू ने कहा कि कैथोला स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव जरूर होना चाहिए।

अविनाश सिंह, अध्यक्ष इंकलाब फाउंडेशन।

# अधर में कंपोजिट ग्रांट की धनराशि

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों के रंग रोगन और मरम्मत के लिए मिलने वाली कंपोजिट ग्रांट की धनराशि इस वर्ष अधर में अटक गई है। जनवरी बीत चुकी है, लेकिन कंपोजिट ग्रांट की धनराशि अब तक स्कूलों को नहीं मिली है। बजट न मिलने से स्कूलों की मरम्मत का कार्य ठप है। हालांकि निदेशालय की तरफ से बजट आवंटन को लेकर दो महीने पहले ही चिट्ठी जारी की जा चुकी है, लेकिन बजट नहीं जारी किया गया।

बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों की साज सज्जा और मरम्मत के लिए शासन से प्रति वर्ष कंपोजिट ग्रांट की धनराशि आवंटित होती है। छात्र संख्या के हिसाब से स्कूलों को बजट दिया जाता है। यह धनराशि 25 हजार से लेकर 75 हजार रुपये तक है। कंपोजिट ग्रांट की 10 प्रतिशत धनराशि स्कूल के स्वच्छता कार्यक्रम पर खर्च करना होता है। इसमें टॉयलेट क्लीनर, फिनायल, साबुन, चुना, झाड़ू डस्टिंग क्लॉथ, नेलकटर, हैंडवॉश, सैनिटाइजर इत्यादि अनिवार्य रूप से खरीदना होता है। इसके अतिरिक्त स्कूल की रंगाई पुताई, टूट फूट की मरम्मत और टाइलीकरण का कार्य कराया जाना होता है।

प्रतिवर्ष नवंबर दिसंबर तक यह धनराशि स्कूलों को आवंटित कर दी जाती थी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदयभान वर्मा का कहना है कि अब अगर कंपोजिट ग्रांट की धनराशि मिलती है तो आनन फानन में उस धनराशि को खर्च करने का दबाव रहेगा।

### पिछले वित्तीय वर्ष में लैप्स हो चुका है बजट

बजट लैप्स होने की शिक्षकों की आशंका ऐसे ही नहीं है। पिछले वित्तीय वर्ष में भी कुछ इसी तरह की स्थिति आई थी। तब भी कंपोजिट ग्रांट की धनराशि का आवंटन समय से नहीं हुआ था। देर से बजट मिलने पर अधिकतर स्कूलों कै कार्य अधूरा रह गया था और धनराशि खाते में बची रह गयी थी। मार्च की समाप्ति पर यह बजट लैप्स हो गया था। इस वर्ष भी यही स्थिति है।

# अयोध्या जाने वालों को सख्त सुरक्षा से गुजरना होगा

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** पावन नगरी अयोध्या धाम में श्रीराम लला के दर्शन पूजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। जिसको लेकर सोमवार को देर शाम नेशनल हाईवे पर स्थित लोलपुर ओवर ब्रिज के पास सरयू घाट पुलिस चौकी प्रभारी शिवलखन सिंह के नेतृत्व में अयोध्या जाने वाले वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान चौकी प्रभारी शिवलखन सिंह से कटरा शिवदयाल तिराहे से होकर पुराने सरयू पुल होते हुए अयोध्या जाने वाले वाहनों के लिए कटरा शिवदयाल गंज तिराहे पर बैरिकेडिंग किया गया है। चार पहिया वाहनों को डायवर्ट कर लोलपुर ओवर ब्रिज से होकर अयोध्या जाने दिया जा रहा है। केवल दो पहिया वाहनों को कटरा शिवदयाल गंज तिराहे से होकर अयोध्या जाने दिया जा रहा है। क्योंकि अयोध्या सरयू घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ काफी रहती है। इसलिए अयोध्या जिला प्रशासन द्वारा कोई दिशा निर्देश जारी नहीं किया गया है। इसलिए कटरा तिराहे पर बैरिकेडिंग कर चार पहिया वाहनों का अयोध्या में प्रवेश वर्जित है। अयोध्या प्रशासन द्वारा दिशा निर्देश जारी होते ही चार पहिया वाहनों को कटरा शिवदयाल गंज तिराहे से होकर अयोध्या दर्शन पूजन करने के लिए चार पहिया वाहनों से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को कटरा तिराहे से होकर अयोध्या जाने दिया जाएगा।इस मौके पर उपस्थित हेड कांस्टेबल रविन्द्र सिंह,हेड कांस्टेबल सुनील कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

बैरियर लगाकर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

न्याय यात्रा के समर्थन में रैली निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

### न्याय दिलाने के लिए राहुल गांधी कर रहे हैं यात्राः प्रमोद

**गोंडा कार्यालय :** राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से महाराष्ट्र तक चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर गांधी पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कांग्रेस जनो ने गांधी पार्क से कचहरी स्थित अंबेडकर चौराहे पर स्थित आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाप्त किया। जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा किसान आंदोलन में शहीद हुए 750 किसानों के न्याय के लिए है। पदयात्रा में युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तरुण पटेल, जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे, शहर अध्यक्ष रफी रेनी अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सगीर खान, उपाध्यक्ष विनय त्रिपाठी, महासचिव अरविंद शुक्ला, सभासद शाहिद अली कुरेशी, जिला सचिव जितेश शर्मा, फूल मोहम्मद ,राम सिंगर भारती, मदन दुबे ,रघुपति त्रिपाठी, हरिराम वर्मा, शिवेंद्र शर्मा, टी एन फारुकी, अब्दुल्ला, सफी मोहम्मद ,मुजीब, अरुण पटेल सहित सैकड़ों कांग्रेस जन शामिल रहे।

# दुकानों का प्रीमियम न जमा करने पर आवंटन निरस्त

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** उतरौला रोड स्थित फल एवं सब्जी मंडी में किराया व प्रीमियम का 2 करोड़ से अधिक की धनराशि बकाया है। मंडी प्रशासन ने कई बार नोटिस दी, लेकिन दो व्यापारियों ने बकाया पैसा नहीं जमा किया। जिस पर मंडी प्रशासन ने दोनों व्यापारियों का लाइसेंस व आवंटन निरस्त कर दिया है। मंडी सभापति /सिटी मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर ने कुछ दिन पहले व्यापारियों द्वारा दुकान का किराया व प्रीमियम न जमा करने पर 29 दुकानों में ताला लगा दिया था। जिस पर व्यापारी जिलाधिकारी के यहाँ गये, फिर तय हुआ कि जितना बकाया है उसमें से 35 फ़ीसदी बकाया धनराशि तत्काल जमा कर दी जाए। 29 दुकानदारों में से 27 व्यापारियों ने प्रशासन द्वारा निर्धारित पैसा जमा कर दिया। लेकिन दो व्यापारियों ने नहीं जमा किये। जिस पर कार्रवाई की गई है। जिन दो व्यापारियों के दुकान का लाइसेंस व आवंटन निरस्त हुआ है। उनमें सलमान ट्रेडर्स तथा अयान सज्जन हैं। मंडी की ओर से शेष बकाया धनराशि मार्च तक जमा करने को कहा गया है। चेतावनी दी गई है यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो इन लोगों के खिलाफ भी प्रशासन लाइसेंस व दुकानों के निरस्तीकरण की कार्रवाई करेगा। उतरौला रोड स्थित फल एवं सब्जी मंडी में कुछ दुकानों का आवंटन वर्ष 2016 में हुआ था इसी प्रकार कुछ दुकानों का आवंटन 2021 में किया गया था। प्रशासन ने जिनका आवंटन वर्ष 16 में किया था उनको बकाया धनराशि का 60 फ़ीसदी तथा वर्ष 21 के अवंटीयों 35 फीसदी जमा करने को कहा था।

मंडी स्थल का मुख्य गेट। अमृत विचार

## एक नजर

### मारपीट के मामले में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा :** घर में तोड़फोड़ व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम चौरी परिहार का है। यहां पुरानी रंजिश को लेकर गीता देवी पत्नी अजय सिंह के घर इसी गांव के संतोष सिंह व उनकी पत्नी सुधा तथा अरुण सिंह तथा उनकी पत्नी सावित्री ने लाठी डंडों से घर की खिड़की तोड़ दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए दौड़ाया तथा ईंट व पत्थर से घर में लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़ने की कोशिश की।थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि दो महिला सहित उक्त चार आरोपियों के विरुद्ध तोड़फोड़ व धमकी सहित अन्य धाराओं मुकदमा दर्ज किया गया है।

### स्कीम वर्करों ने नौ सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

**गोंडा कार्यालय :** स्कीम वर्कर समन्वय समिति के पदाधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिका, आशा से जुड़ी मांगों को लेकर श्रम आयुक्त कार्यालय पर एक दिवसीय उपवास रखकर प्रधानमंत्री को 9 सूत्रीय मांग पत्र भेजा है। स्कीम वर्कर समन्वय समिति संयोजक दिलीप शुक्ला तथा जिला अध्यक्ष नीलम श्रीवास्तव की अगुवाई में भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि महिला कर्मियों को न्यूनतम वेतन मान दिया जाए। सेवानिवृत्ति पर पेंशन की व्यवस्था की जाए, आशा कर्मियों का भुगतान समय से हो जैसी मांगें हैं। कहा गया कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो मजबूरन आंदोलन के लिए सभी लोगों को बाध्य भी होना पड़ेगा। ज्ञापन देते समय ममता तिवारी, वंदना श्रीवास्तव, उषा, रीता, सुनीता, किरण तिवारी, मुन्नी, निर्मला तिवारी, विमला, गिरजा, पुष्पा, नीलम, रमा पाठक, कमलेश रानी तथा कुसुम समेत कई लोग मौजूद रहे।

# जिसने दी ममता की छांव, सिस्टम ने उसी को कर दिया बेगाना

## कायदे-कानून में उलझ गई बभनजोत के बैजपुर गांव में मिले नवजात को गोद लेने की आसमा की ख्वाहिश, अफसरों का काट रही चक्कर

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** बभनजोत के बैजपुर गांव में मिले नवजात को जिस आसमा खातून ने अपनी ममता की छांव दी सरकारी सिस्टम ने उसी को बेगाना कर दिया। नवजात को अपनाने की उसकी ख्वाहिश कायदे कानून के जाल में उलझ गयी है। अब आसमा उस बच्चे को पाने के लिए अफसरों के चक्कर काट रही है और अफसर उसे नियम कानून समझा रहे हैं। इस सिस्टम से अनभिज्ञ आसमा कहती है कि नवजात को पाकर लगा था कि ऊपर वाले के इस अनमोल तोहफे

से उसके भाभी की सूनी गोद हरी हो जायेगी लेकिन अधिकारियों ने उसके मंसूबे पर पानी फेर दिया है।

खोंडारे थाना क्षेत्र के बैजपुर गांव में शुक्रवार को एक नवजात बालक गन्ने के खेत मे पड़ा मिला था। गांव की रहने वाली आसमा खातून नाम की महिला बच्चे को अपने घर ले आई थी और उसे अपनाने की बात कही थी। आसमा ने बताया था कि उसके भाई के पास कोई औलाद नहीं है इसलिए अब उसकी भाभी इस बच्चे या पालन पोषण करेगी। बच्चा पाने के बाद आसमा और भाई के घर में खुशियां छा गयी थी। लेकिन उसकी यह खुशी महज कुछ ही घंटों में उस समय काफूर हो गयी जब चाइल्ड लाइन की टीम ने सरकारी सिस्टम का हवाला देकर उससे नवजात को अपने कस्टडी में ले लिया और उसे ले जाकर जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया।

हालांकि तब आसमा को यह एहसास नहीं था कि जिस नवजात को उसने खेत से उठाकर अपने सीने से लगाया और उसे अपने ममता की छांव दी वह अब उसका कभी नहीं हो पायेगा लेकिन दो दिन बाद जब वह बच्चे का हाल जानने जिला अस्पताल पहुंची तो अफसरों ने बताया बच्चा अब उसे नहीं मिल सकता। इस बात से आसमा सकते में है। बच्चे के लिये वह आवेदन करने को भी तैयार है लेकिन अधिकारी उसे कायदा कानून बता रहे हैं। सरकारी सिस्टम से अनभिज्ञ आसमा अफसरों के इस रवैये से मायूस है।

### बच्चा गोद लेने के लिए यह कागजात हैं जरूरी

भारत में बच्चा गोद लेने के लिए केन्द्र सरकार ने सेंट्रल अडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी (CARA) गठित की है। यह संस्था महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत काम करती है। बच्चा गोद लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन cara.nic.in के पेरेंट्स आप्शन पर जाकर पंजीकरण किया जा सकता है। पंजीकरण के 30 दिनों के भीतर आवश्यक कागजात अपलोड करने होते हैं। इनमें बच्चे को गोद लेने के इच्छुक परिवार की मौजूदा तस्वीर या फिर उस दंपति और शख्स की मौजूदा तस्वीर, गोद लेने वाले का पैन कार्ड, जन्म-प्रमाणपत्र, निवास प्रमाण पत्र (आधार कार्ड/ वोटर आईडी/ पासपोर्ट/ नवीनतम बिजली का बिल/ टेलीफोन बिल), इनकम टैक्स की प्रमाणित कॉपी, किसी सरकारी चिकित्सा अधिकारी का हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र जिससे इस बात की पुष्टि होती हो कि जो शख़्स बच्चे को गोद लेने जा रहा है उसे किसी तरह की कोई गंभीर बीमारी तो नहीं है। गोद लेने के इच्छुक दंपती का मेडिकल सर्टिफिकेट, शादी का प्रमाण पत्र (अगर शादीशुदा हैं तो), अगर शख़्स तलाकशुदा है तो उसका प्रमाणपत्र, गोद लेने के पक्ष में इच्छुक व्यक्ति से जुड़े दो लोगों का बयान, अगर इच्छुक व्यक्ति का कोई बच्चा पहले से ही है और उसकी उम्र पांच साल से अधिक है तो उसकी सहमति।

> किसी को भी बच्चा ऐसे गोद नहीं दिया जा सकता। उसके लिए नियम कायदे बनाए गए हैं। लावारिस मिले बच्चे को पहले बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाता है फिर उसे बाल कल्याण शिशु गृह भेजा जाता है। यदि किसी को बच्चा एडॉप्ट करना है तो पहले उसे कारा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। आवेदन के पश्चात उसकी सामाजिक आख्या रिपोर्ट तैयार होती है। बारी आने पर आवश्यक फीस जमा करने के पश्चात बच्चे को एडॉप्ट करने की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इसमें इस बात की गारंटी नहीं दी जा सकती कि जिस बच्चे को आवेदक चाह रहा है वही बच्चा उसे मिलेगा।
>
> –संतोष कुमार सोनी, जिला प्रोबेशन अधिकारी

# गेहूं बेचने के लिए किसानों का पंजीकरण शुरू

## 2275 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाएगा गेहूं, अब तक सौ किसानों ने कराया रजिस्ट्रेशन

गोंडा कार्यालय

▸▸ **गेहूं खरीद वर्ष 2024 के लिए अपर जिलाधिकारी बने खरीद अधिकारी**

**अमृत विचार:** न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत गेहूं क्रय वर्ष 2024- 25 को लेकर शासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। अपर जिलाधिकारी सुरेश सोनी को जिला गेहूं खरीद अधिकारी नामित किया गया है। इस वर्ष किसानों से 2275 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से गेहूं खरीदा जाएगा।

गेहूं खरीद की शुरुआत 15 मार्च से की जाएगी। किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण करना भी शुरू कर दिया है। अब तक सौ किसानों ने गेहूं बेचने के लिए वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करा लिया है। अभी प्रदेश में धान खरीद हो ही रही है। इसी बीच गेहूं खरीदने का फरमान शासन ने जारी कर दिया है। हमेशा गेहूं सत्र की शुरुआत अप्रैल माह से होती थी। लेकिन इस बार खरीद के समय में परिवर्तन किया गया है।

गेहूं क्रय वर्ष 2024- 25 की शुरुआत 15 मार्च से होगी। गेहूं खरीद के लिए शासन ने समय सारणी जारी कर दी है। 1 जनवरी तक प्रभारी अधिकारी गेहूं के खरीद को नियुक्त कर करना था जिसके क्रम में अपर जिलाधिकारी को जिला खरीद अधिकारी नामित कर दिया गया है। क्रय केंद्र का चयन 10 जनवरी तक कर लिया जाएगा। 20 जनवरी तक जिलाधिकारी चयनित क्रय केंद्रों का अनुमोदन करेंगे। गेहूं बेचने वाले किसानों का पंजीयन भी एक जनवरी से शुरू हो गया है अब तक सौ किसानों ने गेंहू बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इसी के साथ सत्यापन का भी काम होगा। 15 फरवरी तक हर हाल में मंडी के यार्ड को खाली कर लिया जाएगा। वहां पर सरकारी गेहूं कर केंद्र की व्यवस्था स्थापित की जाएगी।

गेहूं खरीद के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार भी किया जाएगा। गेहूं क्रय केंद्र से भारतीय खाद्य निगम तक गेहूं पहुंचाने के लिए 25 फरवरी तक तैयारी पूरी कर ली जाएगी। क्रय एजेंसियों द्वारा केंद्र पर व्यापक रूप से व्यवस्था की जाएगी। केंद्रों पर व्यवस्था की जिम्मेदारी मंडी समिति की भी होगी। यह लोग केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं की व्यवस्था करेंगे।

पांच मार्च को केंद्र प्रभारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उनको गुणवत्ता का विश्लेषण करने, इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट से खरीद करने की जानकारी दी जाएगी। गेहूं खरीद से जुड़े अफसर क्रय केंद्र का निरीक्षण हर हाल में 10 मार्च तक कर लेंगे। सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीद 15 मार्च से शुरू हो जाएगी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत गेहूं क्रय वर्ष 2024- 25 में खरीद की व्यवस्था संबंधी समय सारणी शासन ने जारी कर दी है। जिसके क्रम में जनपद के किसानों ने गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करना शुरू कर दिया है।

उन्होंने बताया कि अब तक 100 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया है। विगत के वर्षों में गेहूं खरीद सत्र का शुभारंभ अप्रैल माह से होता था। लेकिन इस बार 15 दिन पहले से ही खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2275 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से किसानों का गेहूं खरीदा जाएगा। गेहूं खरीद से जुड़े कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा रहा है।

# जीआरपी ने जिला पुलिस को ट्रांसफर की अंकित हत्याकांड की तफ्तीश

**गोंडा कार्यालय:** नारायण हॉस्पिटल के कर्मचारी रहे अंकित तिवारी हत्याकांड की तफ्तीश अब नगर कोतवाली पुलिस करेगी। वारदात के पांच दिन बाद जीआरपी ने मंगलवार को मामले की विवेचना जिला पुलिस को ट्रांसफर कर दी। इसके पहले रविवार की रात घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी जीआरपी ने वारदात स्थल को जीआरपी के क्षेत्र से बाहर का बताकर विवेचना ट्रांसफर करने की बात कही थी। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि जीआरपी से केस जिला पुलिस को ट्रांसफर किया गया है। मामले की जांच नगर कोतवाली पुलिस को सौंपी गयी है। मोतीगंज थाना क्षेत्र से अचलपुर गांव का रहने वाला अंकित तिवारी (23) नगर कोतवाली क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित नारायणा हॉस्पिटल में काम करता था। बृहस्पतिवार की शाम सिगरेट लाने से इंकार करने पर अस्पताल के संचालक डॉक्टर दीपक सिंह ने पहले अंकित की बेरहमी से पिटाई की थी और फिर अपने गुर्गों संग मिलकर उसकी हत्या कर दी थी। पीएम रिपोर्ट आने के बाद जीआरपी ने डॉक्टर व उसके दो गुर्गों के खिलाफ हत्या व शव को छिपाने की रिपोर्ट दर्ज की थी और मामले की जांच में जुटी थी। रविवार की रात एसपी जीआरपी डा अवधेश सिंह ने गोंडा पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया था और वारदात की जानकारी ली थी। एसपी ने घटना क्षेत्र जीआरपी के क्षेत्र से बाहर बताते हुए विवेचना जिला पुलिस को ट्रांसफर करने की बात कही थी और इसकी रिपोर्ट जीआरपी गोरखपुर को भेजी थी।

# मंडी जाने वाली सड़क बदहाल, परेशानी

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद क्षेत्र की सड़कों की हालत सुधरने का नाम नहीं ले रही है। गोंडा-लखनऊ हाईवे से पावरहाउस होकर नवीन फल सब्जी मंडी व शहीद अजय प्रताप सिंह के गांव छिटवा जाने वाला मार्ग पूरी तरह बदहाल है। करीब तीन किलोमीटर सड़क की गिट्टियां उजड़ गई हैं। जिससे राहगीरों का पैदल चलना भी दुश्वार है। आए दिन इस मार्ग पर साइकिलों के टायर पंचर हो रहे हैं। सड़क पर गड्ढे होने के कारण एंबुलेस इस मार्ग पर चलने से कतराते हैं जिससे मरीजों को त्वरित उपचार नहीं मिल पाता है। सबसे अधिक परेशानी तो पावर

करनैलगंज मंडी जाने वाली बदहाल सड़क। अमृत विचार

हाउस से लेकर मंडी तक है। इस बीच सड़क पूरी तरह उजड़ कर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। जिससे मंडी में अपनी उपज बेचने आने वाले किसानों व व्यापारियों के वाहन अक्सर फंस जाया करते हैं। स्थानीय लोगों सहित इधर से आने जाने वाले लोगों ने मार्ग की मरम्मत करवाने की गुहार लगाई है। इसके अलावा गोंडा-लखनऊ मार्ग स्थित रेलवे गेट संख्या 286 कटरा शाहबाजपुर व गेट संख्या 288 जहांगीरवा के आस पास की सड़क देखरेख व मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुकी है। रेलवे की सीमा के अंदर सड़कों के देखरेख व मरम्मत की जिम्मेदारी रेल विभाग की होती है इसलिए लोक निर्माण विभाग इस ओर ध्यान नहीं देता। उधर रेल विभाग अपनी सीमा के अंदर गड्ढे में तब्दील हो चुकी सड़क की मरम्मत नहीं करवा रहा है। कुछ दिन पूर्व विभाग ने गिट्टी मंगवाकर सड़क के किनारे डंप करवा दिया, जो अब सड़क पर फ़ैल चुकी है। टूटी सड़क व उस पर बिखरी गिट्टी की चपेट में आकर बाइक व साइकिल सवार लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बीते शनिवार की रात्रि जहांगिरवा निवासी भोलू सिंह सड़क और रेलवे लाइन के खराबी की वजह से मौत की नींद सो गया। फिर भी जिम्मेदारों की नींद नहीं खुली है। आई डब्ल्यू सुधीर चटर्जी ने बताया कि सड़क का कार्य करवाया जा रहा था।

# ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**गोंडा:** अलमारी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात व हजारों रुपए नगद पर हाथ साफ किया। पीड़ित नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर कोतवाली अंतर्गत न्यू मेवतिययान कॉलोनी के रहने वाले अजीत कुमार ने नगर कोतवाली पुलिस को दिये तहरीर में कहा है कि बीती रात अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। अज्ञात चोर घर में घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर 5 लाख रुपए के जेवरात तथा हजारों रुपए नगर उठा ले गए। पीड़ित का कहना है कि इसी अलमारी में उसके साली का भी जेवरात रखा था उसको भी चोर उठा ले गए।

# 92 ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य ठप, मजदूरों का भी संकट

मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार:** विकासखंड की 92 ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में कार्य करने में ग्रामीण क्षेत्र के मजदूर रुचि नहीं ले रहे हैं। इसका कारण मजदूरों को काम करने के बाद देरी से पैसे मिलना और बाजार में अधिक मजदूरी मिलना है। अधिकांश मजदूर गांव छोड़कर शहर में मजदूरी करने के लिए आ रहे हैं।

सरकार ने गांवों में रोजगार के अभाव में हो रहे पलायन को रोकने के उद्देश्य से मनरेगा योजना शुरू की थी। इससे काफी हद तक पलायन रोकने में मदद मिली थी। लेकिन अब मनरेगा में मजदूरी कम मिलने और कई बार चक्कर लगाने के बाद भी भुगतान न होने से मजदूरों का मनरेगा से मोहभंग हो रहा है। मनरेगा के बजाय मजदूर गांव व शहर में मजदूरी करना ज्यादा लाभदायक मान रहे हैं। इससे ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा का काम नहीं किया जा रहा है। इससे गांव में विकास के काम भी नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में गांवों में विकास का पहिया तेजी से थमता नजर आ रहा है जिससे लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही परेशानी भी बढ़ती जा रही है। गांव में मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों को 230 रुपए का भुगतान किया जाता है। वहीं अन्य जगह मजदूरी करने पर 300 रुपए से 400 रुपए तक मजदूर मजदूरी ले रहे है। अधिक मजदूरी मिलने के कारण मजदूर परिवार गांव में मजदूरी नहीं कर रहे हैं।

### ऑनलाइन हाजिरी मनरेगा ठप होने का सबसे बड़ा कारण

**मनकापुर :** ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था भी श्रमिकों को परेशान करती नजर आ रही है। दोनों वक्त की हाजिरी लगानी रहती है। अगर किसी कारण वश या हाजिरी अपलोड नहीं हुई तो हाजिरी कट जाती है जिसके लिए मजदूरों को चक्कर लगाने पड़ते हैं। काम के बावजूद दाम नहीं मिलने से जहां श्रमिकों का योजना से मोह भंग हो रहा है, वहीं लक्ष्य के सापेक्ष मानव दिवस में भी कमी आने लगी है। पंचायत प्रतिनिधि गांवों में अब मनरेगा के तहत कार्य कराने से भी परहेज करने लगे हैं। विकास खंड के आठ ग्राम पंचायतों में मनरेगा का कार्य ठप्प पड़ा हुआ है। ग्राम प्रधानों से इस बारे में बात करने पर उन्होंने बताया कि कम मजदूरी में कोई कार्य नहीं करना चाह रहा है। यही मजदूर अन्य जगहों पर कार्य कर के ज्यादा मजदूरी लेते है तो इस योजना के तहत विकास कार्य कराने मुश्किल होते जा रहे है। मनरेगा के तहत विकास खंड में कुल श्रमिक की संख्या 24446 है। इसमें 16589 श्रमिक एक्टिव रह गए हैं।

# एसपी ने किया थाने का निरीक्षण

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने थाना खोड़ारे का औचक निरीक्षण किया। जिसमें थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने रिकार्ड फाइल को ठीक से व्यवस्थित करने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को थाने पर आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके प्रति सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने के लिए संबंधित

खोड़ारे थाने का निरीक्षण करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

को निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाने के हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, मासिक निरीक्षण रजिस्टर व अपराध रजिस्टर का निरीक्षण, ऑपरेशन क्लीन के तहत मालों का निस्तारण किए जाने तथा सभी अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग एवं रात्रि गश्त व पिकेट को प्रभावी बनाने, एचएस चेकिंग, लम्बित विवेचनाओ को गुणदोष के आधार पर निस्तारण व वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे सुरेन्द्र कुमार शर्मा, पीआरओ पुलिस अधीक्षक आदि मौजूद रहे।

# स्कॉर्पियो चालक ने की रौंदने की कोशिश

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र के सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग पर मंगलवार को एक स्कॉर्पियो चालक की दबंगई सामने आई है। वाहन में खरोंच लगने से नाराज चालक ने बाइक सवार युवक दुर्गेश निवासी इटियाथोक को पहले लात घूंसों से पीटा और फिर रॉड मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। स्थानीय लोगों ने स्कार्पियो चालक मोबीन निवासी नगर कोतवाली को रोकना चाहा तो चालक ने स्कॉर्पियो को दौड़ाते हुए लोगों को कुचलने की कोशिश की। हालांकि जाम के कारण वह भागने में असफल रहा और वाहन लेकर गड्ढे में चला गया। लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना में स्कॉर्पियो की ठोकर से कई बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। स्कॉर्पियो चालक की दबंगई और हंगामे की पूरी घटना पास के सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गयी। इस मारपीट में बाइक सवार दंपति घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। सेमरा चौकी इंचार्ज उदित वर्मा ने बताया कि बाइक सवार दंपत्ती व स्कार्पियो चालक में विवाद हुआ था लेकिन आपसी समझौते के बाद वे लोग चले गए।

# चाकू के साथ गिरफ्तार

खरगूपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** स्थानीय थाने की पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध चाकू बरामद कर न्यायालय रवाना किया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान अलीनगर गांव निवासी रहीम उर्फ बउरे तथा इमिलिया मस्जिदिया गांव निवासी अजीजुर्ररहमान को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक-एक अवैध चाकू बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय रवाना किया गया है।

# पूर्व प्रधान विद्याकुंवरि के निधन से शोक

**रुपईडीह, गोंडा:** दो सप्ताह से अस्वस्थ चल रहीं ब्लॉक के ग्राम पंचायत बनगाई की वयोवृद्ध पूर्व प्रधान विद्या कुँवरि (98) का निधन हो गया। उनके निधन पर सैकड़ों लोग एकत्र होकर संवेदना व्यक्त की। विदित हो कि पूर्व प्रधान स्व विद्याकुंवरि के पति स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ मिश्र 40 वर्षों तक रुपईडीह ब्लॉक के प्रमुख रहे तथा उनकी पुत्रवधु आशा मिश्रा भी वर्ष 1995 में ब्लॉक प्रमुख रह चुकी हैं। उनके निधन पर क्षेत्र के कई लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना जाहिर की है।

# उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य बंद

कटरा बाजार, गोंडा

**अमृत विचार:** विकासखंड कटरा बाजार के ग्राम पंचायत गौरिया में 21 लाख की लागत से बन रहा उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य कर रही कार्यदायी संस्था बीते ग्यारह माह से फरार है जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। जिसे लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर जनसुनवाई शिकायत भी की गयी है।

ग्राम प्रधान शमा सिंह ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कुर्मांचल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा था। प्रधान ने बताया कि कार्यदायी संस्था ने उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य बीते मार्च में शुरू किया था। डीपीसी लेवल तक का

उप स्वास्थ्य केंद्र की नींव डालकर फरार हुई संस्था। अमृत विचार

कार्य करके कार्यदायी संस्था फरार है। शमा सिंह ने बताया कि बीते ग्यारह माह से निर्माण कार्य बंद है। कार्यदायी संस्था फरार है। जिसे लेकर प्रधान शमा सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर जनसुनवाई शिकायत भी किया है। उप स्वास्थ्य केंद्र का कार्य पूरा हो जाता तो ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं गांव में मिलने लगती। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में जेई जगदीश सिंह ने बताया कि गौरिया में 21 लाख रुपये के बजट से बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र का कार्य डीपीसी लेवल तक हो गया है जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा।

## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 25 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.

# बदहाल मार्ग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** विकास अंतर्गत चरदहा-बरवलिया संपर्क मार्ग बदहाल है। दर्जनों गांवों को जोड़ने वाले इस प्रमुख मार्ग की बदहाली पर जिम्मेदारों ने अपनी आंखें मूंद रखी है जिससे नाराज ग्रामीणों ने मार्ग पर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। बदहाल चरदहा बरवलिया मार्ग को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि इस अहम मार्ग से कई गांव के लोगों का आवागमन होता है। मार्ग बदहाल होने से राहगीरों को काफी परेशानी होती है। कई बार जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन हालात में कोई सुधार नही हो सका।

पयागपुर विकास खंड के ग्राम चरदहा बरवलिया मार्ग की स्थिति काफी खराब है। इसको लेकर लोगों में नाराजगी है। ग्रामवासी नन्हेलाल, जयशंकर, कामता मौर्य, मंदिर के पुजारी पृथ्वी दास, ओमप्रकाश शुक्ल, संजय शुक्ल, विजय बहादुर, मंशाराम, भवानी शंकर, राजेश शुक्ल, शहादत अली, रामजी पाठक, गया प्रसाद, दिनेश राव, राम सहाय, दंगल सिंह, आदि ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग खंड एक ने मार्ग का सर्वे किया था, जिसका निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग के बनने से चरदहा, पचदेवरा, धौली, मगराइचपुरवा, अहिरनपुरवा आदि गांवों के लोगों को आने-जाने में काफी सुविधा होगी। वर्तमान हालात में संपर्क मार्ग जर्जर है जिसके कारण जहाँ राहगीर परेशान हैं वहीं चरदहा गांव में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर जहाँ पर प्रत्येक वर्ष चैत्र पूर्णिमा को मेला लगता है जिसमे आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानियाँ उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए संपर्क मार्ग पर खड़े होकर प्रदर्शन करते हुए मार्ग का निर्माण किये जाने की मांग की। इस सम्बंध में उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार ने बताया कि लोक निर्माण विभाग से पत्राचार कर समस्या का समाधान किया जायेगा।

खराब सड़क मार्ग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

## अन्तर्राष्ट्रीय वेटलैण्ड दिवस एवं बर्ड वाचिंग फेस्टिवल दो फरवरी को

**बहराइच :** विलुप्त हो रही आर्द्र भूमि के संरक्षण तथा स्वच्छ पेयजल एवं पेयजल स्रोतों के संवर्द्धन के लिए ''एक जनपद-पारिस्थितिकीय गंतव्य'' की थीम पर कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार में 02 फरवरी को अन्तर्राष्ट्रीय वेटलैण्ड दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल के अवसर पर विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का आयोजन कर जनमानस को आर्द्र भूमि के संरक्षण एवं बेहतर प्रबन्धन के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर ने बताया कि 02 फरवरी को वन क्षेत्र कतर्नियाघाट अन्तर्गत महादेवा ताल पर प्रात : 07 :00 बजे से पूर्वान्ह 10 :00 बजे तक नेचर गाइड, प्रकृति प्रेमियों, वन्यजीव विशेषज्ञों, शारदा सहायक परियोजना इण्टर कालेज गिरिजापुरी व बप्पा जी इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं के महादेवा ताल का भ्रमण, वर्ड वाचिंग, मोबी वॉक व कैमरा वॉक का आयोजन किया गया है।

# अथर्व छत्तीसगढ़, नव्या लखनऊ में करेंगी प्रतिभाग

बहराइच

**अमृत विचार:** लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बहराइच की नव्या और अथर्व ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। अब यह दोनों महिला और पुरुष के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 27 से 29 जनवरी के मध्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच से 7 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ी अथर्व पाठक और नव्या सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि खिलाड़ी मनी देवी मिश्रा, सरगम कनौजिया, आयुष सिंह, सौम्या पाठक, हर्षित सोनी का शानदार प्रदर्शन रहा पर बिना पदक संतोष करना पड़ा। अथर्व पाठक राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2 से 4 फरवरी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजन होना है। जिसमें प्रतिभाग करेंगे। वही नव्या सिंह लखनऊ केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 21 से 24 फरवरी तक में आयोजित खेलो इंडिया वूमेंस लीग में प्रतिभा करेंगे। दोनों खिलाड़ी इंदिरा गांधी स्टेडियम में प्रशिक्षक मनीष कुमार बघेल के देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस सफलता पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुपमा धानुक, उपक्रीड़ा अधिकारी अभिषेक धानुक, बहराइच ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष निशंक त्रिपाठी, ताइक्वांडो संघ के सचिव आलोक सिंह, सूर्या प्रताप पांडे, सागर आर्या, शौर्य प्रताप सिंह ने बधाई दी है।

खेल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों के साथ मौजूद पदाधिकारी।

# पेड़ से टकराए बाइक सवार दो लोगों की मौत, एक घायल

## एक बाइक पर सवार थे तीन लोग, वापस जा रहे थे घर

नानपारा, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के नानपारा नवाबगंज मार्ग बाइक सवार लोग रात में पेड़ से टकरा गए। हादसे में मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य बाइक सवार घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि मृतकों के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खाबा कला निवासी मंशाराम वर्मा (50) पुत्र श्यामता प्रसाद वर्मा, गांव निवासी लालता वर्मा (32) पुत्र परशु राम और बनगई गांव निवासी गौतम वर्मा (35) पुत्र राम शंकर श्रमिक थे। सभी बाइक से सोमवार को नानपारा क्षेत्र में गए थे। इसके बाद रात में पुनः तीनों लोग बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। रात 10 बजे के आसपास बाइक सवार नानपारा कोतवाली क्षेत्र के नानपारा नवाबगंज मार्ग पर पहुंचे। मथुरा पुल के पास लगे पीपल के पेड़ के पास बाइक सवार अनियंत्रित होकर टकरा गए। मौके पर ही लालता और गौतम की मौत हो गई। जबकि मंशाराम घायल पड़े रहे। कुछ देर बाद आसपास के लोगों ने मौके का माजरा देख पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी को सीएचसी पहुंचाया। यहां पर डॉक्टर ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल मंशा राम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल ने बताया कि बाइक सवार पेड़ से टकराए थे। वहीं परिवार के लोग किसी वाहन हादसे की बात कह रहे हैं। फिलहाल जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

जिला अस्पताल में भर्ती घायल ग्रामीण। अमृत विचार

# दुष्कर्म के प्रयास के चार आरोपियों को 5-5 साल का कारावास

**बहराइच, अमृत विचार।** थाना कोतवाली नानपारा निवासी चार अभियुक्तों को विशेष न्यायाधीश पाक्सो ने दुष्कर्म के प्रयास में दोषसिद्ध किया गया है। विशेष न्यायाधीश ने दस वर्ष बाद बिटिया को इंसाफ दिलाते हुए चारो अभियुक्तों को पांच-पांच साल के कारावास की सजा सुनाते हुए सभी पर 50/50 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड की धनराशि अदा न करने पर सभी को छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

दीवानी न्यायालय के विशेष शासकीय अधिवक्ता संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी नाबालिग बिटिया के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने के प्रयास में सीओ नानपारा को 14 जून 2014 को लिखित पत्र सौंपा था। पत्र में पीड़िता की मां ने कहा था कि 12 जून 2014 को उसकी नाबालिग बिटिया लकड़ी लेने अपने अहाता गई थी। इसी दौरान कोतवाली नानपारा के मझौवा भुलौरा गांव निवासी कचनू, बाबू, मतीन व नफीस अहाते में जबरन घुसकर बिटिया से अश्लील हरकत करते हुए जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। बिटिया के शोर मचाने के बाद परिवार के लोग आहाते में पंहुच गए। जिससे सभी धमकी देते हुए मौके से भाग खड़े हुए।

सीओ नानपारा के निर्देश पर नानपारा कोतवाली की पुलिस ने सुंसगत धाराओं में मुकदमा दर्ज अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि मंगलवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो वरूण माहित निगम ने मुकदमें अपना फैसला सुनाते हुए चारों अभियुक्तों को दोषसिद्ध करते हुए पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि कोर्ट ने सभी अभियुक्तों को 50/50 हजार के अर्थदंड से दंडित कर अर्थदंड की धनराशि पीड़िता चिकित्सा व्यवस्था व पुर्नवास की पूर्ति के लिए देने के निर्देश दिए है।

## 65 हजार रुपये लूटकर बाइक सवार बदमाश हुए फरार

**जरवल, बहराइच :** कैसरगंज कस्बा में स्थित बैंक से पैसा निकाल कर घर जा रहे युवक से बाइक सवार तीन लुटेरे 65 हजार रुपए लूटकर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर लुटेरों की तलाश कर रही है। कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नौगईयां निवासी विवेक गुप्ता मंगलवार को रुपए निकालने के लिए पंजाब नेशनल बैंक कैसरगंज पहुंचे। बैंक से 65 हजार रुपये निकालकर गाड़ी में पेट्रोल भराने मुन्ना पेट्रोल पंप पहुंचे। पेट्रोल भराकर वापस घर जा रहे युवक को पल्सर सवार तीन लुटेरों ने लखनऊ बहराइच मार्ग पर परमहंस डिग्री कॉलेज के पास रोक लिया। युवक की जेब में रखें 65 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। पीडित ने लूट की सूचना कैसरगंज पुलिस को दी है। लूट की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज राजनाथ सिंह ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पडताल शुरू कर दी है। पुलिस लुटेरों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। लेनदेन के चक्कर में घटना वारदात की कहानी बनायी गयी है। बैंक से साढे तीन बजे पैसा निकाला गया है। जबकि पुलिस को सूचना साढे छः बजे दी गयी है।

# बेटों को गंवाकर अब मुआवजा के लिए भटक रही महिला

बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के बैरिया गांव निवासी एक महिला के दो बच्चों की 20 अक्टूबर को मकान में आग लगने से जलकर मौत हो गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया था, लेकिन रिपोर्ट मिलने के बाद भी अभी तक आश्रितों को सहायता राशि नहीं मिली है। महिला दर दर की ठोकरें खा रही है। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम बैरिया बेहडा गांव निवासी तारा शर्मा पत्नी बद्री विशाल ने जिलाधिकारी मोनिका रानी को शिकायती पत्र दिया है। महिला का कहना है कि उसके मकान के कमरे में 20 अक्टूबर 2023 को आग लग गई थी। आग लगने से छह वर्षीय पुत्र सत्या और तीन वर्षीय पुत्र सनी की मौत हो गई थी। बौंडी पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। जिसमें दम घुटने से मौत की बात सामने आई थी। दो बेटों की मौत के बाद भी आपदा विभाग की ओर से महिला को आर्थिक सहायता राशि नहीं दी गई है। जबकि महिला काफी गरीब है। पति और महिला मजदूरी कर घर का खर्च चलाने को विवश है। महिला ने डीएम को शिकायती पत्र आपदा विभाग से चार चार लाख रूपये का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। इस मामले में एसडीएम महसी राकेश कुमार मौर्य से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी है। आपदा विभाग से बात की जा रही है। पीड़ित को मुआवजा मिलना चाहिए।

डीएम से मुआवजा के लिए पत्र देने आई महिला।

# महिला की सजगता से बची थी बालिका की आबरू

**जरवलरोड, बहराइच :** किसी व्यक्ति की कर बहियां बल आपने छोड़ बिरयानी आस वाली कहावत उस ग्रामीण महिला सटीक है। जिसने मामले की गंभीरता को भांप कर नाबालिग बालिका की अस्मिता को तार तार होने से बचा लिया। पुलिस नै पास्को एक्ट सहित गंभीर धारा में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेज दिया है। जरवलरोड थाना क्षेत्र के एक गांव में खेल रही अनुसूचित जाति की आठ वर्षीया नाबालिग बालिका की अस्मिता को बीते सप्ताह तार तार करने की कोशिश का मामला सभ्य समाज के चेहरे पर बदनुमा दाग है। नाबालिग को बहला फुसलाकर दुष्कर्मी द्वारा किया गया। घिनौना प्रयास अलीनगर गांव की ही उस जांबाज साहसी विट्टो चौहान नामक महिला के साहसिक निर्णय के बदौलत टल गया। जो अपने घर से लकड़ी बीनने खेत पर जा रही थी तभी अचानक गन्ने के खेत में चीखने की आवाज सुनकर चौकन्ना हो गई और आनन फानन में अपने जान की परवाह किए बिना गन्ने के खेत में घुस गई जहां पहुंच कर दुष्कर्मी के कुत्सित मंसूबों पर पानी ही नहीं फेर दिया बल्कि नाबालिग बालिका को उसके चंगुल से बचाने में कामयाब रही आपको बताते चलें कि समोसा खिलाने के लालच में गन्ने के खेत में खींचकर दुष्कर्म करने से पूर्व ही खेत में लकड़ी बीनने जा रही महिला के सूझबूझ की चर्चा क्षेत्र में है भले दुष्कर्मी जेल में है लेकिन ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति समाज के माथे पर कलंक है भला हो उस साहसी महिला का जिसने जान पर खेलकर बालिका के अस्मिता सहित जान की रक्षा कर सजगता पूर्वक उसे बचा लिया। अब महिला को व्यापार मंडल की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

## ईवीएम व वीवीपैट मशीन से वोट डलवाकर किया जागरूक

जैतापुर, बहराइच। विकास खंड के नायब तहसीलदार बृजेश कुमार द्वारा ग्राम माधवपुर, मलूकपुर, ततेहरा, बटुरहा, इंदूर, दहौरा, भिलौराकाजी आदि जगहों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीन के कार्यप्रणाली के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। बताया गया कि जहां कहीं भी लोगों को कोई कमी दिखे तो उसे बताया जाए। जिसे दूर किया जा सके। विशेष रूप से मतदाताओं को वीवीपैट और ईवीएम मशीन के बारे जानकारी दी गई है। ईवीएम मशीन व वीवीपैट मशीन को मतदाताओं की भ्रांतियों को दूर करने के लिए मतदान को जोड़ा गया। ताकि लोगों को भ्रमित न किया जा सके। मतदाताओं ने ईवीएम मशीन में मतदान कर वीवीपैट पर मतदाता क्रमांक उसका नाम प्रतिक चिह्न स्क्रीन पर देखा। इस दौरान लोगों ने ईवीएम पर मतदान कर वीवीपैट पर अपना मत देखा।

# बिना सीट बेल्ट के मिला सिपाही ट्रैफिक सीओ का चढ़ा पारा

बहराइच **अमृत विचार :** शहर के डीएम तिराहे के पास यातायात के पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान चार पहिया वाहन से एक सिपाही बिना सेट बेल्ट के जाते दिखा। इस पर सीओ नाराज हो गए। उन्होंने नियम की दुहाई देते हुए सीट बेल्ट के प्रयोग की बात कही। जिले में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ काफी बढ़ गया है। इसके बाद भी आम लोगों के साथ पुलिस भी नियम को तोड़ने में पीछे नहीं है। कुछ यही मामला मंगलवार को भी देखने को मिला। यातायात के प्रभारी निरीक्षक हीरालाल कनौजिया सुबह टीम के साथ डीएम तिराहे पर वाहनों की जांच कर रहे थे। एक बाइक सवार बिना हेलमेट के जाते दिखा तो उसे समझाकर हेलमेट के साथ वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। इसके कुछ देर बाद एसपी कार्यालय की ओर से एक सिपाही चार पहिया वाहन से आता दिखा। उसे रोक कर सीओ ट्रैफिक ने देखा कि सिपाही ने सीट बेल्ट नहीं बांध रखा है। इस पर वह नाराज हो गए। सीओ ने सीट बेल्ट न लगाने का कारण पूछा। इसके बाद नियम सभी के लिए बराबर होने और सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी।

शहर के डीएम तिराहे पर चार पहिया वाहन सवार पुलिस कर्मी को समझाते ट्रैफिक सीओ।

## युवक का मिला शव

**बहराइच :** महाराज काल्पीपारा गांव निवासी तसव्वर पुत्र मोल्हे सोमवार को बाइक से घर से गया था। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा मंगलवार को उसकी लाश टोल टैक्स के पास झाड़ियां में पड़ी मिली भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से केस दर्ज किए जाने की मांग की है।

## 16वीं बार साइकिल से खाटू श्याम के लिए रवाना हुआ भक्त

**जरवल, बहराइच :** जनपद के मटेरा निवासी खाटू श्याम भक्त साइकिल से नेपाल गए। इसके बाद वह साइकिल से राजस्थान के लिए रवाना हो गए हैं। श्रद्धालु के मुताबिक 20 दिन में उनकी यात्रा पूरी हो जाएगी। जिले के एक व्यक्ति ने पंद्रह बार खाटू श्याम मन्दिर राजस्थान की यात्रा साइकिल से कर चुका है एवं दो बार पदयात्रा कर चुका है 16वीं बार नेपाल से साइकिल द्वारा राजस्थान में स्थित बाबा खाटू श्याम मन्दिर जा रहा है। उन्होंने बताया कि 20 दिन में यात्रा पूरी हो जाएगी। नेपाल से चलकर जरवल के मोहल्ला कृष्णा नगर में स्थित खाटू श्याम मंदिर में विश्राम के लिए रुके तमाम खाटू श्याम भक्तों ने उनका स्वागत सत्कार किया। मटेरा निवासी आशीष कुमार अग्रवाल ने बताया कि मटेरा से नानपारा, नानपारा से नेपाल, नेपाल से सीधा जरवल खाटू श्याम मंदिर में विश्राम हेतु रुका हूं। यहां पर भक्तों ने उनका स्वागत किया।

## वारंटी गिरफ्तार

**बहराइच :** मिर्जापुर गांव निवासी चिरकू प्रसाद पुत्र झब्बर के विरुद्ध न्यायालय ने वारंट जारी किया है। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि मंगलवार को निरीक्षक रूप नारायण गॉड और सिपाही सुरेश यादव की टीम ने वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## वर्ग पहेली-328

**बाएं से दाएं**

4. ढोलक बजाने वाला व्यक्ति, ढोलची, ढोलवादक।
8. एक रोग जिसमें पैर फूलकर हाथी के पैर की तरह हो जाता है, फीलपा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. हींग 2. लाख 3. त्वचा पर का जन्मजात चिह्न।
2. 1. आकस्मिक, कभी-कभार होने वाला 2. अवसरपरक
3. 1. मंदिर में किसी देवी-देवता की मूर्ति का शृंगार करने वाला व्यक्ति 2. पुजारी।
5. 1. आमोद-प्रमोद 2. ख़ुशी का भाव, उल्लास।
6. 1. पूजने की क्रिया 2. देवी
7. 1. थोड़े समय के लिए कोई वस्तु दिखने की अवस्था या भाव 2. झलक 3. झांई 4. आंख के कोने से देखना, कनखी।



### वर्ग पहेली - 327 का हल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 हु | 2 मा | यूँ | ■ | 3 शि |
| ■ | यू | ■ | 4 जी | ली |
| ■ | 5 स | रा | व | गी |
| ■ | ■ | लो | ■ | ■ |
| ■ | 6 घ | 7 म | क | ना |
| ■ | ■ | सू | ■ | 8 थो |
| 9 ओ | गा | र | ना | ड़ा |

## सुडोकू-45

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 8 | | |
| | | 1 | 5 | | | | | 7 |
| | 3 | | | 8 | | 9 | | 4 |
| | | 5 | 2 | | | 7 | | 8 |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| 2 | | 9 | | | 6 | 1 | | |
| 7 | | 3 | | 9 | | | 8 | |
| | | | | | 1 | 5 | | |
| | | 6 | | | | 3 | | |

### सुडोकू - 44 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 9 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 9 | 5 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 11.36 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.58-12.42 तक।
दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 1 फरवरी 01.08 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

**वृष** — आज दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मिथुन** — आज कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें। किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। अप्रत्यक्ष रूप से आपके दुश्मन खड़े हो सकते हैं। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कर्क** — आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इंटरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारंभिक हिस्सा आपके लिए बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

**सिंह** — आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर अधीर न रहें। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपके द्वारा बोले गए वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

**कन्या** — आज आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक होगा। नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसके लिए अपना टीम मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें।

**तुला** — आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। बाधाओं के साथ काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को अधिकारी की डांट खानी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** — आज इंटरनेट के माध्यम से कुछ सीखने-पढ़ने का प्रयास करेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

**धनु** — आज सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। एकांतवास में रहने से मन हल्का होगा। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

**मकर** — आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। गुप्त प्रेम संबंधों के खुलने का भय हो सकता है। तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है।

**कुंभ** — आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।

**मीन** — आज भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। विवाहेतर संबंधों को यथासंभव टालने का प्रयास करें। आपको पर्याप्त मात्रा में नींद लेनी चाहिए। जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। बिजनेस के नए अवसर मिल सकते हैं।

## आज की फिल्में

**तकदीर का तमाशा** — सुबह : 10.00
**रंग** — रात : 07.00
**सेटर्स** — सुबह : 10.46
**केजीएफ : चेप्टर 2** — रात : 09.02

**मॉन्स्टर हंटर** — सुबह : 09.54
**स्पाइडर मैन 2** — रात : 08.45
**आवारापन** — सुबह : 10.30
**रावणासुर** — रात : 07.30
**दस** — सुबह : 09.53
**मोतीचूर चकनाचूर** — रात : 10.00

### आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-09.02 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया तो सारी लड़कियां देखते ही दीवानी हो गई।
लेकिन आते ही लड़के ने एक ऐसी बात कही की सब लड़कियां बेहोश हो गई।
सोचो लड़के ने क्या कहा होगा सोचो सोचो ...
लड़के ने कहा थोड़ी जगह देना बहन जी झाड़ू लगाना है।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया।
लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

## एक नजर

### दो बाइक सवार हुए घायल

**मटेरा, बहराइच :** नानपारा बहराइच हाइवे पर लालपुर शिवपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन से दुर्घटना हो गई। जिसमे दो घायल व्यक्ति घायल हुए हैं। घायलों को 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज गया है। प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी ने बताया कि मोटर साइकिल के रजिस्ट्रेशन नंबर से ई चालान एप से वास्तविक वाहन स्वामी का नाम लालता प्रसाद पुत्र भीम सिंह निवासी बुलाली पुरवा महुली कलां थाना कैसरगंज जनपद बहराइच ज्ञात हुआ। सी प्लान एप के माध्यम महुली कलां के ग्राम प्रधान का नंबर निकलकर वार्ता किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि दोनों घायल व्यक्तियों में से एक अन्नु वर्मा पुत्र बरसती लाल निवासी सोनारी थाना कैसरगंज जनपद बहराइच का है। दूसरे घायल व्यक्ति के विषय में जानकारी की जा रही है।

### मोतीपुर पुलिस ने छह को भेजा जेल

**मोतीपुर, बहराइच :** मोतीपुर थाना क्षेत्र के गुलरिया जगतापुर गांव में मंगलवार को पुलिस ने दबिश दी। पुलिस ने वारंट जारी होने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गांव निवासी लालजी पुत्र प्यारे लाल निवासी ग्राम महेशपुर, सियाराम पुत्र मिश्रीलाल निवासी गौड़ियाना, घनश्याम पुत्र बहाऊ निवासी राजापुर ग्रन्ट महेशपुर, सोनेलाल पुत्र मालती प्रसाद निवासी चिरैया दौलतपुर, विश्राम पुत्र गोबरे, रामलखन पुत्र खुशीराम निवासी चोरपुरवा गुलरिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### आग पर नियंत्रण के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

बहराइच। जनपद वन सम्पदा से आच्छादित है। जिसमें बहुमूल्य प्रजाति के साल, शीशम एवं सागौन आदि के वृक्षों के साथ-साथ अनेकानेक वन्य जीवों का भी प्राकृतवास है। प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच ने बताया कि वर्तमान समय में 15 फरवरी से 15 जून तक का समय अग्निकाल का है। उन्होंने बताया कि अग्निकाल में वनों/वन्य जीवों की अग्नि से सुरक्षा/संरक्षण हम सभी का पुनीत कर्तव्य है जिसके लिए आवश्यक है कि वनों को अग्नि से बचाया जाये एवं वनों में माचिस, बीड़ी, मिट्टी का तेल आदि अग्नि सम्बन्धी वस्तुओं तथा वाहनों आदि का अनाधिकृत प्रवेश पूर्णतया वर्जित हों। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हम सभी यह दृढ़संकल्प शपथ लें कि वनों/वन्य जीवों की अग्नि से सुरक्षा को परमधर्म से राष्ट्रधर्म मानते हुए वनों एवं उसमें प्राकृतवास करने वाले वन्य जीवों की प्रत्येक दशा में रक्षा करेंगे। वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रभागस्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 05252-233160 तथा प्रदेश मुख्यालय के हेल्पलाइन का दूरभाष संख्या 0522-2207951 पर वनाग्नि की सूचना दी जा सकती है।

# पंडाल में एक ओर मंत्रोच्चार तो दूसरी ओर पढ़ा गया निकाह

**आयोजन**

▸▸ **310 जोड़ों का हुआ विवाह अधिकारियों की देखरेख में मुख्यमंत्री विवाह कार्यक्रम**

तेजवापुर/बाबागंज

बाबागंज में आयोजित सामूहिक विवाह में शामिल मुख्य अतिथि और महसी में उपहार देते विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले के महसी और बाबागंज में मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ। जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में 310 जोड़ों का विवाह हुआ। इसके बाद सभी की सामूहिक विदाई हुई।

नवाबगंज ब्लाक परिसर में मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह हुआ। जिसमें 39 जोड़े हिन्दू रीत-रिवाज व तीन जोड़े मुस्लिम रीत रिवाज के साथ वर वधु एक परिणय सूत्र बंधन में बंध गए। नव दम्पति के रूप में वर वधु के चेहरे पर एक अलग खुशी की झलक दिखाई पड़ी। दोनों तरफ से आये बाराती व घरातियों में भी हर्षोल्लास के माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने दीप प्रज्वलित व पूजार्चना कर किया। सभी नव दम्पति के जीवन की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह , बीडीओ नवाबगंज राहुल पाण्डेय, एडीओ पंचायत असफाक अहमद द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया गया। सभी वर वधू सहित आए घरातियों व बारातियो ने भोजन ग्रहण कर बेटी को विदाई दी। उधर महसी विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय बैकुंठा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के मुख्य अतिथि महसी विधायक सुरेश्वर सिंह रहे। यहां पर 268 जोड़े दांपत्य जीवन में बंधे। मुख्य अतिथि विधायक सुरेश्वर सिंह ने कन्या दान किया। पुरोहित ने मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से विवाह संपन्न कराया। पूरे रीति रिवाज से 233 जोड़े ने फेरे लिए तो 35 मुस्लिम जोड़े को निकाह पढ़ाया गया। विधायक ने वर-वधू को सामग्री भेंटकर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि तेजवापुर प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय भाजयुमो जिला महामंत्री अरुणेंद्र सिंह अंकित भाजपा जिला मंत्री राम निवास जायसवाल, परियोजना निदेशक राजकुमार एसडीएम राकेश कुमार मौर्य, तहसीलदार पीयूष श्रीवास्तव सीओ अनिल कुमार सिंह बीडीओ महसी हेमंत कुमार यादव, तेजवापुर अजय प्रताप सिंह, सीडीपीओ सीमा इसराइल एसओ अंजनी राय एसओ हरदी संतोष कुमार सरोज, विनीत जायसवाल, अमरेज बहादुर सिंह, शेषमणि मिश्र,सचिव आनन्द विक्रम, आशीष कुमार, तौफीक अहमद, महेश पाठक , भूपेंद्र यादव ,हरिओम मिश्रा , वरिष्ट लेखाकार मानू श्रीवास्तव सहित सभी खण्ड विकास कार्यालय के आलाधिकारी व कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

# इलाज के बहाने एलआईसी एजेंट से सवा लाख की ठगी

▸▸ **पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच**

**बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के एक एलआईसी अभिकर्ता के आवाज मे बेटी के इलाज की आपात स्थिति बता साइबर ठग ने सवा लाख की रकम का चूना लगा दिया। जब ठगे गए पीड़ित ने दोस्त की बेटी के आप्रेशन की जानकारी ली तो उसके होश उड़ गए। न तो अभिकर्ता की बेटी बीमार थी न ही उसका आप्रेशन हुआ था। न ही उसने धन लेने को काल की थी। धोखाधड़ी का अहसास होते ही पीड़ित ने कोतवाली में केस दर्ज कराया है। नानपारा कोतवाली के भलुईया भारत निवासी सुनील कुमार त्रिपाठी पुत्र अशोक कुमार एलआईसी में अभिकर्ता हैं। 18 जून 2023 को सुबह दस बजे उनके मोबाइल पर काल आई कि वह अनिल सिंह एलआईसी मैनेजर बोल रहे है। बेटी का आप्रेशन होना है। सवा लाख की धनराशि की तत्काल आवश्यकता है। एक बैंक खाते का नम्बर बताया गया कि उसमे रकम डाल दे। इलाज की आपात स्थिति के मद्देनजर सुनील ने रकम उस खाते में भेज दी। उसी शाम सुनील ने मैनेजर के मोबाइल नम्बर पर स्वास्थ्य की जानकारी को काल की तो स्विच आफ मिला। दूसरे नम्बर पर काल की। तो मैनेजर अनिल सिंह ने बेटी का स्वस्थ होना बताया। उन्होंने न तो धनराशि मांगी थी। न ही उनकी बेटी का आप्रेशन हुआ था। सुनील के पैर से भूमि खिसक गई। उन्होंने जिस मोबाइल नम्बर से काल कर धनराशि मांगी गई। जिस बैंक खाते मे रकम स्थानांतरण हुई। उसका नंबर देते हुए कोतवाली में धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि केस दर्ज कर मामले को साइबर सेल को दिया गया है। जल्द ही मामले में खुलासा किया जाएगा।

# शव लेकर थाने जाने लगे ग्रामीण तो पुलिस ने रोका

## चाकू के हमले में घायल ग्रामीण की सोमवार को लखनऊ में हुई मौत

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के बारानिजाम गांव में जमा भीड़ और लोगों को समझती पुलिस। अमृत विचार

विशेश्वरगंज, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के ग्राम पंचायत बरानिजाम गांव में चार दिन पूर्व एक ग्रामीण पर अज्ञात लोगों ने चाकू से हमला कर दिया था। हमले में घायल ग्रामीण की सोमवार को लखनऊ में मौत हो गई। शव गांव पहुंचने पर परिवार के लोग नाराज हो गए। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव लेकर थाने जाने की जिद करने लगे। पुलिस के समझाने के बाद सभी ने अंतिम संस्कार किया।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरानिजाम के मजरा मनिहारनपुरवा निवासी मोहम्मद रईस (40) पुत्र हसमत को अज्ञात लोगों ने चार दिन पूर्व चाकू मार कर घायल कर दिया था। परिजन घायल को जिला अस्पताल ले गए थे। यहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लखनऊ मेडिकल कालेज इलाज के लिए रेफर कर दिया था। ग्रामीण की लखनऊ में इलाज के दौरान सोमवार दोपहर को मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। देर रात को ग्रामीण का शव पहुंचा तो सभी नाराज हो गए। मंगलवार सुबह आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नाराज हो गए। परिवार के लोग शव लेकर थाने ले जाने लगे। बवाल की जानकारी होने पर पयागपुर थाने की पुलिस भी बुला ली गई। पयागपुर और विशेश्वरगंज थाने की पुलिस ने ग्रामीणों को रोक दिया। थाने की पुलिस ने परिवार शव ले जाने से रोक लिया। परिवार के लोग नाराज हैं। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि सभी मान गए हैं। दोपहर तक शव का अंतिम संस्कार करवा दिया गया।

### दो थानों की पुलिस ने संभाला मोर्चा

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के बारानिजाम गांव में समुदाय विशेष के युवक की मौत के बाद काफी संख्या में भीड़ मंगलवार को एकत्रित हो गई। पयागपुर और विशेश्वरगंज थाने की पुलिस के समझाने के बाद सभी शांत हुए। प्रभारी निरीक्षक सूरज राणा ने बताया कि जल्द ही आरोपी पकड़ लिए जायेंगे।

### फरदा ने गोदौरा को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**पयागपुर, बहराइच :** युवा विकास टूर्नामेंट प्रतियोगिता में फरदा क्रिकेट क्लब की टीम ने गोदौरा टीम को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पयागपुर विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनकटा के मैदान पर चल रही युवा विकास क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता के तीसरे दिन फरदा की टीम ने टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवरों में 8 विकेट खोकर शानदार 118 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोदौरा क्रिकेट क्लब की टीम निर्धारित ओवर में सिर्फ 99 रन ही बना सकी, नतीजन 20रनों से पराजित होकर उसे प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। टीम की तरफ से एक मात्र बल्लेबाज साजिद ने 30 रनों की पारी खेली,इसके अलावा कोई अन्य खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नही कर सका। प्रतियोगिता में डा ओकर नाथ त्रिपाठी, कीर्तिदेव पाण्डेय,श्रीधर,मनोज प्रधान,सुमित,सचिन,सुलभ सहित सैकडों की संख्या में दर्शक क्रिकेट मैच का आनन्द लेने मौजूद रहे।

# सरकार द्वारा दी गई जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

**शिकायत**

▸▸ **राजस्व टीम पर कब्जा करवाने का लगाया आरोप, डीएम को दिया पत्र**

बहराइच

दबंगों की शिकायत के लिए डीएम को फरियाद देने आया ग्रामीण।

**अमृत विचार:** जनपद के बंजरिया गांव निवासी ग्रामीणों को सरकार की ओर से चकबंदी में जमीन दी गई थी। लेकिन उस जमीन पर राजस्व विभाग ने दबंगों को कब्जा दिलवा दिया है। इसको लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं। पुलिस और तहसील प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

नानपारा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंजरिया के मजरा मोतीपुरवा निवासी वीर सिंह पुत्र नंद किशोर, मदन सिंह पुत्र उत्तम सिंह, सुभाष सिंह और जुगरा देवी पत्नी बाबादीन ने जिलाधिकारी मोनिका रानी को शिकायती पत्र दिया है। डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में सभी का कहना है कि वह सभी वर्षों से अपनी पुश्तैनी जमीन पर रहते हैं। सभी बाढ़ और कटान प्रभावित हैं। जिसके चलते 30 वर्ष पूर्व सरकार ने चकबंदी के तहत जमीन गाटा संख्या 2033 ख दिया था। इस जमीन पर सभी रह रहे थे। लेकिन गांव निवासी संचित वर्मा, अरविंद वर्मा, भोला और मंजू देवी ने दबंगई के बल पर राजस्व विभाग को घूस दे दिया। राजस्व टीम ने उनकी जमीन पर दबंगों को कब्जा दिलवा दिया। विपक्षियों ने खुली गुंडई की। इसकी जानकारी कोतवाली में देने के साथ एसडीएम को भी दी गई। लेकिन राजनीतिक दल के हस्तक्षेप के चलते उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वह सभी बेघर हो गए हैं। वीर सिंह का कहना है कि वह सब जमीन क्या भाव में कहां जाएं उसने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है उसका कहना है कि तीन माह से अधिक समय बीत गए हैं, लेकिन पुलिस और तहसील प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रही है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को जांच के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# आरएएफ संग पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

फ्लैग मार्च करती पुलिस और आरएएफ के जवान। अमृत विचार

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार :** रिसिया कस्बे में संयुक्त रूप से केंद्रीय रिजर्व पुलिस आरएएफ और पुलिस ने फ्लैग मार्च किया,उनके संग दंगा नियंत्रण वज्र वाहन भी था। फ्लैग मार्च का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह कर रहे थे। आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रिसिया थाने की पुलिस फोर्स के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस ने नगर के नानक पुरा, शास्त्री नगर, सरस्वती नगर, इंदिरा नगर, आजाद नगर सहित रेलवे स्टेशन चौराहे तक रूट मार्च किया, रिसिया थाना क्षेत्र संवेदन शील तथा नगर रिसिया अति संवेदन शील माना जाता है।

**क्रिकेट टूर्नामेंट की हुई शुरूआत**

**बहराइच, अमृत विचार :** युवा विकास के लिए संकल्पित कुटुम्ब सेवा समिति द्वारा अंतर्जनपदीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। पयागपुर के अंतर्गत बनकटा स्थित जूनियर स्कूल के प्रांगण में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। उदघाटन मैच कोरियनपुरवा बनाम मधनगरा के बीच खेला गया। इस दौरान मुख्य रूप से ओंकार नाथ त्रिपाठी, कीर्ति पाण्डेय, ओमप्रकाश त्रिपाठी, आर्यन त्रिपाठी, सत्यम सहित तमाम क्षेत्रवासियों ने उपस्थित रहकर युवा खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। इस टूर्नामेंट में कई क्षेत्रीय टीमें प्रतिभाग करेंगी।

## सार-संक्षेप

### जिला आगमन पर रंजीता का हुआ स्वागत

अयोध्या से आने पर रंजीता का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में श्री राम तीर्थ ट्रस्ट के द्वारा जनपद के कुछ चुनिंदा लोगों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें सामाजिक समरसता की प्रांतीय टोली की सदस्य रंजीता बाल्मीकि को आमंत्रित किया गया था। रंजीता के बहराइच वापस लौटने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक समरसता विभाग की ओर से श्री रामचरितमानस भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख राज किशोर, नगर कार्यवाह शिवम, सामाजिक समरसता मंच के जिला संयोजक रजनीश, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री अंकुल, सचिन व कई अन्य साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सम्मानित होने के बाद रंजीता वाल्मीकि ने बताया कि यह हमारा सौभाग्य है की श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में हमें शामिल होने का अवसर मिला।

### देश की आजादी के लिए जान देने वाले लोगों को किया याद

कलेक्ट्रेट में मंगलवार को श्रद्धासुमन अर्पित करते सिटी मजिस्ट्रेट और अन्य।

**बहराइच, अमृत विचार :** देश की आजादी के लिए अपने प्राण देने वाले शहीदों की याद में बुधवार को शहीद दिवस मनाया गया। अधिकारियों ने मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान को याद में प्रतिवर्ष 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रपिता की तरह अन्य वीरों ने देश को आजादी दिलाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिया था। उन सभी की याद में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में शहीद दिवस मनाया गया। स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में कलेक्ट्रेट प्रांगण में दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित कलेक्ट्रेट व कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### इंडियन बैंक की ओर से सम्मानित हुई सुनिष्ठा सिंह

सुनिष्ठा को सम्मानित करते इण्डियन बैक के उपमहाप्रबंधक।

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** इंडियन बैंक शाखा कैसरगंज की ओर से समारोह आयोजित कर पीसीएस की परीक्षा मे 16वां स्थान प्राप्त करने वाली सुनिष्ठा सिंह को बैंक के उपमहाप्रबंधक रवीन्द्र सिंह ने प्रतीक चिन्ह व बैक का मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इण्डियन बैंक की शाखा कैसरगंज मे सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमे पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली सुनिष्ठा सिंह को बैंक के उपमहाप्रबंधक/ मण्डल प्रमुख रवीन्द्र सिंह, व शाखा प्रबन्धक रोशन रंजन ने फूलो का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया तथा प्रतीक चिन्ह व बैंक का मोमेंटो देकर उनको सम्मानित किया।सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए इण्डियन बैंक के उपमहाप्रबंधक श्री सिंह ने कहा कि सुनिष्ठा सिंह का पूरा परिवार इण्डियन बैक की शाखा से जुडा हुआ है। उनकी इस सफलता से पूरा जनपद अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होने सुनिष्ठा सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन,कुंवर विजयन्त सिंह,सहायक प्रबन्धक विभा दिवाकर,प्रबन्धक ऋण दीपिका रावत, मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।

# मेला देखने गए वृद्ध का खेत में मिला शव

मटेरा, बहराइच

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गौरा धनौली गांव निवासी एक वृद्ध सोमवार शाम को रिसिया क्षेत्र में स्थित सिक्खनपुरवा गांव में रिश्तेदारी में मेला देखने गया था। मंगलवार सुबह उसका शव विद्यालय के निकट खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरा धनौली निवासी जगदीश सिंह (65) पुत्र गुरु बक्श सिंह की रिश्तेदारी रिसिया थाना क्षेत्र के सिक्खनपुरवा गांव में है। गांव में इस समय माघ मेला चल रहा है। वृद्ध सोमवार को मेला देखने गया, लेकिन रात बीतने पर भी वह घर नहीं पहुंचा। कहीं मंगलवार सुबह गांव से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित सहदेई गांव में विद्यालय के पास खेत में एक वृद्ध का शव पड़ा होने की सूचना मिली। आसपास के लोगों ने वृद्ध की पहचान की। इसके बाद सूचना उसके गांव दी गई। प्रभारी निरीक्षक प्रमानंद तिवारी ने बताया कि मृतक के पुत्र शमशेर सिंह की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि वृद्ध की मौत हृदय गति रुकने से होने का मामला सामने आ रहा है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# 172 लोगों को नौ कंपनियों में मिला रोजगार

**आयोजन**

▸▸ **विधायक प्रतिनिधि ने सभी को वितरित किया प्रणाम पत्र**

मिहींपुरवा, बहराइच

रोजगार मेले में मुख्य अतिथि का स्वागत करतीं अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ब्लॉक सभागार में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। चयनित अभ्यर्थियों को विधायक प्रतिनिधि ने प्रमाण पत्र वितरित किया।

मिहींपुरवा विकास खण्ड सभागार में आयोजित रोजगार मेले में तहसील क्षेत्र के भारी संख्या अभ्यर्थीयों ने प्रतिभाग किया। अपर जिला सेवा योजन अधिकारी प्रीति पाण्डेय ने बताया की सरकार द्वारा युवाओं के रोजगार के लिए चलायी जा रहे रोजगार मेले का आयोजन जिला मुख्यालय पर समय समय पर होता रहता है।मुख्यालय से अधिक दूरी होने के कारण मिहींपुरवा के युवा अधिकतर इस कार्यक्रम से वँचित रह जाते थे।।इस लिए इस बार कार्यक्रम केंद्र मिहींपुरवा को रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि बलहा विधायक प्रतिनिधि अलोक जिंदल ने अपने सम्बोधन में मेले में पहुंचे आँगनतुकों को अपने संघर्ष के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उत्साहित करते हुए बताया की संघर्ष से जीवन में निखार आता हैं, जितना अधिक संघर्ष होता है उतनी हीं बड़ी जीत की ख़ुशी मिलती है।ततपश्चात् रोजगार हेतु चयनित 30अभ्यर्थीयों को न्युक्ति पत्र वितरित किया। सूचना के अनुसार इस मेले में लगभग 9 कम्पनीयों के द्वारा 172अभ्यर्थीयों को चयनित किया गया। ज़ब की मेले में कुल 243 युवाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर अपर जिला सेवा योजना अधिकारी प्रीति पाण्डेय, अनुदेशक सेवायोजन भाषा मो. अजमल, पूर्व एम आई एस मैनेजर खजाँची लाल यादव, मेला प्रभारी राहुल वाजपेयी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक( दीनदयाल )भानु प्रताप, जिला कौशल प्रबंधक रवि पाठक, एवोक इंडिया डी सी व्लॉक मिहींपुरवा मनीष पाण्डेय, डिस्टिक कोऑर्डिनेटर कौशल विभाग नसीम खान समेत आदि संबंधित मौजूद रहे।

**चर्चा** एसपी सिटी की जांच में के बाद एसपी ने जरवल रोड थानाध्यक्ष को किया लाइन हाजिर, विशेश्वरगंज थानाध्यक्ष पर विवेचना पड़ी भारी

# चौकी इंचार्ज पर आरोप मढ़ने वाले थानाध्यक्ष भी पहुंचे लाइन

बहराइच

जरवल में पूर्व बना मकान।

रात में मकान गिरवाने के बाद खाली स्थान।

**अमृत विचार:** जरवल रोड थानाध्यक्ष को भू माफिया का पक्ष लेना भारी पड़ गया। जरवल चौकी इंचार्ज को जिस मामले में आरोप लगाकर लाइन हाजिर किया गया। उसी मामले की जांच में थानाध्यक्ष की कुर्सी चली गई। थानाध्यक्ष विशेश्वरगंज को विवेचना में लापरवाही के चलते कुर्सी गंवानी पड़ी। अपराध पर अंकुश न होने का भी एक कारण सामने आ रहा है।

जरवल रोड थाना क्षेत्र के हरचंदा में एक विवादित जमीन है। इस जमीन पर एक भूमिया और एक पीड़ित अपना हक जता रहा है। पीड़ित द्वारा कई बार प्रार्थना पत्र डीएम, एसडीएम और थानाध्यक्ष को दिया गया। जरवल के तत्कालीन चौकी इंचार्ज दीवान असलम खान ने पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए कदम आगे बढ़ाया तो उनके ही विभाग के लोगों को कदम नागवार गुजर गया। इसका आलम रहा कि चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर कर दिया था। इतना ही नहीं चौकी इंचार्ज के अवकाश पर होने के दौरान रात में पीड़ित के मकान को बुलडोजर से गिरा दिया गया। इस पर पीड़ित ने एसपी से शिकायत की। ग्रामीण और चौकी इंचार्ज की बात एसपी बृंदा शुक्ला तक पहुंच गई। इस पर एसपी ने एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा को जांच सौंपी। तीन दिन में मिली रिपोर्ट में प्रभारी निरीक्षक जरवल रोड विनोद कुमार राव की संलिप्तता मिली। इस पर एसपी ने सोमवार देर रात को प्रभारी निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं विशेश्वरगंज के थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा को विवेचना में लापरवाही और पांच दिन पूर्व हुए चाकू से किया गया हमला ले डूबा। परिवार की शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसको एसपी ने गंभीरता से लिया। जिसमें सूरज राणा भी थानाध्यक्ष से लाइन भेज दिए गए।

### अन्य पुलिस कर्मी भी हो सकते हैं शामिल

कोड कैसे चलने के बाद भी विवादित जमीन पर माफियाओं के साथ मिलकर बुलडोजर की कार्रवाई करने में जरवल चौकी के दरोगा दीवान और अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल है। ऐसे में एसपी सिटी की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक अन्य पर भी कार्रवाई कर सकती हैं। इसको लेकर चौकी के सिपाहियों में हड़कंप है।

### एसपी को सौंपी रिपोर्ट

जरवल में विवादित जमीन पर हुई कार्रवाई के मामले में पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट दे दी गई है। उनके द्वारा ही कार्रवाई की जाएगी इसमें उनका कोई रोल नहीं है।

–रामानंद कुशवाहा, एएसपी सिटी

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रवृत्तवाक् विचित्रकथ ऊहवान् प्रतिभानवान्।
आशु ग्रन्थस्य वक्ता च य: स पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति बोलने की कला में निपुण हो जिसकी वाणी लोगों को आकर्षित करे, जो किसी भी ग्रंथ की मूल बातों को शीघ्र ग्रहण करके बता सकता हो, जो तर्क-वितर्क में निपुण हो, वही ज्ञानी है।

## संपादकीय

# प्रतिस्पर्धी वैश्विक राजनीति

भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता तेज हो गई है और सत्ता व रसूख के लिए संघर्ष नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। चीन का एक मात्र लक्ष्य एक एशियाई ताकत के रूप में अपने रुतबे को और अधिक बढ़ाना, हिंद महासागर के विशाल संसाधनों तक अपनी पहुंच बनाना, भारत की घेराबंदी करना, संचार की महत्वपूर्ण समुद्री लाइनों को सुरक्षित करना और विशेष रूप से शिनजियांग और तिब्बत जैसे अपने अस्थिर क्षेत्रों में आर्थिक विकास की शुरुआत करना है। जबकि भारत वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से 'वैश्विक दक्षिण' का नेतृत्व करने और विश्व राजनीति में प्रमुख हितधारक बनने के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा रखता है। पड़ोस में जटिलताओं से उसके प्रयासों में बाधा आ रही है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय व्यवस्था में रणनीतिक वर्चस्व के लिए भारत और चीन होड़ करते रहे हैं और सीमा विवादों में उलझे रहते हैं। हालांकि, अपने तमाम मतभेदों के बावजूद दोनों देशों ने अतीत में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सहयोग भी किया है। वास्तव में वैश्विक राजनीति एक प्रतिस्पर्धी खेल है। ऐसे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर का यह कहना महत्वपूर्ण है कि चीन भारत के पड़ोसी देशों को प्रभावित करेगा और भारत को ऐसी 'प्रतिस्पर्धी राजनीति' से नहीं डरना चाहिए। एक प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के नाते, चीन संसाधनों का इस्तेमाल करके चीजों को अपने तरीके से आकार देने की कोशिश करेगा।

भारत ने अतीत में वैश्विक उथल-पुथल का सामना अच्छी तरह से किया है। फिर भी दक्षिण एशिया में राजनीतिक रूप से भारत विरोधी शासनों का उदय चिंता की बात है। भारत और मालदीव के बीच तनावपूर्ण संबंध हैं। विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि हर देश के पड़ोस में समस्याएं हैं। हमारा काम अनुमान लगाना, आकलन करना और प्रतिक्रिया देना है। अंत में पड़ोसियों के एक-दूसरे के साथ संबंध रहते हैं। राजनीति और कूटनीति को परिभाषित करते हुए जयशंकर ने अहम बात कही कि राजनीति में तीखे रुख अपनाए जाते हैं और कूटनीति हमेशा उन तीखे रुख से नहीं चलती। आखिरकार, पड़ोसियों को एक-दूसरे की जरूरत होती है। इतिहास और भूगोल बहुत शक्तिशाली ताकतें हैं। इससे कोई बच नहीं सकता। इन हालात में आगे बढ़ने के लिए भारत को आर्थिक कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए और सकारात्मक संबंधों के लिए अपने 'सॉफ्ट पावर' का उपयोग करना चाहिए। विकसित हो रहे दक्षिण एशियाई परिदृश्य में एक स्थिरताकारी शक्ति बनने के लिए रणनीतिक संचार, क्षेत्रीय मंचों में सक्रिय भागीदारी और दीर्घकालिक दृष्टिकोण भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# बदल रही है भारतीय खेती

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है।

भारतीय खेती के पिछड़ेपन का मुख्य कारण भूमि सुधार संस्थागत सुधार और तकनीकी सुधारों में पिछड़ापन तो रहा ही,साथ में कभी उसको एक व्यवसाय के रूप में न देखकर मात्र आजीविका के रूप में देखने की सोच भी रही है। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान कृषि का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के आर्थिक हितों की पूर्ति करना था। हालांकि स्वतंत्रता पश्चात भारत ने कई कृषि सुधारों को लागू किया है। पचास और साठ के दशक के सुधार कृषि उत्पादकता और आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर केंद्रित थी। हरित क्रांति का उद्देश्य उच्च उपज वाली फसल किस्मों,आधुनिक कृषि तकनीकों और सिंचाई सुविधाओं की शुरूआत के माध्यम से कृषि उत्पादकता को बढ़ाना था। यह भारत को खाद्य अल्पता की स्थिति से आत्मनिर्भर राष्ट्र में बदलने में सफल रहा। सरकार ने भूमि हदबंदी कानूनों के माध्यम से भूमि के पुनर्वितरण के प्रयास किए जिसका उद्देश्य सामंती भूमि स्वामित्व प्रणाली को तोड़ना था। हालांकि उद्देश्य अच्छा था,परंतु कार्यान्वयन खराब होने के कारण विभिन्न राज्यों में इसका प्रभाव अलग-अलग रहा। 1990 के दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण और बढ़त निजीकरण के चलते कृषि नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। निर्यात बाधाएं हटी और किसानों को नकदी फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इससे जहां नए अवसर खुले,वहीं छोटे किसानों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता का भी सामना करना पड़ा। प्रौद्योगिकी में प्रगति से कृषि में नए रास्ते आए।

भारतीय कृषि देश की लगभग 58 प्रतिशत जनसंख्या के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। वर्तमान में हमारे देश में 196 मिलियन टन फल एवं सब्जी तथा 305 मिलियन टन खाद्यान्न, 36 मिलियन टन दाल, 34 मिलियन टन तिलहन तथा 27 मिलियन टन शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 18 प्रतिशत योगदान देती है। संस्थागत सुधारों के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा पिछले एक दशक में उठाए गए कदम महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लक्ष्य वर्ष 2024 तक 100 मिलियन हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई प्रदान करना है। नई नहरों एवं बांधों का

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है।

निर्माण,मौजूदा नहरों और बांधों का नवीनीकरण और आधुनिकीकरण,सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा भूजल पुनर्भरण किसानों का क्षमता निर्माण, इसके प्रमुख लक्ष्य हैं। मार्च 2023 तक इस योजना के अंतर्गत लगभग 30 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित की गई थी। परंपरागत कृषि विकास योजना किसानों को पारंपरिक कृषि के लिए प्रशिक्षण,इनपुट और सुनिश्चित खरीद गारंटी प्रदान करती है। स्वाभाविक रूप सुधारों से कृषि उपज में वृद्धि हुई है और उसके मार्केटिंग की समस्या भी किसानों के समक्ष आती है। सरकार भले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों की उपज खरीदती है,परंतु यह सिर्फ कुछ गिने-चुने फसलों के लिए है। कृषि उपज के विपणन, प्रसंस्करण,पैकेजिंग,ग्रेडिंग और निर्यात पर ध्यान न देने के कारण कृषि उपज बिक्री और निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। विश्व के कुल कृषि उपज निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 2.4 प्रतिशत ही है। सरकार ने फसल विविधीकरण पर जोर दिया,ताकि किसान गेहूं-धान-गन्ना जैसी चुनिंदा फसलों की खेती से आगे बढ़कर बागवानी,मछली पालन,दुग्ध उत्पादन जैसी आयपरक गतिविधियों में संलग्न हों। कृषकों को उनकी उपज का उचित एवं प्रतिस्पर्धी मूल्य दिलाने के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) की शुरुआत की गई है। इससे किसान बिना किसी बिचौलियों के अपनी उपज बेच रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) द्वारा संचालित ई-नाम किसानों को देशभर के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एकल मंच प्रदान करता है। इससे किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर और प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलती है और मूल्य में उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करने में भी सहायता मिलती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी रिसर्च के अनुसार ई-नाम के माध्यम से अपनी उपज बेचने वाले किसानों को पारंपरिक मंडियों की तुलना में औसतन 10 प्रतिशत अधिक मूल्य प्राप्त हुआ है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार ई-नाम से कृषि वस्तुओं की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत अस्थिरता कम हो गई है। छोटे किसानों को बाजार व्यवस्था से जोड़ने के लिए सरकार 22 हजार ग्रामीण हाटों के बुनियादी ढांचे में सुधार कर उन्हें आधुनिक बना रही है।

उक्त सुधारात्मक प्रयासों के अतिरिक्त किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) का गठन छोटे और सीमांत किसानों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। देश में छोटे और सीमांत किसानों की संख्या लगभग 12 करोड़ से अधिक हैं। यह कुल किसानों का लगभग 86 प्रतिशत हैं। इनकी कृषि जोत का औसत आकार 1.10 हेक्टेयर से कम है। इन किसानों को उत्पादन से जुड़े कार्यों और बाजार तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई होती है। एफपीओ द्वारा अपने सदस्य किसानो से फल-फूल, सब्जी, मछली आदि से संबंधित उपजों को खरीदकर सीधे कंपनियों को बेचा जाता है। सरकार ने वर्ष 2024 के अंत तक दस हजार एफपीओ बनाने का लक्ष्य रखा है जिससे लगभग 30 लाख किसान लाभान्वित होंगे। नाबार्ड के अनुसार वर्ष 2020-22 के मध्य एफपीओ से जुड़े किसानों की कृषि उत्पादकता में 31.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एफपीओ के माध्यम से पिछले तीन-चार वर्षों में वाराणसी कृषि उपज के निर्यात का एक हब बनकर उभरा है। वर्ष 2022 में वाराणसी एयरपोर्ट से 541 मीट्रिक टन कृषि उपज का निर्यात किया था,जो गतवर्ष बढ़कर 655 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग 20 हजार किसान 50 एफपीओ से जुड़कर अपनी फसलों का निर्यात कर रहे है। स्पष्ट है सरकार बिचौलियों को हटाकर सीधे किसानों को निर्यातक बना रही है। राजस्थान के झुंझुनू जिले के लांबी अहीर गांव में एक एफपीओ ने अपने 300 सदस्यों के साथ 800 कुंतल सरसों की कटाई और बिक्री की है। यहां की महिला सरपंच नीरू यादव द्वारा संचालित एफपीओ ने 50 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया है। किसानों का संगठन अब 5 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एक कृषि-प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है। इतना ही नहीं लैंगिक समानता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस एफपीओ ने 150 महिला किसानों को उनके पुरुष समकक्षों के साथ इक्विटी धारकों के रूप में शामिल किया है। बिहार के बख्तियारपुर, एकंगरसराय, बाढ़ और हरनौत के लगभग 3273 किसानों ने एफपीओ के माध्यम से अपने सब्जियों को सीधे दिल्ली,नोएडा जैसे बड़े शहरों में बेचना शुरू कर दिया है। राजगढ़ (मध्य प्रदेश) के एफपीओ और एफपीसी के छोटे-छोटे किसान अब बड़ी-बड़ी कंपनियों से आंखों में आंखें डालकर अपनी फसलों का सौदा तय करते हैं। यह आत्मविश्वास उन्होंने एफपीओ की सामूहिक शक्ति से पाया है।

खेती के बदलते चेहरे में एक महत्वपूर्ण जैविक (आर्गेनिक) खेती को मिल रहा बढ़ावा भी है। अत्यधिक फसल उत्पादन की होड़ में अंधाधुंध रासायनिक खाद तथा पेस्टिसाइड के प्रयोग तथा सिंचाई प्रबंधन खराब होने के कारण देश की अधिकांश मिट्टी तथा पानी की स्थिति खराब हो गई है। देश के 700 जिलों में से लगभग 256 जिलों में अत्यधिक भूजल दोहन के चलते भूजल स्तर बहुत नीचे जा चुका है। जैविक खेती को बढ़ावा देने के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्वायल हेल्थ कार्ड योजना,परंपरागत कृषि विकास योजना, नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन आदि योजनाएं चलाई जा रही है। इन सब प्रयासों से भारत में जैविक उत्पादों का बाजार प्रति वर्ष 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। अभी यह बाजार लगभग 1.20 लाख मिलियन रुपये का है। आज भारत में कुल 4.43 मिलियन हेक्टर में जैविक खेती की जा रही है, जो वैसे तो कुल कृषि क्षेत्रफल का दो प्रतिशत ही है,परंतु विश्व में इसका पांचवा स्थान है। जाहिर है भारतीय खेती अब तेजी से बदल रही है। खेती किसानी के सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए सरकार और खुद किसान दृढ़ संकल्पित हैं।

## व्यंग्य

# लात और हैसियत

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

किसी को लतिया देना,हमारी महान सभ्यता की गौरवशाली परंपरा है। आमतौर पर या तो हम किसी को लतियाते है या खुद लतियाये जाते हैं। यही भारतीय जीवन पद्धति है। हम हमेशा चाहते हैं कि जिसने कभी भूतकाल में हमसे ये सद्व्यवहार किया हो,मौका मिलते ही उसका कर्जा सूद समेत लौटा सकें। जब भी ऐसा कर पाते हैं हम,हल्के हो जाते हैं, खुशी मिलती है और लगता है कि धरती पर अभी न्याय बचा हुआ है। हालांकि पेट पर भी लात मारी ही जाती है,पर इस बाबत लोग कुछ ज्यादा ही बुरा मान जाते हैं। ऐसे मे इस काम के लिए पिछवाड़ा ज्यादा मुफीद जगह है। यदि आप किसी को लतियाना तय कर ही चुके हैं तो फिर सामने वाले के लात मारते वक्त किसी भी तरह का लिहाज करना ठीक नहीं। किसी को लतियाना,फिर उसे चींचीं करके हुए देखना परमानंद है।

वैसै किसी को लतिया देने के लिए हमारे पास कोई वाजिब कारण हो ही ये कतई जरूरी नहीं है। ये तो मन की मौज भर भी हो सकती है। पेट भरा है हमारा,करने को कुछ खास है नहीं, सामने कोई लाचार दिख गया है तो यह कार्य केवल मजे मजे के लिए भी किया जा सकता है। लतियाया गया आदमी यदि कमजोर है तो वो ऐसे व्यवहार से चौंकता नहीं। या तो उसे इसकी आदत होती है या वह आपसे ऐसा ही कुछ किए जाने की उम्मीद लेकर आया होता है। ऐसे लोगों को लतियाना कोई खास मजेदार नहीं होता। बहुत बार ऐसा करने के बाद उस पर दया करने की,उसे पुचकारने की इच्छा भी हो सकती है आपकी,जो कि घाटे का सौदा होती है। शातिर लोग तो खुद ही ऐसा माहौल बना देते हैं कि आप उन्हें लात मारे बिना रह न सके और बाद में वे पांव पकड़ कर अपनी बात मनवा लें।

हालांकि लतियाते वक्त ज्यादा सोचा विचारा नहीं जाता। फिर भी यदि सामने वाला बंदा आपसे हर लिहाज से कमजोर हो और निकट भविष्य मे भी उसके कमजोर ही बने रहने की उम्मीद हो तो ठीक रहता है। होता ये है कि जिस आदमी को लतिया दिए जाने की आदत नहीं होती वो शुरू-शुरू में इसका थोड़ा बहुत बुरा मान जाता है। उसका बुरा मानना जरूरी भी है ,वरना लतिया देने का सारा मजा ही किरकिरा हो सकता है। कमजोर को लतिया लीजिए पर नंगों से दूर रहिए। इसलिए क्यों नंगों से खुदा भी डरता है। नंगों का कोई भरोसा नहीं। खोने को कुछ होता नहीं उसके पास ऐसे में वो निडर हो जाता है,उससे उलझने में उल्टे बांस बरेली वाली नौबत आ सकती है। किसी को अकेले में लतियाना भी मजा कम कर देता है। जंगल में मोर नाचेगा तो कौन देखेगा? यह काम चार लोगों से सामने कीजिए। आपकी शोहरत में चार चांद लगेगे इससे और देखने वाले बिना आपकी लात खाए आपको बड़ा और काम का आदमी मान लेंगे। यदि आप एक साथ पच्चीसों को लतिया सकते है तो यकीनन आपकी इज्जत तो बढ़नी ही है। इससे आपका लतियाना सामने वाले को भी शोहरत बख्श सकता है।

एक फायदा और है इससे। ऐसा करके आप अपनी औकात का भी अंदाजा लगा सकते हैं। लात और हैसियत का सीधा संबंध है। हमारे देश में हैसियत वाला ही लात मार सकता है और लात चलाने की हिम्मत रखने वाले के हैसियतदार हो जाने की पूरी गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। आपके लात मारने के बाद सामने वाला यदि आपकी कॉलर न पकड़े,आपके प्रति और अधिक आदर भाव से भर उठे तो इसका मतलब यही है कि आप हैसियत वाले हैं और जैसा कि आपको पता ही है हमारे यहां हैसियत वाले आदमी को ही इज्जतदार कहा जाता है। हालांकि ऐसा कम ही होता है,पर बहुत से कमजोर ऐसे ही खब्ती होते हैं,जो अपनी इज्जत की चिंता करते हैं। उन्हें लगता है कि उनके पास वही है जिसे बचाना जरूरी है। ऐसे में वो भी अपनी लातों का इस्तेमाल कर सकता है। जब भी ऐसा हो तो किसी को कानों कान खबर न होने दें। इसे अपने तक रखिए। सामने वाले से हाथ मिला लें और उस दिन का इंतजार करें जब वो बिल्कुल गाफिल हो और आप उसे दोबारा,पिछली बार से भी ज्यादा करारी लात मार सकें।

एक सवाल जो पूछा ही जाना चाहिए कि यदि किसी को लतिया देने का ख्याल आता कहां से है? आमतौर पर ये आता है कि भरी जेब से,जेब की गर्मी सीधे दिमाग पर असर करती है और ऐसे हर शख्स का मन अपनी लात इस्तेमाल करने के लिए कुलबुलाने लगता है। भरी जेब होने के बाद भी जो आदमी अपनी लात को काबू में रखे हमारे यहां तो लोग उसको रसूखदार मानने के लिए ही राजी नहीं होते। यदि आप ऐसा नहीं करते तो अब करके देखिए। अच्छा लगता है।

# लोक संस्कृति का आधार है बोली

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है।

लोक संस्कृति सामान्य जन की संस्कृति है। सामान्य जन का जीवन बोली में ही व्यतीत होता है। इसलिए लोक संस्कृति अनिवार्य रूप से बोली में होती है। बालक को बोली के रस से पहला परिचय मां के द्वारा होता है। पहला बोल मां का होता है। अमृत एक मीठी कल्पना है,लेकिन मां का बोल वास्तविक है और वह इस कल्पना से अधिक मीठा है। बालक का पहला संस्कार "भाषिक संस्कार" होता है और यह संस्कार मां की लोरी से होता है "हलराबै दुलराइ मल्हाबै जोई सोई कछु गावै।" अपने बालक में मां अपने को भूल जाती है। अपने को भूलना ही तो आत्मप्रतीति है और रस का प्रतिपादन करते हुए आचार्य अभिनव कहते हैं यह आत्मप्रतीति ही रस है। मां बालक में खो जाती है और बालक मां के रूप में अपने को पा जाता है। यह बोली की रस प्रक्रिया है।

बालक मां का दूध पीते-पीते दुलार में कहे गए शब्दों को सुनता है और मां के भावों से परिचित होते-होते शब्दार्थ को सीख जाता है। फिर उसी बोली में दादी और नानी उसे कहानी सुनाती हैं, उसी बोली में जीजी पहेली पूछती है,उसी बोली में काकी गीत गाती है और मौसी कहनावत कहती है-ग्वाल-बाल सखा-मंडली उसी बोली में आंख-मिचौनी खेलती है। छठी से लेकर विवाह तक के संस्कार बोली के मांगलिक गीतों के संग होते हैं। देवी-देवताओं को बोली में मनाया जाता है,पति-पत्नी का प्यार बोली में ही छलकता है। प्यारी बोली में रूठ जाती है तो प्रियतम बोली में ही मनुहार करता है। इस परस्परता के भाव में बोली का रस अंतर्निहित है। बोली परिवार और समुदाय की जिंदगी के साथ जल से लहर की तरह जुड़ी होती है। हर सुख-दुख में बोली उसके साथ रहती है। वह प्रगाढ़ आत्मीयभाव कोई दुराव नहीं,कोई छिपाव नहीं,कोई औपचारिकता नहीं,अकृत्रिम सहज भाव हृदय की मुक्तावस्था आचार्य शुक्ल कहते हैं- इसी का नाम रसदशा है। हम कहीं परदेश में हों और वहां हमें किसी से अपनी बोली सुनने को मिल जाए तो जान-पहचान के अभाव में भी एक आत्मीय भाव जगता है,क्योंकि बोली अपने मूल रूप में समष्टि चित्त पर परिवेश का प्रतिबिंब है। बोली नैसर्गिक दाय है। बोली से विच्छिन्न होने का मतलब है, अपनी जड़ों से कट जाना।

शतकोटिजन के परिवेश में असंख्य भिन्नताएं हैं- कहीं पहाड़ है तो कहीं समुद्र है,कहीं जंगल हैं तो कहीं गांव है,कहीं झोपड़ी है तो कहीं बहुमंजिले महल हैं। सामाजिक,आर्थिक,शैक्षिक और सांस्कृतिक परिवेश की भिन्नताओं के कारण शतकोटिजन का संवाद विविधताओं का संवाद है। इस संवाद के अनेक स्तर हैं। इस संवाद की असंख्य शैलियां हैं और इस संवाद के विभिन्न रूप हैं। इसी कारण बोलियों में विविधता है। यह विविधता नैसर्गिक है और नैसर्गिक है इसलिए अपरिहार्य है। जैसे संवाद और परस्परता अन्योन्याश्रय है,वैसे ही संवाद और बोलियां भी अन्योन्याश्रय है। संवाद होता है तो बोलियां बनती है और बोलियां बनती हैं तो संवाद होता है। सामान्यजन का संवाद सामान्य से होता है, सामान्य के माध्यम से होता है, बोली में होता है। यही कारण है कि जब बुद्ध और महावीर सामान्यजन से संवाद करने निकले,तो पाली और प्राकृत में बोले।

कबीर को भाषा के 'सामान्य तत्व' की बड़ी गहरी पहचान थी,बोले-संसकिरत है कूप जल भाखा बहतानीर। विद्यापति ने जब 'देसिल बयना सब जन मिट्ठा का सूत्र दिया था,तब उन्होंने बोली के अभ्यंतर-संगीत को पहचान लिया था। कोई भी भाषा अपने मूलरूप में बोली ही होती है। विभिन्न बोलियां बोलने वाले जब परस्पर मिलते हैं तब उनके बोली तत्व भी परस्पर मिल जाते हैं। कोई भी बोली अपने जनपद में सीमित रहे, अन्य जनपदों में उसका संपर्क और प्रसार न हो तो वह भाषा नहीं बन सकती।

कोई भी बोली तब भाषा बन जाती है,जब अन्य बोलियों के भाषा तत्व घुल मिलकर आधार भाषा के रूप को बदल देते हैं, जब कोई आंदोलन आंधी की तरह उठता है, तब उसके केन्द्र की बोली भी उठती है। जहां-जहां आंदोलन पहुंचता है, वहां-वहां बोली पहुंचती है और विविध बोलीतत्व परस्पर अंतर्भुक्त होते हैं। बोली भाषा बनती है तो शाही फरमान या सरकारी आदेश का इंतजार नहीं करती। जब कोई बोली भाषा बनती है तो वह व्याकरण का इंतजार नहीं करती, वह किसी कोशरचना की मोहताज नहीं है। वह कभी नहीं कहती कि पहले मानकीकरण कर लो तब आगे बढ़ूंगी। किनारे नदी को नहीं बनाते,नदी किनारों को बनाती है। नदी बहती है तो किनारे अपने आप बन जाते हैं। बोली भाषा बनती है तो समष्टि जीवन के परस्पर संवाद से बनती है। वह सामूहिक भाव कितना व्यापक है, अंतर्जनपदीय और अंतर्प्रांतीय संपर्क जितना प्रगाढ़ है,वह भाषा उतनी ही समर्थ है।

## सोशल फोरम

# विज्ञान की आजादी

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

अतीत में विज्ञान एक साधना थी। बेचैन वैज्ञानिक रात-रात जगकर नए आविष्कार करते थे। आज विज्ञान का ज्यादा इस्तेमाल उपनिवेशवादी तौर-तरीकों से सीखकर कूट उद्देश्यों से होता है। यह हम खासकर सूचना क्रांति,उपग्रह प्रक्षेपण,कृत्रिम मेधा और युद्ध तकनीक के क्षेत्र में देख सकते हैं। हम मंगल ग्रह पर जल्दी जा सकते हैं, लेकिन उत्तराखंड के पहाड़ों पर सुरंग निर्माण में फंसे 41 श्रमिकों के पास जल्दी नहीं पहुंच सकते। वर्तमान विश्व में सत्ताएं उच्च टेक्नोलॉजी और इसके डिजिटल औजारों का इस्तेमाल अपने नागरिकों पर निगरानी रखने के लिए कर रही हैं। इस दौर में बढ़ती बेरोजगारी और विषमता से जन्मे क्षोभ को दबाना मुश्किल नहीं है। विश्वभर में सभ्य ढंग से क्षोभ का डिजिटल दमन हो रहा है। विकसित टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल पिछड़ी मानसिकता के प्रसार के लिए ज्यादा हो रहा है। इतिहास के गड़े मुर्दों को हथियारबंद किया जा रहा है। समस्या यह है कि बाजार और राजनीति दोनों ही निरंकुश ढंग से टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए यथार्थ को अपने उद्देश्य के अनुरूप ढालने में कुशल हो गए हैं। वे करिश्माई हैं और लोगों को रंगीन अंधविश्वासों, प्रलोभनों तथा भ्रमों से सम्मोहित करने में सक्षम हैं। जाहिर है,आज विज्ञान की आजादी का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है।

विज्ञान की प्रधान शिक्षा यह है कि व्यक्ति बिना सोचे-समझे या ठीक से जांचे-परखे किसी चीज को आंख मूंदकर न माने और सोशल मीडिया के भ्रामक प्रचार से न घिरे। विज्ञान सिर्फ इसलिए नहीं है कि इसके बल पर चालाकियां की जाएं,आराम की चीजों और सुख-सुविधाओं को इकट्ठा किया जाए। उसका एक बड़ा उद्देश्य जीवन की समस्याओं का यथार्थ तरीके से समाधान निकालना है। हम यह भी कैसे मानें कि वैज्ञानिक दृष्टिसंपन्न होने का दावा करने वाले बुद्धिजीवी विज्ञान की शिक्षाओं पर चलते हैं। वे वैज्ञानिक दृष्टि-संपन्न कैसे हो सकते हैं? यदि वे सर्वज्ञ होने के अहंकार से भरे हों,उनके शब्द तथा कर्म के बीच दूरी हो और उनमें बौद्धिक सहृदयता नहीं हो सकती। दरअसल उनसे अधिक वैज्ञानिक गांवों-शहरों के वे साधारण लोग हैं जिनमें आज भी 'कॉमन सेंस' और बौद्धिक सहृदयता बहुत ज्यादा है।

-फेसबुक वॉल से

# बापू और गोडसे

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

महात्मा गांधी ने सेक्युलर शब्द न कभी कहा और न कही लिखा। वे चाहते थे कि यदि पुनर्जन्म हुआ तो वे हिंदू ही हों। अपने को संकोच नहीं होता था। फिर भी मनसा, वाचा, कर्मणा बापू अप्रतिम सेक्युलर थे। इसीलिए वेदना होती है,रोष भी,जब अधकचरी जानकारी के बूते विकृत बातें पेश की जाती हैं। मसलन तुर्की के खलीफा का समर्थन कर गांधीजी ने भारत में इस्लामी फिरकापरस्ती को खादपानी दिया,पोषित किया। आधुनिक संदर्भ में जब हिंदू-मुस्लिम रिश्तों में विषाक्तता बढ़ रही है। यह विश्लेषण करना होगा कि क्या बापू की यह भूल थी कि इस्लामी दुनिया के खलीफा और तुर्की के अपदस्थ सुल्तान मोहम्मद चतुर्थ को पुनर्प्रस्थापित करने हेतु खिलाफत आंदोलन चलाया जाना चाहिए था? इस्तानबुल स्थित ओटोमन खलीफा ने 1774 से रूस से युद्धोपरांत एक संधि की थी जिससे तुर्की के बाहर बसे मुसलमानों का मजहबी संरक्षक बन गया था। इसके कारण 1880 से भारत के मुसलमानों का भी यह तुर्की सुल्तान अब्दुल हामिद द्वितीय खलीफा बन गया था,किंतु प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी,तुर्की और रूस की ब्रिटेन व अमेरिका द्वारा हरा दिए जाने पर तुर्की की सल्तनत खत्म हो गई। अंग्रेजों ने पराजित सुल्तान का खलीफा पद को अमान्य करार दिया। इससे 1920 से 1924 तक भारतीय मुसलमानों ने मौलाना मोहम्मद अली,उनके भाई मौलाना शौकत अली,मौलाना अबुल कलाम आजाद,डॉ.मुख्तर अहमद अंसारी,बेरिस्टर मोहम्मद जान अब्बासी आदि के नेतृत्व में भारतीय केन्द्रीय खिलाफत समिति बनाई जिसने खलीफा को पुनः स्थापित करने हेतु आंदोलन छेड़ा। गांधीजी इस केन्द्रीय समिति के सदस्य बने और मोतीलाल नेहरू ने उनके कदम का खुला समर्थन किया। मगर मोहम्मद अली जिन्ना ने खलीफा को बचाने का कड़ा विरोध किया। बापू की पुण्यतिथि पर नाथूराम विनायक गोडसे की भी याद अनायास आती है। जिस देश में पंचमी के दिन नाग को दूध पिलाते हों,वहां इसमें अचरज नहीं होगा। आखिर कैसा, कौन और क्या था गोडसे? नाथूराम स्कूल से भागा हुआ छात्र था। नूतन मराठी विद्यालय में मिडिल की परीक्षा में फेल हो जाने पर उसने पढ़ाई बंद कर दी थी। उसका मराठी भाषा का ज्ञान भी अल्प था। अंग्रेजी और इतर भाषाओं की जानकारी तो शून्य ही थी। जीविका हेतु उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। सांगली शहर में दर्जी की दुकान खोल ली थी। उसके पिता विनायक गोडसे डाकखाने में बाबू थे,मासिक आय पांच रुपये थी। नाथूराम अपने पिता का लाडला था,क्योंकि उससे पहले जन्मी सारी संतानें मर गई थीं। नाथूराम के बाद और भी पैदा हुए थे जिनमें था गोपाल,जो नाथूराम के साथ सहअभियुक्त था। लोग अभी भी नाथूराम गोडसे के प्रति थोड़ी बहुत नरमी बरतते हैं,उन्हें इस क्रूर हत्यारे के बारे में प्रमाणित तथ्यों पर गौर करना चाहिए। गांधीजी को मारने के दो सप्ताह पूर्व नाथूराम ने अपने जीवन को काफी बड़ी राशि के लिए बीमा कंपनी से सुरक्षित करा लिया था। जाहिर है उसके मौत के बाद उसके परिवारजन इस बीमा राशि से लाभान्वित होते। (पृष्ठ 18 व 19 : गांधीवध और मैं, लेखकः गोपाल विनायक गोडसे, प्रकाशकः वितस्ता प्रकाशन पुणेः 1982)। ऐतिहासिक मिशन को लेकर चलने वाला व्यक्ति बीमा कंपनी से क्या ऐसा मुनाफा कमाना चाहेगा? अब जानिए गोड्से के परम सखा, फांसी पर लटके नारायण दत्तात्रेय आप्टे को। उसने 29 जनवरी की रात दिल्ली के वेश्यालय में गुजारी थी। ताकत बढ़ाने हेतु। आप्टे और गोड्से ने जेल के भीतर सुविधाओं की मांग की। हम भारतीय सीधी, सरल बात करना कब शुरू करेंगे कि हत्या एक जघन्य अपराध और सिर्फ नृशंस हरकत है। वह भी लुकाटी थामे, एक वृद्ध अधनंगे हिन्दू की जो राम का अनन्य, आजीवन भक्त रहा।

# क्या असीम है नेताओं की कार्यक्षमता

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मानव की आत्मा जिस खोल में रहती है,उसे शरीर या देह कहा जाता है। इसीलिए आत्मा को 'शरीरी' या 'देही' भी कहते हैं। शरीर शब्द का अर्थ ही है कि जो शीर्ण यानी क्षरित होता है। शनैः शनैः उसकी क्षमताएं और सामर्थ्य कम होती जाती है। इसी कारण सेवाओं में एक सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की गई है। मान्यता है कि तत्समय वह अक्षम हो चुका होगा,अतः उसे सेवा मुक्त कर दिया जाए। अपने देश के संविधान के अनुच्छेद 14 में 'समानता' का सिद्धांत पवित्रता के साथ संरक्षित है। हालांकि जब हम विभिन्न वर्गों की एतत्संबंधी आयु पर दृष्टि डालते हैं तो स्पष्ट रूप से असमानता परिलक्षित होती है। अध्यापन वृत्ति से जुड़े लोगों के लिए यह 65 वर्ष है। सर्वोच्च न्यायालय के जजों के लिए भी यही है। उच्च न्यायालय के जजों हेतु 62 वर्ष है और राजकीय कर्मचारियों के लिए 60 है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए कोई सेवानिवृत्ति आयु नहीं है। वे कितने ही उम्र दराज हो जाए,अशक्त हो जाए,ह्वील चेयर पर चलें,तो भी वे सक्षम और समर्थ हैं। भाजपा ने एक अलिखित नियम बनाया है जिसके अनुसार उनका नेता 75 वर्ष का होने पर सक्रिय राजनीति हेतु अक्षम माना जाता है,जिसे रिटायर होना कह सकते हैं। यद्यपि वह राज्यपाल या सक्रिय राजनीति के अगल-बगल वाले पदों पर रह सकता है। क्या भाजपा का कथित 75 वाला नियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी लागू होगा, जब वे 17 सितम्बर, 2025 को 75 के हो जाएंगे। ऐसी ही विषमता पेंशन के संबंध में है। सरकारी कर्मचारियों के लिए यह बंद कर दी गई है,लेकिन एमपी,एमएलए आदि व जजों की बरकरार है। सेना में 'अग्निवीर' प्रणाली लाकर इसे खत्म कर दिया गया है। जैसे 'एक देश एक चुनाव' की बयार सरकार ने चलाई है,वैसे ही 'एक सेवानिवृत्ति आयु और पेंशन' नियम भी प्रवृत्त होने चाहिए। संविधान की आत्मा तो यही कहती है।

## एक नजर

### व्यापारी की बाइक की डिक्की से पांच लाख चोरी

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** कोतवाली कादीपुर अंतर्गत लक्ष्मणपुर गांव के निवासी महंत राज जायसवाल मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे बैंक ऑफ बड़ौदा की स्थानीय शाखा से पांच लाख रुपये निकाला। अपनी बाइक की डिक्की में रख करके घर जा रहे थे। कादीपुर जूनियर हाई स्कूल के पास अपनी गाड़ी खड़ी करके दुकान से सामान लेने चले गए। लौट कर आया तो उनकी गाड़ी की डिक्की टूटी हुई थी और उसका रुपया गायब हो गया था। महंत राज ने घटना की सूचना तत्काल कोतवाली कादीपुर को दिया है।

### पिकअप की ठोकर से अधेड़ घायल, लखनऊ रेफर

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** पिकअप के टक्कर मार देने से एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज एवं वहां से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। दोस्तपुर थाने के पीथीपुर गांव के यार मोहम्मद (53) सोमवार को विक्की गाड़ी से कादीपुर से अपने घर जा रहे थे। वह जैसे ही पलिया गोलपुर गांव के मोड़ के पास पहुंचे। तभी पीछे से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दिया। पीड़ित के पुत्र तैय्यब ने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

### प्रायोगिक परीक्षा तीन को

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीए भाग तीन पंचम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान विषय की प्रयोगिक मौखिकी परीक्षा तीन फ़रवरी प्रातः नौ बजे से महाविद्यालय में सम्पन्न होगी। संबंधित छात्र/छात्राएं अपने प्रवेश-पत्र, परिचय-पत्र के साथ उक्त तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। प्रायोगिक परीक्षा छूट जाने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं छात्र/छात्राओं की होगी।

# संजय के बाहर आने पर देश में होगा नया बदलाव: रघु ठाकुर

## आजाद समाज सेवा समिति के वार्षिकोत्सव में वक्ताओं ने भाजपा सरकार को घेरा, हिम्मत हारने की नहीं संघर्ष करने की जरूरत: गोपाल राय

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने कहा कि हमको समझने की जरूरत है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या क्यों की गई थी, क्योंकि वे देश को एक अच्छी नई दिशा देना चाहते थे। गांधी की हत्या एक विचारधारा ने की जो आज सोचने की जरूरत है। वह मंगलवार को तिकोनिया पार्क में अमर शहीद खुदीराम बोस की स्मृति व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 28वां वार्षिकत्सव सामाजिक संस्था आजाद समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सांसद संजय सिंह जेल में हैं, जेल में लड़ने वाला ही जाता है। संजय सिंह जल्दी हम सब के बीच में आएंगे और उनके आने से देश में एक नया बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि आज भी देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं है। बेरोजगारी की हालत यह है कि ग्रेजुएट लोग चपरासी बनने की लाइन में लगे है। मैं हुकूमत वालों से पूछना चाहता हूं कि 500 साल तक भगवान राम कहां थे। रामराज्य कैसे आएगा। जिस देश में लोग कर्जदार, शिक्षित बेरोजगार, इंसान भुखमरी से मर रहे हैं, रामराज्य कैसे होगा।

मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि जहां एक तरफ पूरा देश अमृत महोत्सव मना रहा है, वहीं देश के 80 करोड़ आबादी गरीबी और भुखमरी से जूझ रही है। आजादी के 75 साल बाद आज भी लोगों को कंबल, सिलाई मशीन, व साइकिल बांटने की आवश्यकता पड़ रही है। उन्होंने संस्था संस्थापक सांसद संजय सिंह के तिहाड़ जेल में होने पर कहा कि रात आई है तो अटल सत्य है, सवेरा जरुर होगा, हिम्मत हारने की जरूरत नहीं है संघर्ष करने की जरूरत है। इसी क्रम में संस्था संस्थापक सांसद संजय सिंह की पुत्री वर्तिका सिंह ने पिता द्वारा जेल से लिखे गए पत्र को पढ़कर लोगों को भाउक कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव ने सेवा के क्षेत्र में आजाद समाज सेवा समिति के कार्यों की सराहना करते हुए जिले के अन्य सामाजिक संस्थाओं से अपील किया है कि वे भी अपने संस्था के माध्यम से गरीब व असहाय लोगों की मदद करते रहें, यही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस मौके पर वक्ता के रूप में पूर्व विधायक अनूप संडा, वरिष्ठ साहित्यकार कमलनयन पांडेय, प्रो. राधेश्याम सिंह, दिल्ली सरकार में विधायक संजीव झा, पवन शर्मा, अखिलेश पति त्रिपाठी, विधायक दिलीप पांडेय, शाहनवाज कादरी, शशि प्रकाश सिंह, पूर्व मंत्री डाक्टर संदीप शुक्ला सहीतअन्य लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी रविंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद संजय सिंह की पत्नी अनीता सिंह, पुत्री वर्तिका सिंह, आप के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, वह संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शराफत खान, कोषाध्यक्ष श्याम नारायण पांडे, दिलीप सिंह, विजय यादव, मकसूद अंसारी, ओम प्रकाश गौड़, डॉक्टर आशीष द्विवेदी, अजय कुमार सिंह, गिरीश तिवारी उर्फ बबलू, सुरेश सोनी, मीडिया प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह, विनीत गुप्ता बिल्लू, जीडी पांडे, बबलू सिंह प्रधान, मयंक पांडे, इमरान खान आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर व दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय।

### छात्राओं को साइकिल तो महिलाओं को दी सिलाई मशीन

यहां कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से ठंड से बचने के लिए एक हजार गरीबों निराश्रितों को कंबल व जीविकोपार्जन के लिए 50 महिलाओं को सिलाई मशीन, स्कूल व कॉलेजों की जरूरत मंद 50 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बोलेरो पलटी, दूल्हा-दुल्हन घायल

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** बहू की विदाई कराकर घर लौट रही बोलेरो को सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बोलेरो सवार दूल्हा और उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि, बहू सहित अन्य को मामूली चोंटे आईं। दोनों घायलों को सौ शैय्या अस्पताल बिरसिंहपुर ले जाया गया, जहां से दोनों को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया।

सोमवार को अयोध्या जिले के बीकापुर थाने के परूआ पूरे ठाकुरदीन निवासी शिवनाथ जौनपुर जिले के नौपेड़वा से अपने बेटे कुलदीप की बहू की विदाई (दोंग) कराकर वापस लौट रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के अहदा-कालीगंज मार्ग पर सामने से मिट्टी गिरकर आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक बोलेरो में ट्राली से टक्कर मार दी। घटना में बोलेरो सवार शिवनाथ (51) और उनके बेटे कुलदीप (24) को गंभीर चोटे आई। जबकि बहू सहित बोलेरो में सवार अन्य लोगों को मामूली चोटे आई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घायल पिता पुत्र को बिरसिंहपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया।

## महिला की पिटाई और अभद्रता में रिपोर्ट तलब

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** भूमि विवाद में महिला की पिटाई, हत्या की धमकी और गाली गलौज कर अपमानित करने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट अंकित सिंह ने गोसाईगंज थाने से रिपोर्ट तलब की है। थाना क्षेत्र की भरथीपुर निवासी नबीहन निशा ने गांव के मुनीर, अब्दुल सलाम, इकराम, इनाम और एजाज समेत 14 लोगों के खिलाफ याचिका दाखिल कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। आरोप है कि बीती 10 जनवरी को आरोपियों ने जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश की। मना करने पर मारा पीटा और हत्या की धमकी दी। पुलिस द्वारा केस दर्ज न करने पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली है। मामले की अगली सुनवाई पांच फरवरी को होगी।

# गृहमंत्री अमित शाह के मामले में दर्ज हुए बयान

**अदालत से**

▸▸ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस की सुनवाई में मंगलवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान दर्ज किया गया। कोर्ट ने शेष गवाहों के बयान के लिए 17 फरवरी की तारीख नियत किया है।

बता दें कि यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

### किशोरी से दुराचार के प्रयास के दोषी को पांच साल के कारावास की सजा

**सुलतानपुर।** जिले के थाना क्षेत्र चांदा के एक गांव में 11 साल पूर्व किशोरी से दुराचार का प्रयास करने के दोषी वीपत को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने मंगलवार को पांच साल की कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर पांच हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। एडीजीसी दानबहादुर वर्मा के मुताबिक 14 वर्षीय शौच के लिए गई किशोरी के साथ आरोपी ने 27 मई 2012 को दुराचार का प्रयास किया था। पीड़िता के परिवार वालो की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट में अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहो के साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला किया।

### दोषी को अदालत एक फरवरी को जेल से तलब कर सुनाएगी सजा

**संवाददाता, सुलतानपुर।** जिले के थाना क्षेत्र मोतिगरपुर के एक गांव में छह साल पूर्व किशोरी से दुराचार करने के आरोपी दीपक को पॉक्सो कोर्ट की न्यायाधीश एकता वर्मा ने मंगलवार दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया। दोषी को अदालत एक फरवरी को जेल से तलब कर सजा सुनाएगी। एडीजीसी राजेश दुवेदी के मुताबिक किशोरी का आरोपी ने 12 जून 2017 को जबरन झाड़ी में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता के परिवार वालो की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट में अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये छह गवाहो के साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार दिया है। गुरुवार को अदालत दोषी की सजा पर फैसला सुनाएगी।

# शिक्षक व मेधावियों का हुआ सम्मान

- माशिसं का प्रदेशीय सम्मेलन व विचार गोष्ठी आयोजित

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से मंगलवार को आयोजित प्रदेशीय सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी में शिक्षकों व मेधावियों और राज्यपाल पुरस्कार शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहाकि बच्चे हमारे राष्ट्र की धरोहर हैं। किसी भी देश व समाज का भविष्य छात्र, छात्राओं की प्रतिभा पर निर्भर होता है। उन्होंने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट वर्ष 2023 के मेधावी सूची में स्थान प्राप्त छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया।

माध्यमिक शिक्षक संघ ने अध्यापकों व मेधावियों को किया सम्मानित।

प्रदेश अध्यक्ष सभापति तिवारी ने सम्मेलन में आए सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं व छात्राओं की प्रतिभा प्रशंसा करते हुए कहा कि बिना बच्चों के शिक्षा की प्रतिभा भी अधूरी रहती है। सम्मेलन में राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक व शिक्षिकाओं में केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के प्रवक्ता शैलेन्द्र चतुर्वेदी, बबिता जैन व प्राथमिक विद्यालय वैदहा जयसिंहपुर की शिक्षिका कांति सिंह के अलावा मेधावियों में श्रेयसी सिंह, अंकिता बरनवाल, मुस्कान, वैशाली गुप्ता, लाड़ली गुप्ता, शुभम शर्मा, निशा यादव व प्रिंस को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीआईओएस रविशंकर, एडीआईओएस जटाशंकर, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, उपाध्यक्षा रीना सिंह आदि मौजूद रहे।

# केएनआई ने घोषित किया अपना पहला रिजल्ट

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** मंगलवार को कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान का सत्र 2023-24 का परीक्षाफल संस्थान के परीक्षा नियंत्रक प्रो राधेश्याम सिंह के द्वारा घोषित किया गया। स्वायत्तशासी संस्था के तौर पर कार्य संपादित कर रहे कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के द्वारा संचालित इस प्रथम परीक्षाफल घोषणा के मौके पर संस्थान प्राचार्य प्रो आलोक कुमार सिंह के द्वारा एक आवश्यक प्रेसवार्ता आयोजित की गयी।

प्राचार्य ने कहा कि आज कमला नेहरू संस्थान में स्वायत्तशासी संस्था के रूप में बी.ए/बी.काम/बी.एस. सी. प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया। अन्य विषयों की परीक्षाओं का परिणाम घोषित होने की प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि संस्थान के वेबसाइट पर जाकर विद्यार्थी अपना अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि अंकित कर अंकतालिका डाउनलोड कर सकते हैं। संस्थान में संचालित सभी विषयों की परीक्षा दिसंबर में हुई थी। उन्होंने बताया कि बीए प्रथम सेमेस्टर में 569 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 95.78 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसी तरह बीएससी प्रथम सेमेस्टर के 767 में 90.87 प्रतिशत एवं बीकाम प्रथम सेमेस्टर के 574 में 99.48 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

## हैदराबाद में वक्तव्य देंगे आईपीएस ब्रजेश मिश्र

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** भारतीय पुलिस सेवा में कार्यरत वर्तमान में सुलतानपुर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के पुलिस अधीक्षक आईपीएस ब्रजेश कुमार मिश्र सेंट्रल रिसर्च इंस्टिट्यूट फॉर ड्राई लैंड एग्रीकल्चर हैदराबाद के कृषि वैज्ञानिकों, रिसर्च स्कॉलर्स तथा प्रोफेसरों को मोटिवेशनल स्पीच देंगे। संस्थान के निदेशक के आमंत्रण पर वह तीन फरवरी को प्रातः 11 बजे सुखी और खुशहाल जीवन कैसे जियें विषय पर हैदराबाद में अपना व्याख्यान देंगे। सेंट्रल रिसर्च इंस्टिट्यूट फॉर ड्राईलैंड एग्रीकल्चर भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के अधीन 1985 ई में स्थापित एक स्वायत्तशासी संस्था है जो कृषि के क्षेत्र में अनुसंधान का कार्य करती है।

## सार-संक्षेप

### ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** जिले की गोसाईगंज थाना क्षेत्र से होकर गुजरी अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर टांटियानगर पुलिस चौकी के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली देहात के पन्ना टिकरी निवासी राम प्रताप पाठक(52) पुत्र अनन्त प्रसाद मंगलवार को अपने भाभी को टीकर मायंग पहुंचाकर बाइक से घर लौट रहा था। अभी वह अयोध्या प्रयागराज हाइवे पर टांटियानगर पुलिस चौकी के सामने पहुंचा था कि प्रयागराज की तरफ जा रही ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर से अनियंत्रित होकर राम प्रताप पाठक ट्रक के पिछले टायर के नीचे आ गए। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। रक्तश्राव अधिक होने से उनकी घटना स्थल पर मौत हो गई। हादसे के बाद हाइवे पर भीड़ इकट्ठा हो गई। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने किसी तरह यातायात बहाल कराया। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया बाइक और ट्रक को कब्जे में लिया गया है। मृतक के परिजनों को सूचना देने के साथ शव को पोस्टमार्टम भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

### पीआरडी जवान को गोली मारने वाले दो गिरफ्तार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** रविवार रात ड्यूटी से घर जा रहे पीआरडी जवान को रास्ते में गोली मारने के मामले में पुलिस जांच में आए दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जहां से दोनों जेल भेजे गए। पुरानी रंजिश में थाना क्षेत्र के पंडित का पुरवा मजरे सरकौडा निवासी रणजीत तिवारी पुत्र स्व. जयप्रकाश तिवारी को घर जाते वक्त सरकौडा चौराहे से कुछ पहले दो बाइक पर सवार हमलावरों ने गोली मार दी थी। जिसका इलाज ट्रामा सेंटर लखनऊ में चल रहा है। पीआरडी जवान के मां की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लिखकर छानबीन शुरू की। मंगलवार दोपहर को घटना में प्रकाश में आये अभियुक्त नन्दलाल व एक किशोर निवासीगण पूरे पंडित का पुरवा मजरे सरकौडा थाना कुड़वार जनपद को असरोगा टोल प्लाजा के पास सुरजीपुर मोड़ से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल ने बताया कि प्रकाश में आए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष की तलाश जारी है।

### बाइक की टक्कर से घायल अधेड़ की मौत, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के साले की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। करौंदीकला थाने के मूसेपुर गांव के राम आधार पाल (50) को 27 जनवरी को मुड़िला डीह बाजार के पास अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल अवस्था में उन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में भर्ती कराया गया था। जहां पर उपचार के दौरान 28 जनवरी को उनकी मौत हो गई। सोमवार की शाम मृतक के साले राजनाथ पाल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### महात्मा गांधी ने विश्व को अहिंसा का रास्ता दिखाया: संजय

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** शहर के सुपरमार्केट स्थित महात्मा गांधी पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन समाजसेवी एवं भारतीय तैलिक साहू राठौर समाज के जिला युवा अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता के तत्वावधान में मंगलवार को किया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री मनीष साहू ने कहा कि गांधी स्वयं एक विचारधारा थे। उनकी विचारधारा सिर्फ भारत तक ही सिमट कर नहीं रही, अपितु पूरे विश्व को समेट लेने वाली सबसे मजबूत विचारधारा है। उनके अमोघ मंत्र अहिंसा को उनके न रहने के बाद भी लोकनायक जयप्रकाश नारायण, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला और तमाम लोगों ने इसका प्रयोग किया और इसके सुखद परिणाम भी मिले। इस मौके पर जानकी प्रसाद साहू, अवधेश कुमार साहू, मुकेश लाल रावत, अरविंद रावत,उमाकांत टेनी, मोहित साहू और कृष्ण कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कैरियर में उतार-चढ़ाव तो आते रहते हैं: गुलशन पाण्डेय

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** अयोध्या से प्रभु श्री रामचंद्र जी के दर्शन करके कुशभवनपुर (सुलतानपुर) की पावन नगरी पहुंचने पर तमाम धारावाहिकों एवं फिल्मों में काम करने वाले अभिनेता गुलशन पांडेय का जोरदार स्वागत हुआ। उन्होंने क्राइम पेट्रोल में इंस्पेक्टर रोल निभाते हुए खासी प्रसिद्धि भी पाई है।

उन्होंने बताया कि यूनिक फाउंडेशन के एक कार्यक्रम 'अवध की सभ्यता' में बतौर अतिथि यहां आना हुआ है। फिल्म इंडस्ट्री के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि उनका इंडस्ट्री से पुराना नाता है। फिल्म और धारावाहिक की बात करें तो श्री पांडेय वांटेड, अतिथि तुम कब जाओगे, द डर्टी, पीके, गुंजन सक्सेना, क्राइम पेट्रोल, लापतागंज, चिड़ियाघर, यह है चाहतें आदि जगहों पर काम किया है। साथ ही गोधरा काण्ड पर रिलीज इनकी एक फिल्म मार्च में आ रही है। उन्होने बताया कि कैरियर में हमेशा उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। कभी किसी को हार नहीं माननी चाहिए। इस मौके पर उनके साथ डॉ. रामेश्वर मालवीय, जनपद के उभरते हुए कवि एवं लेखक आर्यन त्रिपाठी, अभिनेता प्रांजल शुक्ल, डॉ अनूप, श्रेयांश तिवारी एवं सुमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## 10 रनों से मोतिगरपुर की टीम ने जीता मैच

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** लक्ष्मणपुर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित छह दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन मोतिगरपुर और बरवारीपुर टीम के बीच मुकाबला हुआ। मोतिगरपुर के कप्तान राहुल अग्रहरि ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय किया। मोतिगरपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में चार विकेट खोकर 78 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए बरवारीपुर की टीम के कप्तान रोहित की अगुवाई में छह ओवर में 68 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार मोतिगरपुर ने 10 रनों से मैच को जीत लिया। राहुल अग्रहरि को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया।

# अधिवक्ता समाज का पथ प्रदर्शक

- कलान के प्रबंध निदेशक ने अधिवक्ताओं से की मुलाकात

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** अधिवक्ता समाज का पथ प्रदर्शक होता है। गरीब परिवारों का मानवता के आधार पर आगे बढ़कर विधिक मदद करता है। यह बातें श्री विश्वनाथ ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूटशन कलान के प्रबंध निदेशक डॉ. वेद प्रकाश सिंह उर्फ राजू भैया ने कहीं। वह बार एसोसिएशन के खुर्शीद क्लब भवन में अधिवक्ताओं से मुलाकात कर रहे थे।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरविंद पांडेय और सचिव आर्तमणि मिश्र की मौजूदगी में अधिवक्ता खुर्शीद क्लब पहुंचे। जहां पर उर्फ राजू भैया ने वकीलों का अभिवादन किया। नए वर्ष के उपलक्ष्य में डायरी, कैलेंडर व बैग वितरण किया। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ता हित की दिशा में हर संभव सहयोग करने का वादा किया। कहा कि युवा अधिवक्ता हर चुनौतियों का सामना करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। सचिव आर्तमणि मिश्र ने कहा कि बार एसोसिएशन द्वारा अनुशासित ढंग से बार और बेंच के बीच समन्वय स्थापित होता है। इस मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, अरुण पांडेय, जयंत मिश्र, शिव मंगल शुक्ल, विवेक श्रीवास्तव, अशोक शुक्ल समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

डा. वेद प्रकाश सिंह ने अधिवक्ताओं को सम्मानित किया। अमृत विचार

**लापरवाही** मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद भी हालात जस के तस, अधिकारियों और प्रधानों की आय के साधन बने गौ आश्रय स्थल

# हरा चारा तो दूर, भरपेट सूखा भूसा तक नहीं दे पा रहे जिम्मेदार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद जिले के गो वंश कटने से तो बच जा रहे हैं, लेकिन इनको संरक्षित करने के लिए बनाये गये पशु आश्रय केंद्रों से कड़ाके की ठंड में भूख, प्यास से तड़प-तड़प कर मर रहे है। पिछले एक हफ्ते के अंदर की बात करें तो जिले की कई गौशालाओं में तमाम गोवंशों की मौत हो चुकी है। गो वंशों की बदहाल स्थिति को देखते हुए प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने फैसला लिया था कि कोई भी गो वंश अब भूखे नहीं रहेंगे। इसको देखते हुए सरकार ने पशु आश्रय केन्द्रों का निर्माण कराया, ताकि गौवंश असमय काल के गाल में न समा सके। गो आश्रय केंद्रों का निर्माण होने के बाद गायों को पशु आश्रय केंद्र में रखा गया। इस कड़ाके की ठंड में अभी तक गोवंशों को काऊ कोट भी उपलब्ध नहीं करवाये गये है। बताते चलें कि अधिकारियों के निरीक्षण के बाद भी पशु आश्रय केंद्रों की दुर्दशा देखते नहीं बनती है।

जयसिंहपुर विकास खंड के पीढ़ी गौशाला में तीन सौ से ज्यादा गोवंश हैं। कही ठंड से बचाव के लिए संसाधनों के अभाव में पशु अपना दम तोड़ रहे हैं। चारे की कमी से पशु काफी कमजोर हो गए हैं। उन्हें उठना चलना व बैठना मुहाल हो गया है। कई पशु गो शाला केंद्रों के टैग लगाए हुए पशु बाहर घूम रहे हैं। उन्हें भरपेट चारा भी नहीं मिल पा रहा है। अफसरों एवं ग्राम प्रधानों की नीति के चलते जिले के विभिन्न गावों में बनाने गये पशु आश्रय स्थल की स्थिति बद से बदतर होती जाती है। सरकारी गौशालाओं में पशुओं के लिए चारे के अभाव व कड़ाके की ठंड से मर रहे हैं। कीचड़, गंदगी और अव्यस्था के बीच कड़ाके की ठंड में गोवंश तड़प रहे हैं। उनको ठंड से बचाने और चारे और देखभाल के लिए भी बेहतर इंतजाम नहीं हो सके हैं। ज्यादातर पशु आश्रय केंद्रों पर गाये बीमार पड़ी। उनका इलाज किया जा रहा है। इसी तरह से करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी जिले में संचालित गौसंरक्षण केंद्रों की हालत खराब है। सरकार गोवंश के लिए चाहे जितने उपाय क्यों न कर लें लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते पशुओं के लिए गौशालाओं में अव्यवस्था चरम पर है। खानापूर्ति का आलम यह है कि पशु आश्रय केंद्रों में साफ सफाई और पशुओं को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गये है। इस कड़ाके की ठंड में गो आश्रय केंद्रों में संरक्षित गोवंशों को पर्याप्त मात्रा में चारा न मिलने के चलते गोवंश बीमार होकर दम तोड़ रहे है। जिले में बेसहारा गोवंश को आश्रय देने के लिए पशु आश्रय केंद्र तो खोले गये। लेकिन अब यह पशु आश्रय केंद्र जिम्मेदार अफसरों व प्रधानों के लिए एक आय के साधन बन गये है।

पीढ़ी गौशाला में भूख प्यास से तड़पते मवेशी। अमृत विचार

> गो आश्रय केंद्रों का निरीक्षण चल रहा है। जहां भी जो कमियां पाई जा रही है, उसे दूर कराने के निर्देश दिए गए हैं। -अंकुर कौशिक, सीडीओ सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत दियरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक–30.01.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दियरा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे राज्यवित्त/पंद्रहवाँ वित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–31.01.2024 से 06.02.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत दियरा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–06.02.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1– | पंचायत भवन मे टाइलीकरण निर्माण कार्य। | 4,54,476.72 रुपये। | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, टाइल्स, व्हाइट सीमेंट आदि सामग्री। | 100 |

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0– दियरा, वि0ख0–मोतिगरपुर
जनपद–सुल्तानपुर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा0पं0– दियरा, वि0ख0–मोतिगरपुर
जनपद–सुल्तानपुर

महोत्सव पंडाल

## तेलंगाना की निधि श्रीवास्तव एंड टीम ने मचाया धमाल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मंगलवार की शाम महोत्सव में हैदराबाद के तेलंगाना की निधि श्रीवास्तव एंड टीम के संगीतमयी फुहारों के बीच भरत नाट्यम की प्रस्तुति ने श्रोताओं एवं दर्शकों को होलियाना मूड में सराबोर कर झूमने पर मजबूर कर दिया। फगुनवा में रंग रचि रचि बरसे गीत से रंगारंग शुरूआत कर निधि एंड पार्टी ने महोत्सव मेले में घूम रहे दर्शकों को पांडाल में बैठने पर विवश कर दिया। अपनी अवधी बोली में परोसे जा रहे गीतों की मीठी तान कानों में पड़ते ही लोग थिरकने और गुनगुनाने लगे। होरी खेलत श्रीराम अवध में, होलिया में उड़े ला गुलाल तथा होली आई रे आई रे होली आई रे जैसे आल टाइम हिट होली गीतों की धुआंधार प्रस्तुति कर निधि श्रीवास्तव एंड टीम ने महोत्सव की तीसरी शाम को बेहद रंगीन बना दिया। मंच पर फूलों की होली खेलने का दृश्य देख दर्शकों का उत्साह दोगुना हो गया। बड़ी संख्या में दर्शक कार्यक्रम की वीडियो बनाते देखे गए। महोत्सव के सभी कार्यक्रमों को लाइव देखने वाले पुराने शौकीन धेन्सा के जितेंद्र मिश्रा एवं बर्डपुर के सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि ठंडी अधिक पड़ने के कारण घर बैठे लाइव प्रसारण देख रहे हैं। निधि श्रीवास्तव एंड टीम द्वारा प्रस्तुत होली स्पेशल सांस्कृतिक संध्या में जनपदीय अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में श्रोताओं एवं दर्शकों की उपस्थिति रही।

# छात्रों को निपुण बनाने में शिक्षकों की अहम भूमिका

## सिद्धार्थनगर महोत्सव : चयनित नवाचारी शिक्षकों द्वारा तैयार विभिन्न उपयोगी नवाचारों का हुआ प्रदर्शन

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार

सिद्धार्थनगर महोत्सव के तीसरे दिन जनपद के समस्त विकास क्षेत्रों से चयनित नवाचारी शिक्षकों द्वारा शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन के लिए तैयार विभिन्न उपयोगी नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। विद्यालयों में स्वच्छता, बच्चों की नियमित उपस्थिति, कक्षा शिक्षण में टीएलएम के प्रभावी प्रयोग, भाषा एवं गणित विषयों में बच्चों को निपुण बनाने से संबंधित रोचक गतिविधियों पर आधारित शैक्षिक नवाचारों की प्रस्तुति सराहनीय रही।

मुख्य अतिथि सदर विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि बड़े हर्ष की बात है कि मुख्य आदित्यनाथ ने स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की थी। पहले विद्यालयों में शिक्षा देने वाले शिक्षकों की कमी थी, लेकिन जब से देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से विद्यालयों को मानवीय संसाधन से समृद्ध किया गया। अच्छे शिक्षकों की नियुक्ति करवाकर विद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण बनाया जा रहा है। कहा कि अभिभावकों ने भी महत्वपूर्ण कार्य किया है कि उन्होंने सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को भेजा है। अभिभावकों को भी अपने पाल्यों पर ध्यान देना चाहिए कि वे प्रतिदिन विद्यालय जाएं। हम प्रत्येक शिक्षक के आभारी हैं जिन्होंने विद्यालयों के बच्चों को निपुण बनाने में अपना योगदान दिया है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक का रोल सबसे प्रमुख होता है। एक इंजिनियर पुल गड़बड़ बनाएगा तो उतना नुकसान नहीं होगा, लेकिन यदि अध्यापक ने सही ज्ञान नहीं दिया तो पूरी पीढ़ी खराब हो जायेगी। बच्चों का स्कूल में सीखना महत्त्वपूर्ण है। जब तक टीचर्स पूरी निष्ठा, मेहनत और ईमानदारी से नहीं लगेंगे तब तक गुणवत्ता नहीं बढ़ सकती। हमको बच्चों को सीखने के तरीके को सहज और सरल बनाना होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि हमारे परिषदीय विद्यालय आज कांवेंट स्कूलों से कम नहीं हैं। डीसी बालिका शिक्षा सुरेंद्र श्रीवास्तव ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। तीन घंटे तक चली संगोष्ठी का कुशल संचालन नितेश पांडेय ने किया। एसआरजी अंशुमान सिंह, वंदना त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, विनोद पांडेय सहित सभी विकास खंडों के लोगों ने पीपीटी प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राधे रमण त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभय पांडेय, एआरपी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरिमोहन सिंह, शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

शैक्षिक नवाचार कार्यक्रम में शिक्षक को सम्मानित करते सदर विधायक, डीएम व बीएसए। अमृत विचार

### महोत्सव पंडाल में आयोजित प्रदर्शनी में बच्चों ने बिखेरी मेधा की चमक

**सिद्धार्थ नगर अमृत विचार।** सिद्धार्थ नगर महोत्सव में विज्ञान मेला प्रदर्शनी में विज्ञान प्रश्नोत्तरी, विज्ञान गीत लेखन एवं विज्ञान गीत गायन आशु प्रवचन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजई प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र परियोजना निदेशक नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी ने द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया। परियोजना निदेशक त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए तीन दिवसीय मेला सराहनीय रहा है। इसमें कुल 12 तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित कर 300 विद्यार्थियों को मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। आशु प्रवचन में शकुन शर्मा को प्रथम अभिषेक को द्वितीय जानवी शुक्ला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विज्ञान प्रश्नोत्तरी में आभा यादव को प्रथम साक्षी को द्वितीय तथा नितिन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विज्ञान गीत लेखन में मुस्कान मिश्रा को अमित पासवान को प्रथम 11वीं शुक्ला को द्वितीय, कार्तिक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक ने विद्यार्थियों को अवगत कराया कि भारत ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है जिससे पूरी दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है। जिला विज्ञान क्लब के सहसमन्वयकश्री सिद्धार्थ शंकर ने अवगत कराया कि इस पूरी प्रतियोगिता में जनपद के 25 विद्यालयों के 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया है। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी नौगढ़ उसका लोटन, विभाग संगठन मंत्री धीरेंद्र जी डॉक्टर शेफाली, डॉक्टर शिखा शर्मा डा अशोक कुमार, डा शिखा शर्मा, विपुल भारद्वाज, अभिनव कार्तिकेय आदि उपस्थित रहे।

### महोत्सव की तीसरी शाम में बच्चों ने जमाया रंग

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सिद्धार्थनगर महोत्सव में तीसरे दिन स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रीराम से जुड़ी प्रस्तुतियां भक्ति का माहौल बना दिया। मेरे घर राम आए हैं..., सजा दो घर को गुलशन सा..., नमो नमो ही शंकरा.... शिव तांडव जैसी प्रस्तुतियां खूब सराही गई। मंगलवार को सिद्धार्थनगर महोत्सव में स्कूली बच्चों के कार्यक्रम की शुरूआत यूरा पब्लिक स्कूल की अंशिका मोदनवाल एवं टीम की गणेश वंदना से हुई। इसके बाद कार्यक्रम शुरू हुआ तो परवान चढ़ता गया। नव जयोति पब्लिक इंटर कॉलेज बर्डपुर की खुशबू एवं टीम की ओर से आरंभ है प्रचंड, राजकीय उच्चतर माध्यिमक स्कूल मोहनकोला के दीनदयाल एवं टीम की नमो नमो ही शंकरा, ज्योत्सना सिंह की बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ पर नाटक खूब भाया। गुरुकुल कांवेंट स्कूल की प्रतिभा द्विवेदी का शिव तांडव, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार की अन्नया पांडेय एवं खुशी पांडेय, की घूमर-घूमर घूमे रे, गुरूकुल कांवेंट स्कूल की इशिका सिंह एवं टीम की परचम लहरा दो, यूरो पब्लिक स्कूल की अंशिका सिंहानिया एवं टीम की नगाड़ा संग ढोल बाजे, गुरुकुल कांवेंट स्कूल की सौम्या शुक्ला और नव ज्योति सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल की महिमा कसौधन टीम की मेरे घर राम आए पर अलग-अलग प्रस्तुतियां दी गई। विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के दिव्यांश पांडेय, आशीष त्रिपाठी, हर्षित चौबे, शालिनी शुक्ला की टीम ने सजा दो घर को गुलशन सा, रामा-रामा रटते रहे बीती रे उमरिया, कालानमक सांग, सरजू जी का पानी मीठो लगे की प्रस्तुतियां पर खूब वाहवाही हुई। इसके अलावा गंगा नेशनल पब्लिक स्कूल की प्रतिष्ठा, भाग्य लक्ष्मी, अनुश्री, प्राची समेत शालू मिश्रा, अपराजिता, तृषा विश्वकर्मा, शगुन, मानसी एवं टीम की भी प्रस्तुति बेहतरीन रही।

महोत्सव पंडाल में सोमवार की रात आयोजित कवि सम्मेलन के दौरान मौजूद अतिथि।

### फूल हो तुम तो खिलने का वादा करो...

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** महोत्सव के दूसरे दिन स्थानीय कवि सम्मेलन में जनपद के वरिष्ठ कवियों, शायरों ने राष्ट्र प्रेम, देशभक्ति, श्रृंगार एवं प्रेम तथा आपसी भाईचारे को समर्पित एक से बढ़कर एक रचनाएं पेश की। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार तथा वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंदु मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कवयित्री सलोनी उपाध्याय की सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन का विधिवत आगाज हुआ। युवा रचनाकार दिलीप द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत भोजपुरी गीत, तोहरे रहबे बिना नाही कवनो मेल बालमा, बहरा जाय के पलान कर दा फेल बालमा... सुनाकर श्रोताओं को प्रेम और विरह वेदना से जोड़ा। कवयित्री डाक्टर सीमा मिश्रा की गजल, फूल हो तुम तो खिलने का वादा करो... सुनकर श्रोताओं ने जबरदस्त तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। आधी आबादी को समर्पित शायर सलमान आमिर की ग़ज़ल हज़रत आयशा, सीता मां, मरियम का अवतार है तू... खूब सराही गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक्टर ज्ञानेंद्र द्विवेदी दीपक तथा संचालन नियाज़ कपिलवस्तुवी ने किया। नियाज़ की क्षणिकाओं को सुनकर श्रोताओं की तालियां गूंजती रहीं। ज्ञानेंद्र द्विवेदी दीपक की रचना भरत हैं राम लक्ष्मण हम, हमारा इम्तिहां मत लो, पिता के इक इशारे पर अयोध्या छोड़ देते हैं...पर श्रोता देर तक तालियां बजाते रहे। डाक्टर शर्देन्दु त्रिपाठी की राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत रचनाओं तथा महेश प्रताप श्रीवास्तव की हास्य व्यंग्य रचनाओं ने कार्यक्रम को नयी ऊंचाई प्रदान की। डाक्टर विनय कांत मिश्रा, डाक्टर गोविन्द ओझा प्रेम, नियाज़ कपिलवस्तुवी, ब्रह्मदेव शास्त्री पंकज, विजय सिंह, अमित शर्मा, सुजीत जायसवाल, पंकज सिद्धार्थ, मनु शंकर त्रिपाठी, मुकेश कुमार, गंगेश मिश्रा, राम प्रकाश गौतम, मंजू गौतम, कृष्ण कुमार मिश्रा एवं सलोनी उपाध्याय की रचनाओं पर श्रोता बार बार तालियां बजाते रहे। कार्यक्रम में सांसद जगदम्बिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, सीडीओ जयेंद्र कुमार, परियोजना निदेशक रामेंद्र मोहन त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंदु मौर्य, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, सीडीपीओ मोहम्मद अरशद, प्राशिसंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राधे रमण त्रिपाठी, सुधाकर मिश्रा, इंद्रसेन सिंह, बीईओ धर्मेन्द्र कुमार पाल, कर्मचारी नेता रामकरन गुप्ता आदि सहित बड़ी संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति रही।

# मुख्यमंत्री योगी ने गोरखनाथ मंदिर में किया रुद्राभिषेक

गोरखपुर, अमृत विचार

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह रुद्राभिषेक एवं अनुष्ठान पूर्ण कर देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ से लोकमंगल एवं जगत के कल्याण की प्रार्थना की। ऐसी मान्यता है कि कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रुद्राभिषेक करने से भगवान शिवशंकर अत्यंत प्रसन्न होते हैं।

मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प आदि अर्पित करने कर बाद रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया।

रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत उन्होंने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

### गोसेवा कर खिलाया गुड़ और रोटी

सोमवार सुबह रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर की गौशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से गुड़-रोटी खिलाया। गोशाला का भ्रमण कर सीएम योगी ने श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। सीएम योगी की जानी पहचानी आवाज सुनते ही गोवंश दौड़ते-मचलते उनके पास आ गए। सीएम योगी ने गोवंश के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़-रोटी खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

### टनकपुर-मथुरा विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए पूर्व से 31 जनवरी तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को चलाई जा रही 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जं0-टनकपुर विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 30 अप्रैल तक किया गया है। विस्तारित अवधि में 05062 टनकपुर-मथुरा जं0 विशेष गाड़ी मथुरा कैण्ट स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी एवं 05061 मथुरा जं0-टनकपुर विशेष गाड़ी मथुरा कैण्ट से चलाई जायेगी। यह गाड़ी मथुरा कैण्ट से मथुरा जं. के मध्य निरस्त रहेगी। इसके अलावा वाराणसी स्टेशन के किये गये यार्ड रिमाडलिंग के फलस्वरूप 31 जनवरी से 29 फरवरी तक 01748 बनारस-भटनी अनारक्षित विशेष गाड़ी बनारस के स्थान पर वाराणसी सिटी से चलाई जायेगी। वहीं पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल अन्तर्गत बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड मीटर गेज रेल खण्ड को बड़ी लाइन खण्ड में आमान परिवर्तन हेतु 10 फरवरी से अगली सूचना तक बन्द किया जायेगा। फलस्वरूप इस रेल खण्ड पर चलने वाली सभी रेलगाड़ियों का संचालन अगली सूचना तक निरस्त रहेगा।

### रेलवे कर्मचारियों ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यालय पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय एवं सभी पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर सभी ब्रांच के वरिष्ठ पदाधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। सभा में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एससी अवस्थी, केएम मिश्रा, दीपक चौधरी, कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, इत्यादि पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद के सभी ब्लाकों में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों के नेतृत्व में 26 जनवरी से 29 जनवरी तक निकाली जा रही ब्लाक स्तरीय भारत जोड़ो यात्रा का मंगलवार को समापन कर दिया गया। सभी ब्लाक अध्यक्ष भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर सिद्धार्थनगर स्थिति हाइडिल तिराहा पहुंचे और वहां से कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद के नेतृत्व में जिला स्तरीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू हुई।

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।**

## सार-संक्षेप

### धर्म रक्षा मंच की आवश्यक बैठक संपन्न

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सोमवार को देर रात शाहपुर स्थित हिन्दू भवन पर धर्म रक्षा मंच की आवश्यक बैठक बुलाई गई। बैठक में धर्म रक्षा मंच के मुख्य संरक्षक, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने राप्ती नदी तट पर मौनी अमावस्या के अवसर पर लगने वाले मेले में कुश्ती दंगल की तैयारी पर चर्चा किया और जिम्मेदारों को आवश्यक जिम्मेदारी दिया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन 8 व 9 फरवरी को दो दिवसीय 'राम राम कुश्ती दंगल' का आयोजन किया गया हैं, जिसमें देश विदेश के मशहूर पहलवान सम्मलित होंगे और अपने दांव-पेच के कौशल से अपना दम-ख़म दिखाएंगे। उन्होंने आयोजक मंडल के लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए तैयारी के जुट जाने का आवाहन किया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक तिलक साहू उर्फ तिलक बाबा, लवकुश ओझा, चन्द्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, पप्पू श्रीवास्तव, शैलेश सिंह, मधुसूदन अग्रहरि, लालजी शुक्ला, शत्रुहन सोनी, हरीश पाण्डेय, राजन अग्रहरि, रामचंद्र, राजेश सभासद, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, हरीशंकर मिश्रा, तिहुल, सूरज सोनी आदि उपस्थित रहे।

### तीन अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष का कारावास

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना मिश्रौलिया पुलिस की प्रभावी पैरवी से अपहरण के तीन अभियुक्तों को दोष सिद्ध होने पर तीन वर्ष के कठोर कारावास व 10,000-10,000 के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। थाना मिश्रौलिया में दर्ज मुकदमे में जिला मानिटरिंग सेल व थाना मिश्रौलिया पुलिस की प्रभावी पैरवी से अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। न्यायाधीश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी हिमांशु दयाल श्रीवास्तव ने मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्तों मोतीलाल, तौलेश्वर निवासी जोकुण्डा थाना शोहरतगढ़ व विरेन्द्र निवासी कोटिया बाजार थाना शोहरतगढ़ सबूतों व गवाहों के आधार पर सजा सुनाई। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, राजेश कुमार त्रिपाठी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता, आरक्षी उ0नि0 विरेन्द्र कुमार न्यायालय पैरोकार थाना मिश्रौलिया का सराहनीय योगदान रहा।

### पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय में मनाया गया शहीद दिवस

गोरखपुर, अमृत विचार। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में मंगलवार को पूर्वोत्तर रेलवे पर शहीद दिवस मनाया गया। पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय एवं मंडलों तथा उत्पादन इकाईयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय, गोरखपर में दो मिनट का मौन रखने के बाद सायरन बजाया गया।

मंडल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में पहुंचे खरीदार। अमृत विचार

### ठंड कम होते ही प्रदर्शन में खरीदारों की बढ़ी संख्या

**गोरखपुर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में 21 जनवरी से आयोजित हो रही मंडल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में लोगों की पहुंच बढ़ी है। पिछले दो दिनों से निकल रही धूप और ठंड कम होने से दर्शकों व खरीदारों की संख्या बढ़ी है। वैसे तो प्रदर्शनी के पहले दिन से ही यहां लोग अपनी पसंद के ऊनी, सिल्क व सूती के वस्त्र, फुटवियर, घरेलू उपयोग के सामान और औषधीय उत्पाद खरीद रहे हैं लेकिन सोमवार और मंगलवार को गुनगुनी धूप के बीच यहां आने वालों की संख्या खासी बढ़ गई। प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, बिहार, पंजाब आदि राज्यों के विभिन्न जिलों के शिल्पकारों-दुकानदारों ने 116 स्टाल लगाए हैं। इन स्टालों पर खादी के सूती, ऊनी व सिल्क वस्त्र, साड़ियां, स्टोल, सदरी, कोट, जैकेट, शॉल, बेडशीट, कंबल जैसे उत्पाद तो हैं ही अलग अलग जिलों के ओडीओपी उत्पाद की विस्तृत रेंज भी अवलोकन व बिक्री के लिए प्रदर्शित है।

**श्रद्धांजलि** मंडलायुक्त सभागार में अधिकारियों ने 2 मिनट मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को दी श्रद्धांजलि, मंडलायुक्त ने अनिल ढींगरा ने कहा-

# देश की आजादी में शहीद हुए बलिदानियों को भुलाया नहीं जा सकता

गोरखपुर, अमृत विचार

स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वाले वीर बलिदानियों की याद में मनाए जा रहे शहीद दिवस पर मंगलवार को मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा के नेतुत्व में 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसी तरह कलेक्ट्रेट, रिजर्व पुलिस लाइन, विकास भवन समेत अन्य कार्यालयों में डीएम, सीडीओ, एएसपी व सीओ व अन्य पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखा। वहीं, सभी थाना में भी मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। देश की आजादी के लिए चले स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में मंगलवार को जिले में शहीद दिवस मनाया गया। इसमें मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा कलेक्ट्रेट में डीएम, विकास भवन में सीडीओ, रिजर्व पुलिस लाइन में एसएसपी सुबह 11 बजे मौजूद अन्य कर्मचारी ने दो मिनट का मौन रखा। मौन शुरू होने व समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर दी गई।

दो मिनट का मौन रख शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने कहा कि देश की आजादी में महात्मा गांधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने बिना किसी लालच के देश को आजादी दिलाई, देश के लिए लिए प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को कभी भूला नहीं जा सकता।

महात्मा गांधी आज भी हमारे दिलों में जिंदा हैं। उनके बलिदान को देश कभी भूल नहीं पाएगा। गांधी ने सत्य और अहिंसा की राह पर चलकर देश को आजादी दिलाई। हम सब उनके आदर्शों पर चलकर उनके सपनों को आगे बढ़ाएं। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को हम सब देशवासी कभी नहीं भूलेंगे। मंडलायुक्त सभागार में प्रमुख रूप से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी, अपर आयुक्त प्रशासन वीके सिंह, एडीएम वित्त विनीत कुमार सिंह, एसडीएम सहजनवा कुंवर सचिन सिंह, एसडीएम चौरी-चौरा प्रशांत वर्मा, एसडीएम गोला रोहित मौर्य, एसडीएम खजनी राजू कुमार, एसडीएम बासगाव प्रदीप कुमार, एसडीएम कैंपियरगंज अमित जायसवाल, सहायक निर्वाचन अधिकारी जेके मौर्य व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यालय में 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि देते मंडलायुक्त।

### मंडल स्तरी विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंडल स्तरी विकास कार्यों, सीएम डैक्स बोर्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं की मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने समीक्षा की। इस दौरान कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज के अधिकारी ऑनलाइन जुड़े रहे। गोरखपुर के मंडल आयुक्त सभागार में डीएम कृष्णा करुणेश, सीडीओ संजय कुमार मीना, अपर आयुक्त वीके सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### कुएं में गिरने से तीन वर्षीय बच्चे की मौत

**बलरामपुर, अमृत विचार।** हरैया थाना क्षेत्र कटकुइया के मजरे बल्दीडीह गांव में कुएं में गिरने से एक तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है।बल्दीडीह गांव निवासी हीरा लाल ने बताया कि मेरे पिता हरीराम मौर्य कुएं पर सोमवार के शाम को पानी भरने गये थे। तीन वर्ष का छोटू मौर्य कुएं के पास खेल रहा था। देर शाम तक छोटू की काफी खोजबीन करने पर शव कुएं में पड़ा मिला। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। हरैया थाना के प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं मिली है।

### आल इंडिया मुशायरा और कवि सम्मेलन आज

**संतकबीरनगर।** कबीर मगहर महोत्सव की चौथी शाम देश के ख्यातिलब्ध शायरों और कवियों के नाम रहेगी। बुधवार की शाम 8 बजे से रात 11 बजे तक आल इंडिया मुशायरा और कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि मगहर नूरूज्जमा अंसारी ने बताया कि मुशायरा और कवि सम्मेलन में ख्यातिलब्ध शायर नदीम फर्रुख, शकील आजमी, इकबाल अशहर, डॉ कलीम कैसर, शबीना अदीब, नुसरत अतीक, राजेश रेड्डी, विष्णू सक्सेना, डॉ सर्वेश अस्थाना, गजेंद्र प्रियांशू, जमुना प्रसाद उपाध्याय, ताराचंद तन्हा, साक्षी तिवारी के साथ ही स्थानीय शायर और कवि अपनी शायरी और कविताओं के माध्यम से महफ़िल सजाएंगे। उन्होंने क्षेत्रीय जनता और जनपद वासियों से इस ऐतिहासिक आयोजन में पहुंच कर आयोजन को भव्यता प्रदान करने का आह्वान किया है।

### सीसीटीवी की निगरानी में छात्र दे रहे परीक्षा

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 34 केन्द्रों पर आयोजित की गई। यह परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में आयोजित हो रही है। परीक्षा की गुणवत्ता व सुचिता को रखने के लिए जिला विद्यालय द्वारा कई केंद्रो का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिले में इस बार 64 बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

# चुनाव के दृष्टिगत अराजक तत्व होंगे चिन्हित

## विकास कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष हो प्रगति, राजस्व वसूली में लाएं तेजी : मंडलायुक्त

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** देवीपाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने सभी मंडलीय अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की सभी योजनाओं में अच्छा करते हुए सीएम डैश बोर्ड अच्छी रैंकिंग प्राप्त करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त। अमृत विचार

उन्होंने कहा की मंडल के सभी जिलों में मशरूम की खेती को बढ़ावा दिया जाए। महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए जा लोकल उत्पादों की ब्रांडिंग की जाए। मंडल में पीएम आवास योजना एवं सीएम आवास योजना में प्रगति का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की नई सड़कों में निर्माण की गुणवत्ता का निरीक्षण कर लिए जाए। सड़कों पर छुट्टा जानवर व गोवंश ना दिखें। निराश्रित गोवंश स्थलों पर क्षमता के अनुसार गोवंश संरक्षित किया जाए। कानून व्यवस्था व अभियोजन कार्यों समीक्षा के दौरान उन्होंने गैंगस्टर, भूमाफिया, को चिन्हित करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वन माफियाओं को चिन्हित किया जाए व कड़ी कार्रवाई की जाए। महिला अपराधों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आगामी लोकसभा के दृष्टिगत अराजक तत्वों को चिन्हित करते हुए निरोधात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गंभीर अपराधों में विवेचनाएं लंबित न रहें।

कर करेतर की समीक्षा के दौरान उन्होंने राजस्व वसूली में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की तीन व पांच वर्ष से अधिक के लंबित वादों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। भूमि विवाद में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण कराए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर डीआईजी देवीपाटन मंडल अमरेंद्र प्रताप सिंह, डीएम अरविंद सिंह, जिलाधिकारी गोंडा नेहा शर्मा, जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी, जिलाधिकारी श्रावस्ती कृतिका शर्मा, सभी जिला के पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अहंकारी राजा का विनाश तयः प्रवीण

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** पिछले 4 दिनों से जिले की सभी न्याय पंचायतों में आयोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जनपद मुख्यालय पर किया गया। जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार पांडेय के आह्वान पर इकट्ठा हुए कांग्रेसियों ने बापू की प्रतिमा के सामने उनका प्रिय भजन "रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम" गाया।

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में पदयात्रा करते कांग्रेसी। अमृत विचार

जनपद मुख्यालय स्थित जूनियर हाईस्कूल परिसर से निकली पदयात्रा स्टेट बैंक चौराहा, मुखलिसपुर चौक, मेंहदावल चौक, बरदहिया बाजार होते हुए डीघा बाईपास पर पहुंची। यहां यात्रा का समापन किया गया। मौजूद कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद्र पांडेय ने कहा कि जब राजा अहंकारी हो जाता है तो उसके शासन का अंत सुनिश्चित हो जाता है। श्री पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा का उद्देश्य भी यही है कि जनता अपने हक के लिये और संविधान की रक्षा के लिये लड़ना सीखे और आवाज बुंलद करे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को ताकत देने के लिए जिले की हर न्याय पंचायतों में चल रही पद यात्रा का हुजूम मंगलवार को जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद पहुंचा था। पद यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश महासचिव अमरेंद्र मल्ल और प्रदेश सचिव डा. नादिर सलाम ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा से भारतीय जनता पार्टी की सरकार घबराई हुई है। 14 फरवरी को यात्रा यूपी में प्रवेश करेगी।जनपद मुख्यालय पर आयोजित पदयात्रा में मुख्य रूप से मो. नजीर दिलशाद अफसर, शांति देवी, सुनील कुमार पांडेय, विजय कुमार शुक्ल, रवि उदय पाल, मोइन अंसारी, संजय आदि मौजूद रहे।

# विवाद में बीच बचाव करने गए युवक की हत्या

▸▸ मोबाइल चोरी के आरोप प्रत्यारोप में हो रही थी मारपीट

**धनघटा, संतकबीरनगर।** ग्राम सोनडिहा निवासी राधिका पत्नी जगन्नाथ की मोबाइल 15 दिनों पूर्व गायब हो गयी थी। मंगलवार की सुबह राधिका पत्नी जगन्नाथ ने गांव निवासी दीनानाथ की बेटी रंजन व राम हजूर की बेटी राधिका पर मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाते हुए गाली गुप्ता देने लगी।

इस बीच मौके पर दोनों पक्षों में कहा सुनी के बाद मारपीट की नौबत आ गयी। विवाद शांत कराने के लिए दीनानाथ मौके पर गए। लेकिन दूसरे पक्ष के घनश्याम, बिपिन आदि मिलकर दीनानाथ को मारपीट कर एक नांद पर उठाकर फेंक दिया। दीनानाथ के सिर में गम्भीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। इस बीच मोबाइल चोरी का आरोप लगाने वाले लोगों ने दीनानाथ के चार छोटे छोटे बच्चों को भी दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। जिससे सूरज, चंदा, रंजन और संजन भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अब कैसे होगी बच्चों की परवरिश : राधिका

मोबाइल चोरी के मामले में हुई दीनानाथ की निर्मम हत्या के बाद पत्नी राधिका की बुरी दशा है। अपने चार घायल बच्चों के साथ धनघटा थाने पहुंची राधिका ने बताया कि आरोपी पक्ष उसके सगे पट्टीदार हैं। मामूली बात और झूठे आरोप लगाकर सगे पट्टीदारों ने ही उसका सुहाग उजाड़ दिया। अब बेसहारा बच्चों की परवरिश आखिर कौन करेगा। उसने बताया कि उसके पति तो विवाद शांत कराने गए थे। लेकिन विपक्षियों ने मौत के घाट उतार दिया।

## सार-संक्षेप

### निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को पूरा करें शिक्षक : प्राचार्य

प्राथमिक विद्यालय गोंदीपुर में आयोजित बैठक में शामिल डायट प्राचार्य व अन्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** स्कूल शिक्षा राज्य परियोजना महानिदेशक के निर्देशन में जिले के सभी न्याय पंचायत में संकुल बैठक का आयोजन मंगलवार को आयोजित किया गया। जिसमें निर्धारित एजेंडा के अनुसार बैठक में शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिये गये।संकुल बैठक के एजेंडा विंदु में 5 पॉइंट टूल किट पर आधारित चर्चा व निपुण भारत मिशन से संबंधित संचालित गतिविधियों पर चर्चा की गई। संकुल बैठक में प्राचार्य डायट हिफजुर्हमान ने बलरामपुर ग्रामीण विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय गोंदीपुर में पहुंचकर बैठक का जायजा लिया। बैठक में प्रस्तुत एजेंडा बिंदु पर सभी शिक्षकों से जानकारी ली गई। निपुण भारत मिशन के बारे में सभी को मार्गदर्शन दिया गया। इस बैठक में न्याय पंचायत गोंदीपुर के सभी 15 विद्यालयों के अध्यापक उपस्थित रहे। डाइट प्रचार ने कहा कि संकुल बैठक का मुख्य उद्देश्य 5 पॉइंट एजेंट को क्रियान्वित करना है। इस दौरान पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष व कंपोजिट स्कूल रामपुर बनघूसरा के प्रधानाध्यापक कमरुद्दीन अंसारी सहित एकता सोनकर, पायल अरोड़ा सहित स्कूलों के शिक्षक इंचार्ज प्रधानाध्यापक शामिल रहे।

### संस्थापक सप्ताह दिवस का होगा आयोजन 7 फरवरी तक

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एमएलके पीजी कॉलेज में 31 जनवरी से 7 फरवरी तक संस्थापक सप्ताह समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दौरान विभिन्न प्रकार के बौद्धिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय ने बताया कि महाविद्यालय के आदि संस्थापक महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की स्मृति में 31 जनवरी से 7 फरवरी तक संस्थापक सप्ताह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। संस्थापक सप्ताह समारोह को सफल बनाने के लिए छात्रों के वैयक्तिक विकास के लिए विभिन्न प्रकार के बौद्धिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसके सफल संचालन के लिए संयोजक भी नियुक्त किये गए हैं। सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह ने बताया कि 31 जनवरी को संयोजक डॉ केपी मिश्र की अगुवाई में आशुभाषण व मणिका मिश्रा के नेतृत्व में एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित होगी। वहीं 1 फरवरी को पूजा मिश्रा की अगुवाई में संस्कृत श्लोक व प्रो मोहिउद्दीन अंसारी की अगुवाई में क्विज,2 फरवरी को डॉ राम रहीस की अगुवाई में आशुकविता तथा लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चैहान की अगुवाई में एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जबकि 3 फरवरी को डॉ तारिक कबीर,भावना सिंह व प्रो रेखा विश्वकर्मा की अगुवाई में क्रमशः उर्दू व संस्कृत में निबंध व चित्रकला व मेहंदी प्रतियोगिता,4 फरवरी को डॉ विमल वर्मा व प्रो रेखा विश्वकर्मा के नेतृत्व में क्रमशः हिंदी निबंध व रंगोली प्रतियोगिता,5 फरवरी को डॉ रमेश शुक्ल के नेतृत्व में अंग्रेजी निबंध व वाद विवाद प्रतियोगिता व 6 फरवरी को डॉ प्रखर त्रिपाठी के नेतृत्व में हिंदी वाद विवाद तथा डॉ बीएल गुप्त के नेतृत्व में एकांकी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 5 फरवरी की शाम को कला, विज्ञान,वाणिज्य व शिक्षा संकाय के मध्य अन्तरसंकाय विविधा प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। वहीं 7 फरवरी को प्रकाशोत्सव पर्व के साथ संस्थापक सप्ताह समारोह का समापन किया जायेगा।

एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर। अमृत विचार

# नगर के सौंदर्यीकरण और विकास पर हुई चर्चा

उर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाकात के दौरान मौजूद पालिका चेयरमेन डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह।

▸▸ नगर विकास मंत्री से चेयरमैन डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने भेंट कर रोड, अंत्येष्टि स्थल, अटल सरोवर के विकास पर किया चर्चा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** आदर्श नगरपालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने नगर विकास व उर्जा मंत्री एके शर्मा के लखनऊ स्थिति सरकारी आवास पर मुलाकात कर बलरामपुर नगर के विकास, सुंदरीकरण व महत्वपूर्ण बिंदुओं पर व्यापक चर्चा किया। बंधन योजना के तहत झारखंडी मंदिर स्थित अटल सरोवर के सुंदरीकरण एवं छठ पूजा स्थल के निर्माण, नगर के सभी रोडों के निर्माण, अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण, जल निकासी, बलरामपुर के हृदय स्थल वीर विनय चौराहे का सुंदरीकरण व निर्माण तथा अन्य विकास कार्यों से संबंधित बिंदुओं पर विचार विमर्श किया। जिस पर उर्जा मंत्री एके शर्मा ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# अपराध पर अंकुश लगाना प्राथमिकता : प्रभारी निरीक्षक

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने सोमवार को मेंहदावल थाने पर पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने जनता की सेवा और अपराध पर अंकुश लगाने को अपनी पहली प्राथमिकता बताई है। उन्होंने कहा कि जनता के साथ अच्छा व्यवहार न करने वाले और अपराधियों से सांठगांठ रखने वाले पुलिस कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा। महिला अपराध पर अंकुश लगाने के साथ साथ महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने की बात कही। अपराधियों पर कार्रवाई का क्रम चलता रहेगा। मेंहदावल थाने के नवागत प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने मंगलवार की शाम पदभार ग्रहण करने के साथ ही थाने के स्टाफ के साथ बैठक किया। नवागत एसओ आरके मिश्र ने बताया कि उनकी मंशा शासन के मंशानुरूप कार्य करने की होगी। इसके बाद उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें उनसे क्षेत्र की सूचनाएं समय पर देने को कहा। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की भी हिदायत दिया।

### सुदेश सिंह बने महामंत्री

**बलरामपुर।** मिशन योगी कम अगेन उत्तर प्रदेश संगठन का महामंत्री सुदेश सिंह को बनाया गया है। राष्ट्रीय रक्षा मंच द्वारा संचालित मिशन योगी अगेन कम उत्तर प्रदेश संगठन में बलरामपुर जिले का जिला महामंत्री और जिला सदस्यता प्रभारी मनोनीत किए गए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा लखनऊ मण्डल के हरगांव, मैलानी GMU (General Minor Unit) एवं मनकापुर SMU (Special Minor Unit) के संचलन की 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित है। जिसके खुलने की तिथि दिनांक 16.02.24 समय 13.00 बजे एंव बंद होने की तिथि दिनांक 16.02.24 समय MLN (13:30, 14:00), HA(13:40, 13:50) & MUR (14:10) सम्बन्धित लॉट के अनुसार है। इस आक्शन के अन्तर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होगें। ई ऑक्शन से सम्बन्धित अन्य जानकारी www.ireps.gov.in (E-Auction Module) वेबसाइट पर उपलब्ध है। ध्यान दें कि ई–ऑक्शन मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान केवल through IREPS, online payment mode से ही स्वीकार्य किया जाएगा जोकि **www.ireps.gov.in (E-Auction Module)** की वेबसाइट पर उपलब्ध है, डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नही है। अन्य जानकारी www.ireps.gov.in (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ई आक्शन सूचना संख्या, स्टेशन, लोकेशन, आदि का विवरण निम्न है।

**ई ऑक्शन सूचना सं. (कैटलॉग सं०):** Catg-MLN-HA-MUR, **स्टेशनः**–मैलानी, **लोकेशनः**–पीएफ 2/3 पर स्टॉल नंबर 06, ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समयः दिनॉक 16.02.24 समय 13.30 एवं **लोकेशनः**–पीएफ 01 पर स्टॉल नंबर 02, ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समयः दिनॉक 16.02.24 समय 14.00।

**स्टेशनः**–हरगांव, **लोकेशनः**–पीएफ 01 पर स्टॉल नंबर 01, ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समयः दिनॉक 16.02.24 समय 13.40 एवं **लोकेशनः**–पीएफ 2/3 पर स्टॉल नंबर 06, ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समयः दिनॉक 16.02.24 समय 13.50।

**स्टेशनः**–मनकापुर, लोकेशनः–पीएफ 4/5 पर स्टॉल नंबर 12, ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समयः दिनॉक 16.02.24 समय 14.10।

मण्डल रेल प्रबन्धक/वाणिज्य
मुजाधि/वाणिज्य–253 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# अवध की होली ने कराया बसंत का एहसास

**मगहर, अमृत विचार।** कबीर मगहर महोत्सव की तीसरी शाम को लोक संस्कृति गौरव सम्मान से सम्मानित निधि श्रीवास्तव के निर्देशन में उनके ग्रुप के कलाकारों के द्वारा अवधी होली की खूबसूरत प्रस्तुति की गई। कलाकारों की खूबसूरत प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा साथ ही अवध की होली कार्यक्रम में दर्शक भी अवध की होली खेल राम नाम में लीन हो गये।कलाकारों को कमिश्नर बस्ती की धर्मपत्नी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कबीर मगहर महोत्सव में प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती बंदना के साथ भाव नृत्य से हुई। इसके बाद "कर्पूर गौरम् करुणा वतारम् "पर शिव नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद लोक गीत "जब फागुन रंग छमकते हों तब देख बहारें" पर कलाकारों ने ऐसा भाव नृत्य प्रस्तुत किया कि मौजूद दर्शक भाव विभोर हो गए।इसके बाद "होरी खेला तू जमके घूंघट वाली, खेला खेला तू जमके घूंघट वाली" गीत पर कलाकारों ने शानदार ग्रुप डांस किया। जिसे देख दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। "फगुनवा में रंग रस रस बरसे" जिसको देख दर्शक झूम उठे। इसके बाद सियाराम जी की होली" की शरूआत हुई। जिसमें श्रीराम माता सीता और भाइयों के साथ जमकर फूलों की होली खेली। होली गीत के बोल थे "होरी खेलत श्रीराम अवध में, लखन सिया ले संग" पर कलाकारों ने खूबसूरत प्रस्तुति किया। इसके बाद कलाकारों के द्वारा "होरी खेल रहे राम सरकार, राम रंग बरस रहा, होरी खेल सिया सरकार प्रेम रंग बरस रहा" गीत पर सुंदर प्रस्तुति किया। पूरा माहौल राम मय हो गया। कलाकारों के द्वारा "खेले अवध में होली" गीत पर नृत्य कर लोगों को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। इसके बाद "होली खेल रघुबीर अवध में" गीत पर कलाकारों ने फूलों की होली खेली। मंच पर कलाकारों में निधि श्रीवास्तव, अभय सिंह, देवकीनंदन शुक्ल, आकाश सैनी, अरविंद, सची द्विवेदी, अनामिका यादव, कशिश मल्होत्रा, अनामिका यादव और तमन्ना यादव ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कमिश्नर बस्ती, एडीएम जय प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, एसडीएम सदर शैलेश दूबे व अन्य मौजूद रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा शुद्धिकरण सूचना**

ई–टेण्डरिंग खुली निविदा सूचना सं. 03/2024 दिनांक 08.01.2024 के अंतर्गत क्रमांक 03 पर अंकित निविदा जो दिनांक 29.01.2024 को खोली जानी थी, प्रशासनिक कारणों से अब दिनांक 02.02.2024 को खोली जायेगी। ई निविदा का विवरण भारतीय रेलवे के **IREPS** वेब साईट पर **www.ireps.gov.in** देखें।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)
मुजाधि/डब्लू–524 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी का हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा वर्ष 2010, अनुक्रमांक 2263622 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **कुमारी अर्चना देवी पुत्री श्रीराम गोपाल सोनकर ग्राम व पोस्ट दुबहा बाजार जिला गोंडा।**

## एक नजर

### अब पहली तारीख तक मिल जाएगा संविदा कर्मियों को वेतन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अब प्रत्येक माह की एक तारीख तक संविदा बिजली कर्मियों का वेतन का भुगतान किया जाएगा। पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने इस सिलसिले में सभी वितरण कंपनियों को निर्देश जारी किया है। कॉरपोरेशन के निर्देश के बाद वितरण कंपनियों ने भी मुख्य अभियंताओं को निर्देश जारी कर आउटसोर्स एजेंसियों को निर्देश सुनिश्चित कराने को कहा है। कॉरपोरेशन के निर्देश में कहा गया है कि वितरण कंपनियों की ओर से हर हाल में महीने की 25 तारीख तक आउटसोर्स एजेंसियों को धनराशि अवमुक्त की जाए। माह के अंत तक आउससोर्स एजेंसियां आउटसोर्स कर्मियों के बैंक खाते में वेतन की धनराशि स्थानांतरित करें। आगामी माह की चार तारीख तक आउससोर्स एजेंसियां संविदा कर्मियों के ईपीएफ आदि अंशदान का भुगतान सुनिश्चित करेंगी।

# महिलाओं को रोजगार देने में बरेली अव्वल, लखनऊ पीछे

## आजीविका का दावा पर स्वयं सहायता समूहों को एनआरएलएम के तहत नहीं बांट पाए ऋण

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

एक्सक्लूसिव

- सीएम डैशबोर्ड में अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत शीर्ष पांच में शामिल
- लखनऊ 38वें स्थान पर आकर डी ग्रेड में

**अमृत विचार :** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत प्रदेश में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए गठित स्वयं सहायता समूह खोखले साबित हुए। मिशन ने महिला समूहों का गठन तो खूब किया, लेकिन उन्हें चलाने के लिए बैंकों से ऋण नहीं दिला पाए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसंबर तक बात करें तो समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज यानी ऋण दिलाने में बरेली पहले स्थान पर है। जबकि अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत भी टॉप-5 में हैं। लेकिन राजधानी लखनऊ 38वें स्थान पर है। यह प्रगति मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से सामने आई है। जो पारदर्शिता के साथ मिशन के कार्य और लापरवाही बता रही है। दिसंबर में राजधानी को खराब प्रगति पर डी ग्रेड श्रेणी में रखा गया है। यहां 2892 समूह को क्रेडिट लिंकेज कराने का लक्ष्य था जिसमें 1,147 समूह का लक्ष्य ही हासिल हुआ। इससे जिले की प्रगति 39.66 प्रतिशत है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि यह कार्य जिले के हैं। वहां के अधिकारियों को ही प्रगति सुधारनी है।

### टॉप जिलों का प्रतिशत

| | |
|---|---|
| बरेली | - 96.74 |
| अंबेडकर नगर | - 89.98 |
| बलिया | - 87.36 |
| मथुरा | - 83.56 |
| बागपत | - 78.42 |

### फिसड्डी जिलों का प्रतिशत

| | |
|---|---|
| गोंडा | - 10.3 |
| सीतापुर | - 10.91 |
| बाराबंकी | - 11.80 |
| संभल | - 11.92 |
| हमीरपुर | - 11.96 |

### गोंडा, सीतापुर, बाराबंकी, संभल व हमीरपुर फिसड्डी

स्वयं सहायता समूहों का गठन करना और उन्हें ऋण दिलाने का कार्य बरेली, अंबेडकर नगर, बलिया, मथुरा व बागपत ने बेहतर किया है। इससे इन जिलों को टॉप-5 पर रखा गया है। जबकि सीतापुर, बाराबंकी, संभल व हमीरपुर सबसे खराब प्रगति पर नीचे रखे गए हैं। इनके अलावा अन्य जिलों की भी प्रगति बेहद खराब है। लखनऊ की खराब प्रगति का जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने संज्ञान लिया है और बुधवार को बैठक रखी है। मिशन इस खराब प्रगति का कारण नवंबर से चल रही कर्मियों की हड़ताल बता रहा है। तो वहीं बैंकों द्वारा रुचि न लेने का भी हवाला दिया जा रहा है।

### नहीं चल रही विभागों की आंकड़ेबाजी

दरअसल, इस वर्ष मुख्यमंत्री डैशबोर्ड लागू हुआ था। इसमें विभागों द्वारा लक्ष्य पूर्ति आदि की प्रगति ऑनलाइन फीड की जाती है। डैशबोर्ड विभागों की वेबसाइट के साथ शासन से लिंक है। इसलिए इसमें प्रगति के फर्जी आंकड़े या फिर एडवांस विभाग नहीं भर पा रहे हैं। जो नीचे कुछ और ऊपर कुछ भेजते थे। इसलिए ज्यादातर विभागों की सही प्रगति अब सामने आ रही है।

# फरवरी में ही कराने होंगे 57 हजार जोड़ों के विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फरवरी अंतिम या मार्च प्रथम सप्ताह में लग सकती है लोस चुनाव की आचार संहिता

**अमृत विचार :** प्रदेश के 75 जिलों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लक्ष्य फरवरी में ही हासिल करना होगा। मार्च के प्रथम सप्ताह में आचार संहिता लगने की संभावना है। अभी तक प्रदेश में 1 लाख 22 हजार जोड़ों ने विवाह के लिए आवेदन किया है और 65 हजार का विवाह कराया जा चुका है।

बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जाता है। एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। दाम्पत्य जीवन की खुशहाली एवं गृहस्थी के लिए 35 हजार रुपये कन्या के खाते में डाले जाते हैं। जबकि शेष राशि आयोजन पर खर्च की जाती है। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभी तक 65 हजार से अधिक जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। जबकि 57 हजार जोड़ों का विवाह इस माह ही कराने की तैयारी है, क्योंकि फरवरी के अंतिम सप्ताह में या मार्च के प्रथम सप्ताह में लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लग सकती है।

# फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही पर योगी सख्त

## क्षतिग्रस्त फसलों के दोबारा सत्यापन में ढिलाई पर जताई नाराजगी, 17 जिलों के एडीएम से मांगा जवाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद अधिकारियों ने वंचित किसानों का फिर से सर्वे कराकर शासन से की है बजट की मांग

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्ती दिखाई है। योगी ने क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताते हुए 17 जिलों के अधिकारियों से जवाब तलब किया है। उन्होंने अधिकारियों को ऐसे मामलों में तत्काल सत्यापन कराकर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिये हैं।

दरअसल, बीते दिनों मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में पाया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हजारों किसानों को डाटा फीडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं किया जा सका। उन्होंने दोबारा सत्यापन करा मुआवजे से वंचित किसानों को सहायता राशि देने के निर्देश दिये थे। इस निर्देश के बाद भी कई जिलों के अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों का सर्वे नहीं कराया। इसकी वजह से समय से किसानों को मुआवजा नहीं मिल सका।

मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद हरकत में आए अधिकारियों ने अपने-अपने जिले में मुआवजे से वंचित किसानों का दोबारा सर्वे कराकर शासन से बजट की मांग की है। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि जिलों से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित वंचित किसानों को तत्काल मुआवजा देने के लिए मांग के अनुसार धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। अभी तक 35 करोड़ से अधिक की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। साथ ही विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों को जल्द से जल्द मुआवजे से छुटे किसानों का सत्यापन कराकर धनराशि की मांग करने के निर्देश दिये गये हैं ताकि कोई भी किसान इससे वंचित न रह जाए।

सभी जिलों से जवाब मिलते ही रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। बाद में आगे की कार्रवाई की जाएगी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाता है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर किसानों को मुआवजा धनराशि सर्वे के 24 घंटे में डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजी जा रही है।

### इन जिलों के जिम्मेदारों को किया तलब

अपर मुख्य सचिव राजस्व ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 17 जिलों के एडीएम एफआर से लापरवाही पर जवाब तलब किया गया है। इनमें अलीगढ़, हाथरस, बाराबंकी, मऊ, बरेली, बदायूं, अंबेडकरनगर, शाहजहांपुर, महोबा, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, झांसी, ललितपुर, गाजियाबाद, बिजनौर और कौशांबी के एडीएम एफआर शामिल हैं। सभी एडीएम को एक हफ्ते में अपना जवाब शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

### प्रभावित किसानों को दी धनराशि

साल 2021-22 में उप्र. के 75 जिलों के क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित 13,97,480 से अधिक किसानों को 5,08,31,80,715 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि दी गई। वहीं साल 2022-23 में 10,44,387 से अधिक किसानों को 4,25,22,41,276 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि दी गई, जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनवरी तक 1,87,845 से अधिक किसानों को 80,88,68,299 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि वितरित की जा चुकी है।

# यूपी की झांकी को मिला द्वितीय पुरस्कार

- सूचना निदेशक को नई दिल्ली में प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

नई दिल्ली में पुरस्कार प्राप्त करते उप्र सूचना विभाग के निदेशक शिशिर, साथ में अन्य।

**अमृत विचार :** नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित 75वें गणतंत्र दिवस परेड में 'विकसित भारत-समृद्ध विरासत' की थीम पर सजाई गई प्रदेश की मनोरम झांकी ने दूसरा स्थान हासिल किया है। उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक शिशिर को भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया। हालांकि जबकि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की झांकी ने पहला पुरस्कार जीता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास पथ पर तेजी से दौड़ रहे प्रदेश की सजाई गई झांकी ने इसबार सबका मन मोह लिया था। इसीलिए पीपुल्स च्वॉइस के आधार पर प्रदेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। 26 जनवरी को 16 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के साथ ही 9 अलग-अलग मंत्रालयों व विभागों की कुल 25 झांकियां निकली थीं। लेकिन जनता ने जब वोटिंग की तो, उप्र काफी आगे निकल गया।

मंगलवार को नई दिल्ली में पुरस्कार पाने के बाद निदेशक शिशिर ने लोगों का आभार जताते हुए कहा कि अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की थीम पर सजाई गई प्रदेश की इस झांकी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही रैपिड रेल, ब्रह्मोस मिसाइल के प्रदर्शन तकनीक के साथ ही आत्मनिर्भर होते प्रदेश की झलक पेश कर रहा था।

### लगातार 5वें वर्ष मिला सम्मान

प्रदेश के लिए यह गौरव का क्षण है। गणतंत्र दिवस परेड में आकर्षक झांकी के लिए लगातार पांचवें वर्ष सम्मानित किया गया। 2020 में यूपी की झांकी को द्वितीय, 2021 व 2022 में प्रथम पुरस्कार मिला था। 2023 में पीपुल्स च्वॉइस श्रेणी में द्वितीय व तृतीय पुरस्कार यूपी के खाते में आया। वहीं 2024 में भी पीपुल्स च्वॉइस श्रेणी में उत्तर प्रदेश की झांकी दूसरे स्थान पर रही।

# मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना की गाइडलाइन जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जीएसटीआईएन व टीईएन नंबर वाले उद्यमी योजना का लाभ नहीं ले सकते

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सूक्ष्म दुर्घटना बीमा योजना की नियमावली जारी कर दी गई है। जीएसटीआईएन/टीईएन नंबर वाले उद्यमी योजना का लाभ नहीं ले सकते। साथ ही, 18 से 60 वर्ष आयु के उद्यमी ही ऑनलाइन पंजीकरण कराने के लिए पात्र होंगे।

बीते 21 अगस्त 23 को विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना शुरू की थी। योजना के अंतर्गत पांच करोड़ रुपये से कम पूंजी और 40 लाख रुपये से कम टर्नओवर वाले छोटे उद्यमियों को पांच लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर मुहैया कराया जाएगा। इस श्रेणी के प्रदेश में 90 लाख एमएसएमई हैं, जो भारत के सभी राज्यों में प्रथम स्थान पर हैं। भारत की कुल एमएसएमई संख्या 6.33 करोड़ में प्रदेश का हिस्सा लगभग 14 प्रतिशत है। प्रदेश के कुल औद्योगिक उत्पादन में एमएसएमई क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 60 फीसदी है।

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत जीएसटीआईएन व टीआईएन लेने वाले उद्यमी इस योजना का लाभ नहीं उठा सकेंगे। एमएसएमई विभाग ने इस संबंध में जारी शासनादेश में कहा है कि विभागीय पोर्टल msme.up.gov.in पर 18 से 60 वर्ष के एमएसएमई उद्यमी ऑनलाइन आवेदन करेंगे। योजना के प्रथम वर्ष में ऐसे सूक्ष्म उद्यमी जो 14 अगस्त 2023 तक उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर पंजीकृत हैं, और जीएसटी विभाग द्वारा संचालित बीमा योजना से आच्छादित नहीं हैं, वही उद्यमी दुर्घटना होने की स्थिति में पात्र माने जाएंगे। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से योजना संचालित होगी। उद्यमी द्वारा पोर्टल पर आवेदन के साथ 10 रुपये के स्टांप पेपर पर तय प्रारूप पर ब्यौरा देना होगा। इसमें बताना होगा कि उद्यमी वास्तविक रूप से उत्पादन अथवा सेवा क्षेत्र में कार्यरत है। साथ ही राज्य सरकार की किसी अन्य दुर्घटना बीमा से आच्छादित नहीं है।

# आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण आवश्यक है। भाजपा आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है। वह संविधान को भी बदलना चाहती है। 2024 के बाद लोकतंत्र पर खतरा है। भाजपा जनता को धोखा दे रही है। हालात अच्छे नहीं है। ये विचार समाजवादी पार्टी मुख्यालय के लोहिया सभागार में में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को व्यक्त किए।

अखिलेश ने अपने कार्यकर्ताओं को चेताया कि सन 2022 का परिणाम सबको निगाह में रखना चाहिए। जनता ने तो सपा के पक्ष में फैसला कर लिया था, लेकिन प्रशासनिक धांधली कर मतदाता सूची में गड़बड़ी करके जनता के निर्णय से खिलवाड़ किया गया। हमें इसलिए हर स्तर पर 2024 के चुनाव को गम्भीरता से लेना है।

### सपा प्रमुख ने राष्ट्रपिता को किया याद

**लखनऊ :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को सपा के राज्य मुख्यालय में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अखिलेश यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता के रास्ते पर चलने और उनके सपनों को पूरा करने का हमें संकल्प लेना है।

# लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर शासन स्तर पर हो रहे तबादलों के क्रम में मंगलवार को भी 84 आईपीएस अफसरों को बदल दिया गया। दो दिन पहले भी 65 पुलिस अफसरों के तबादले हुए थे। दरअसल, चुनाव आयोग ने एक ही जगह पर 30 जून 2024 को तीन साल का कार्यकाल पूरा कर रहे अफसरों को 31 जनवरी से पहले इधर से उधर करने का आदेश दे रखा है। इस तबादला सूची में इस तबादले में हाल ही प्रमोशन पाए अफसरों को नई तैनाती मिली है। सूची के अनुसार अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट कानपुर अंकिता शर्मा का पूर्व में वाराणसी कमिश्नरेट में हुआ तबादला निरस्त कर दिया गया है। शासन की ओर से जारी सूची के मुताबिक संतोष कुमार मीणा को अपर पुलिस उपायुक्त कानपुर, अभिजीत कुमार को अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज, श्रुति श्रीवास्तव को अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी, पुनीत द्विवेदी को अपर पुलिस अधीक्षक राज्यपाल उत्तर प्रदेश, शिवा सिंह को अपर पुलिस आयुक्त कानपुर, नीतू को अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी, आकाश पटेल को अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी, धर्मेंद्र सिंह को पुलिस महानिरीक्षक आरटीसी चुनार मिर्जापुर, अब्दुल हमीद को पुलिस महानिरीक्षक एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, रोहन पी कनय को पुलिस उपमहानिरीक्षक तकनीकी सेवाएं, संजय सिंह पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी गोरखपुर, वैभव कृष्ण को पुलिस उपमहानिरीक्षक वीआईपी सुरक्षा लखनऊ, प्रभाकर चौधरी को पुलिस उपमहानिरीक्षक स्थापना मुख्यालय लखनऊ, संजीव त्यागी को पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिसूचना सूचना मुख्यालय लखनऊ, पूनम को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी सेक्टर आगरा और सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज को पुलिस उपमहानिरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड के पद पर भेजा गया है।

इसी तरह राठौर किरीट कुमार हरि भाई को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी लखनऊ, शैलेश कुमार यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, शफीक अहमद को पुलिस उपमहानिरीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ, राधेश्याम को पुलिस उपमहानिरीक्षक लॉजिस्टिक्स लखनऊ, सुरेश्वर को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय लखनऊ, रामजी सिंह यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, रामकिशन को पुलिस उपमहानिरीक्षक सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ, राजकमल यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीसी सीतापुर, राकेश पुष्कर को पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे लखनऊ, मनोज कुमार सोनकर को उपमहानिरीक्षक एटीएस लखनऊ, कुलदीप नारायण को पुलिस उपमहानिरीक्षक एसटीएफ मेरठ, किरण यादव को पुलिस उपमहानिरीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ, शहाब रशीद खान को पुलिस उपमहानिरीक्षक यूपी-112, अशोक कुमार चतुर्थ को पुलिस उपमहानिरीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ तथा प्रदीप गुप्ता को पुलिस उपमहानिरीक्षक दूरसंचार लखनऊ बनाया गया है।

तबादला सूची के मुताबिक अखिलेश कुमार निगम को पुलिस उपमहानिरीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ, कुंतल किशोर को पुलिस उपमहानिरीक्षक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं लखनऊ, मनीराम सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक मानवाधिकार लखनऊ, राजीव नारायण मिश्र को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी कानपुर नगर, सुशील कुमार सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक यातायात मुख्यालय लखनऊ, हरिश्चंद्र को अपर पुलिस आयुक्त कानपुर नगर, राहुल राज को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मेरठ, प्रमोद कुमार तिवारी को पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण मुख्यालय लखनऊ, कल्पना सक्सेना को अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद, अतुल शर्मा को सेनानायक 35 वाहिनी पीएसी लखनऊ, आशीष श्रीवास्तव को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर, गौरव बांसवाल को पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण एवं सुरक्षा लखनऊ, पूजा यादव को सेनानायक 24 वाहिनी पीएसी मुरादाबाद, अमित कुमार प्रथम को पुलिस अधीक्षक एटीएस लखनऊ, रईस अख्तर को पुलिस अधीक्षक तकनीकी सेवाएं लखनऊ, रवीना त्यागी को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, विक्रांत वीर सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, प्रमोद कुमार को पुलिस उपायुक्त वाराणसी, एसएम कासिम को पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, हृदेश कुमार को पुलिस उपायुक्त वाराणसी, आनंद कुमार को सेनानायक को 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर, श्रवण कुमार सिंह को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर, शिवाजी को पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, प्रबल प्रताप सिंह को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नर रेट लखनऊ, शैलेंद्र कुमार राय को पुलिस अधीक्षक कानून-व्यवस्था लखनऊ, डी प्रदीप कुमार को सेनानायक 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र, डॉ दुर्गेश कुमार को सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर और राजधारी चौरसिया को पुलिस अधीक्षक प्रशासन मुख्यालय लखनऊ के पद पर तैनाती दी गई है।

इसी क्रम में बबीता साहू को सेनानायक 27वी वाहिनी पीएसी सीतापुर, कमला प्रसाद यादव को पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय लखनऊ, रमेश प्रसाद गुप्ता को पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक उत्तर प्रदेश लखनऊ, रामसेवक गौतम को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर, सुरेंद्र नाथ तिवारी को पुलिस अधीक्षक स्थापना मुख्यालय लखनऊ, मोहम्मद तारीख को पुलिस अधीक्षक मानवाधिकार मुख्यालय महानिदेशक लखनऊ, पंकज कुमार पांडे को सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी, अजीत कुमार सिन्हा को सेनानायक 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी, सुशील कुमार शुक्ला को सेनानायक 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़, दयाराम को सेनानायक दूसरी वाहिनी पीएसी सीतापुर, सर्वानंद यादव को सेनानायक 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर, कमलेश दीक्षितको सेनानायक 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर, अरुण कुमार श्रीवास्तव को सेनानायक 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी, कमलेश दीक्षित को सेनानायक 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर, सलमान ताज पाटील को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, विद्यासागर मिश्रा को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, तेज स्वरूप को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ, डॉ महेंद्र पाल सिंह को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट लखनऊ और श्याम नारायण सिंह को पुलिस उपायुक्त कमिश्नर रेट वाराणसी के पद पर भेजा गया है।

### प्रशिक्षु अधिकारियों को मुख्य सचिव ने समझाई जिम्मेदारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) 2021 बैच के 47 प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से मुलाकात की। इस मौके पर मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें समानता के सिद्धांतों को कायम रखते हुए पक्षपात या भेदभाव के बिना कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को उनकी पृष्ठभूमि या संबद्धता की परवाह किए बिना समान अवसर देकर और उचित व्यवहार करके उनमें शासन के प्रति विश्वास जगाना होगा। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा के अधिकारियों की एक अहम जिम्मेदारी होती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों मिले, उनके जीवन में किस प्रकार से बदलाव लाया जाय, इस दिशा में गंभीरतापूर्वक कार्य करना होगा।

# विपक्षी भी मोदी की सरकार बनाने में कर रहे सहयोग : राजभर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने मंगलवार को कहा है कि विपक्ष भी केंद्र में फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने में सहयोग कर रहा है। कुछ नेता करीब आकर तो कुछ नेता दूर से ही सहयोग करने में जुटे हैं। नीतीश कुमार एनडीए में आकर अब करीब से साथ दे रहे हैं तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी दूर से ही सहयोग कर रहे हैं।

पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में राजभर ने सवाल किया कि दिनभर भाजपा के खिलाफ बयानबाजी करने वाले अखिलेश भाजपा के बड़े नेताओं के पास गुलदस्ता लेकर क्यों जाते हैं? सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के बारे में राजभर ने कहा कि वह इस समय दुखी हैं। क्योंकि, उनके हिसाब से सपा नहीं चल रही है। वहीं सुभासपा के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरुण राजभर ने यहां कहा, पश्चिमी उप्र. में राजभर की सभाओं में उमड़ रही भीड़ को देख अखिलेश घबरा गए हैं।

### 13 माध्यमिक शिक्षकों को मिलेगा राज्य अध्यापक पुरस्कार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। राज्य अध्यापक पुरस्कार-2023 के लिए प्रदेश के 13 माध्यमिक शिक्षकों को चुना गया है। राज्य पुरस्कार पाने वाले शिक्षकों में दो निजी स्कूलों के और 11 सरकारी व एडेड स्कूलों के हैं। लखनऊ से बीकेटी इंटर कॉलेज के रवींद्र कुमार को पुरस्कार मिला है। सरकारी और एडेड कॉलेज के राजेश कुमार त्यागी (मेरठ), चंद्रमणि सिंह (वाराणसी), पवन कुमार त्यागी (अमरोहा), सुभाष चंद्र मौर्य (बरेली), केशवर प्रसाद सिंह (सुल्तानपुर), रवींद्र कुमार (लखनऊ), ऋषिपाल सिंह (अमरोहा), डॉ. निखिल जैन (आगरा), डॉ. रामशंकर पांडेय (अमेठी) और लालमन (चित्रकूट) को राज्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। वहीं निजी स्कूलों के भूपेंद्र कुमार सिंह (अलीगढ़) और अनिल कुमार मिश्र (कानपुर) का चयन हुआ है। पुरस्कारों के लिए जारी आदेश में कहा गया है कि निजी स्कूलों के शिक्षकों को पुरस्कार दिया जाएगा लेकिन एडेड और राजकीय शिक्षकों की तरह सेवा विस्तार और अन्य लाभ नहीं दिए जाएंगे।

# वाहन देने से इनकार किया तो मां के शव को सीएचसी से बेटा ठेले से ले गया

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, सीएचसी अधीक्षक और फार्मासिस्ट हटाए गए, वार्ड ब्वॉय निलंबित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** बिलसंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संवेदनहीनता की तस्वीर सामने आई है। अधीक्षक समेत अन्य जिम्मेदारों की करतूत से स्वास्थ्य विभाग शर्मसार हो रहा है। झोपड़ी में अलाव से लगी आग में झुलसने से जान गंवाने वाली महिला की मौत सीएचसी में हुई तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। परिजनों ने शव वाहन मुहैया कराने की मांग की तो जिम्मेदारों ने शव वाहन देने से इनकार कर दिया। मजबूरन मृतका के बेटे समेत अन्य परिजनों को शव ठेले पर लादकर सीएचसी से ले जाना पड़ा। उसके बाद अंतिम संस्कार किया। इस किसी ने सीएचसी में शव ठेले पर रखने के दौरान वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद सीएमओ ने तत्काल कार्रवाई कर दी। सीएचसी अधीक्षक और फार्मासिस्ट को मुख्यालय से अटैच करने के साथ वार्ड ब्वॉय को निलंबित कर दिया।

बिलसंडा क्षेत्र के गांव गौहनिया निवासी 90 वर्षीय देवकी देवी झोपड़ी में अकेले रहती थी। कुछ दूरी पर दूसरी झोपड़ी में बेटा विजयपाल परिवार के साथ रहता है। 26 जनवरी की रात शीतलहर से राहत पाने के लिए वृद्धा ने झोपड़ी में अलाव जलाया था। अलाव से उठी चिंगारी से झोपड़ी में आग लगी और वृद्धा देवकी देवी चपेट में आ गई। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई थी। परिजन वृद्धा को सीएचसी बिलसंडा ले गए थे। वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। बेटे विजयपाल व अन्य परिवार वालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था। मगर, गांव तक मां का शव ले जाने के लिए वाहन की मांग की थी। आरोप है कि सीएचसी के जिम्मेदारों ने शव ले जाने के लिए शव वाहन मुहैया कराने से इनकार कर दिया। रात भी सीएचसी में ही शव रहा। दूसरे दिन 27 जनवरी की सुबह परिवार ने ठेले की व्यवस्था की और फिर उसी पर गद्दे-चादर बिछाकर शव को बांधकर रखा और सीएचसी से लेकर गए। सोमवार रात सीएचसी से ठेले पर लादकर शव ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। जिम्मेदारों की लापरवाही फजीहत का सबब बन गई। इस वायरल वीडियो का संज्ञान में आने पर वरिष्ठ अधिकारी हरकत में आ गए। जांच के आदेश दिए। वहीं, प्रथम दृष्टया लापरवाही मानते हुए सीएचसी अधीक्षक बिलसंडा डॉ. मनीष राज शर्मा, फार्मासिस्ट एएन अंसारी को सीएचसी से हटाकर जिला मुख्यालय से अटैच कर दिया। जबकि वार्ड ब्वॉय एमके पांडेय को निलंबित कर दिया गया है। पूरे प्रकरण की जांच एसीएमओ स्तर के अधिकारी से कराई जाएगी।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,139 .90 | 21,522 .10 |
| नुकसान | 801.67 | 215 .50 |
| प्रतिशत में | 1.11 | 0 .99 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, बुधवार, 31 जनवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 840।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# डिजिटलीकरण से जवाबदेही में होगा सुधार

## अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र में एआरडीबी, आरसीएस के कंप्यूटरीकरण की शुरू कीं परियोजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 225 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों और सहकारी समितियों के पंजीयक के लिए कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम शुरू किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण के प्रयासों से उनके कामकाज में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार लाने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के सहयोग से सहकारिता मंत्रालय द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) और सहकारी समितियों के पंजीयक (आरसीएस) के लिए कंप्यूटरीकरण परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है।

शाह ने कहा कि परियोजनाएं संपूर्ण सहकारी तंत्र को एक डिजिटल मंच पर लाकर इसका आधुनिकीकरण करेंगी और इसकी दक्षता बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा- इससे सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार करने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि कंप्यूटरीकरण की कुल लागत 225 करोड़ रुपये होगी, जिसमें से 95 करोड़ रुपये आरसीएस के कंप्यूटरीकरण पर खर्च किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआरडीबी के कंप्यूटरीकरण से किसानों को मध्यम और दीर्घकालिक ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी, कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण जरूरी था।

अमित शाह ने कहा कि किसानों को दीर्घावधि ऋण सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए इन एआरडीबी को पैक्स से जोड़ने की योजना है। पहली पहल के तहत, 13 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में एआरडीबी की 1,851 इकाइयों को कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा।

### किसानों के विकास के बिना देश प्रगति नहीं कर सकता

**जबलपुर (मप्र)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर क्षेत्र में 2,367 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जबतक देश के गांवों, गरीबों, मजदूरों और किसानों का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने न केवल सड़कें बनाई हैं, बल्कि पानी को इकट्ठा करने के लिए तालाब भी बनाए हैं जिससे जल संरक्षण भी होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा-जबतक गांव, गरीब, मजदूर तथा किसान का विकास नहीं होगा तब तक देश प्रगति नहीं करेगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'स्मार्ट' शहर के साथ 'स्मार्ट' गांव विकसित करने की जरूरत है और इसमें सड़कों की अहम भूमिका है।

## जी-सोनी विलयः एनसीएलटी ने सोनी को जारी किया नोटिस

**मुंबई।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलटी) ने जी एंटरटेनमेंट के एक शेयरधारक की उस याचिका को मंगलवार को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने अपनी भारतीय इकाई का सोनी के साथ विलय करने का अनुरोध किया था। नियामक की मंजूरी के बावजूद इस विलय समझौते को पिछले सप्ताह समाप्त कर दिया गया था। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज (जील) के शेयरधारक मैड मेन फिल्म वेंचर्स द्वारा दायर एक याचिका पर सोनी को नोटिस जारी किया। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट को पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के नाम से जाना जाता था।

## ईपीएस-95 में न्यूनतम पेंशन बढ़ाकर 7,500 रुपये मासिक करने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **पेंशनभोगियों ने भूख हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी**

सेवानिवृत्ति कोष प्रबंधक ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना-1995 (ईपीएस-95) के तहत न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग को लेकर पेंशनभोगियों ने मंगलवार को भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ईपीएस-95 योजना के तहत पेंशनभोगियों को इस समय 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन मिलती है। यह पेंशन सितंबर, 2014 में लागू नियमों के मुताबिक दी जा रही है। पेंशनभोगियों ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे 31 जनवरी को भूख हड़ताल शुरू करेंगे। देशभर से 50,000 से अधिक पेंशनभोगियों के इस आंदोलन में शामिल होने की उम्मीद है। ईपीएफओ के आंकड़े से पता चलता है कि देशभर में 78 लाख पेंशनभोगी हैं।

पेंशनभोगियों की मांगों के लिए संघर्षरत समिति ने बयान में कहा- ईपीएस-95 की राष्ट्रीय आंदोलन समिति के नेतृत्व में पेंशनभोगी न्यूनतम पेंशन को 7,500 रुपये प्रति माह तक बढ़ाने एवं अन्य लाभों की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर 31 जनवरी से दूसरी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगे। समिति ने कहा कि केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेन्द्र यादव के आश्वासन के बावजूद उनकी मांगें पूरी नहीं की गयी हैं। समिति के अध्यक्ष अशोक राउत ने कहा- यह हमारी अंतिम चेतावनी है। बार-बार आश्वासन देने के बावजूद हमारी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,050-48,250 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,900 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,750। |

## कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, दवा क्षेत्र के लिए पीएलआई योजनाओं में बदलाव पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और दवा सहित कुछ क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं में बदलाव करने पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि शीर्ष अधिकारियों से बदलावों की मंजूरी लेने के लिए मंत्रिमंडल टिप्पणी (नोट) को अंतिम रूप दिया गया है। बदलावों से इन क्षेत्रों को अधिक कंपनियों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इस योजना की घोषणा 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2021 में 14 क्षेत्रों के लिए की गई थी। इसमें दूरसंचार, 'व्हाइट गुड्स', चिकित्सकीय उपकरणों का विनिर्माण, मोटर वाहन, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन विज्ञान सेल बैटरी, ड्रोन और दवा शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक जैसे कुछ क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि अन्य का प्रदर्शन अभी तक उतना अच्छा नहीं रहा है। सरकार ने अक्टूबर तक इलेक्ट्रॉनिक और दवा समेत आठ क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत 4,415 करोड़ रुपये वितरित किए हैं।

## सोना 200 रुपये मजबूत चांदी में भी 300 रुपये की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 200 रुपये की तेजी के साथ 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये की मजबूती के साथ 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## सेंसेक्स 801 अंक फिसलकर 71,139 पर बंद

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में हुई जमकर बिकवाली**

स्थानीय शेयर बाजार में एक दिन की जोरदार तेजी के बाद मंगलवार को फिर नरमी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 802 अंक लुढ़क गया। मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 801.67 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,139.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 865.85 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 215.50 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,522.10 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस 5.03 प्रतिशत नीचे आया। तिमाही परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी के शेयर में गिरावट आई। इसके अलावा टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तपसे ने कहा कि कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख का भी घरेलू बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा-बजट आने में एक दिन बचा है, ऐसे में निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया है।

## राष्ट्रीय

# हमें नीतीश कुमार की कोई जरूरत नहीं: राहुल

## भारत जोड़ो-न्याय यात्राः पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में रैली को कांग्रेस नेता ने किया संबोधित

पूर्णिया, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को बिहार के पूर्णिया में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए। ● एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा के साथ हाथ मिलाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला करते हुए मंगलवार को कहा कि बिहार में विपक्षी दलों का महागठबंधन जदयू अध्यक्ष के बिना राज्य में समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा-(हमें) नीतीश जी की कोई जरूरत नहीं है... हमें उनकी बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा-हम किसानों के हितों के लिए लड़ते रहेंगे। बिहार में किसान आर्थिक अन्याय के शिकार हैं। राहुल गांधी ने कहा-देश को ओबीसी, दलित, आदिवासियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों आदि की आबादी की सटीक संख्या निर्धारित करने के लिए एक्सरे की आवश्यकता है। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राहुल गांधी की यह पहली बड़ी रैली है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को पूर्णिया पहुंची। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्णिया नहीं पहुंच सके। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद ने कहा कि दृश्यता कम होने के कारण उनका (खड़गे का) विमान पूर्णिया हवाई अड्डे तक नहीं पहुंच सका। रैली को खरगे ने अपने एक वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया।

### विपक्षी गठबंधन खुद ही मर जाएगा : प्रल्हाद जोशी

नई दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को विपक्षी दलों के गठजोड़ इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का, उसे "ब्रेन डेड" कहकर मजाक उड़ाया और कहा कि यह एक अप्राकृतिक गठबंधन है और जल्द ही अपनी मौत मर जाएगा"। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि अन्य दलों के साथ झगड़ा करना कांग्रेस का स्वभाव है।

## बलात्कार पीड़िता को मिली 23 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक फैसले में एक बलात्कार पीड़िता की 23 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति दे दी और राज्य सरकार के स्वामित्व वाले अस्पताल को इस उद्देश्य के लिए एक मेडिकल बोर्ड गठित करने की सलाह भी दी है। अदालती सूत्रों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। 27 वर्षीय पीड़िता एक समस्या का सामना कर रही थी और 21 सप्ताह के बाद जब उसकी गर्भावस्था का पता चला तो वह एक दर्दनाक स्थिति में थी। देश के कानून के अनुसार 20 सप्ताह या उससे अधिक पुरानी गर्भावस्था को अदालत की अनुमति के बाद ही समाप्त किया जा सकता है। न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य ने मामले की सुनवाई करते हुए दक्षिण कोलकाता के एमआर बांगुर अस्पताल को एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया।

## जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंध पर समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

**उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी**

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट सेवाओं की बहाली के लिए याचिकाओं पर विचार करने के समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। साथ ही न्यायालय ने प्रशासन से उन्हें प्रकाशित करने के लिए भी कहा।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज को निर्देश लेने और सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत को अवगत कराने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। पीठ 'फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स' द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंधों पर केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली एक विशेष समिति द्वारा पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करने की मांग की गई थी। नटराज ने कहा कि याचिकाकर्ता समिति के विचार-विमर्श के प्रकाशन की मांग कर रहा है। इस पर पीठ ने कहा-समीक्षा आदेश किसलिए हैं? समीक्षा आदेश अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं। कहा-समिति के विचार-विमर्श को प्रकाशित करना आवश्यक नहीं हो सकता है, लेकिन पारित समीक्षा आदेशों को प्रकाशित करना आवश्यक है।

## शुआट्स के कुलपति और अन्य को धर्मांतरण मामले में प्राप्त गिरफ्तारी से संरक्षण बढ़ा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित अवैध धर्मांतरण, दुष्कर्म और अनैतिक तस्करी के एक मामले में उत्तर प्रदेश के सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) के कुलपति राजेंद्र बिहार लाल और संस्थान के कुछ अन्य अधिकारियों को प्राप्त गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण मंगलवार को बढ़ा दिया।

विश्वविद्यालय की एक पूर्व संविदा कर्मचारी ने उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में चार नवंबर, 2023 को उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कुलपति की याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-अगली सुनवाई की तारीख तक अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

## एक नजर

### राष्ट्रपति, मोदी ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर यहां राजघाट पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपिता के सम्मान में कुछ देर का मौन भी रखा गया मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि देता हूं जो हमारे देश के लिए शहीद हुए हैं।

### धर्मांतरण के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में धर्मांतरण के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोकड़ा गांव में बगैर अनुमति के एक बड़ी धार्मिक सभा का आयोजन किया गया था। धर्मांतरण का आयोजन देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने रफैल नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ,जबकि ओड़िसा ईसाई मिशनरी का पास्टर सहित अन्य लोग पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही फरार हो गए।

## जब तक जीवित हूं, सीएए लागू नहीं होने दूंगी : ममता

**रायगंज (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से पहले सीएए का मुद्दा उठाने के लिए मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वह अपने जीवनकाल में राज्य में इसे लागू नहीं होने देंगी। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लाभ लेने के लिए आगामी चुनावों से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम यानी सीएए का मुद्दा उठाया है। बनर्जी ने कहा, चुनाव नजदीक आते देख, भाजपा ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए फिर से सीएए का मुद्दा उठाया है। लेकिन मैं यह स्पष्ट कर दूं कि जब तक मैं जीवित हूं, पश्चिम बंगाल में इसे लागू नहीं होने दूंगी।

## प्रेम प्रसंग में शिक्षक ने 2 सहकर्मियों की गोली मारकर की हत्या

रांची, एजेंसी

▸▸ **झारखंड के गोड्डा जिले के एक स्कूल में हुई वारदात**

झारखंड के गोड्डा जिले में एक सरकारी स्कूल के एक शिक्षक ने 'प्रेम प्रसंग' को लेकर अपने दो सहकर्मियों की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में खुद को भी गोली मारकर बुरी तरह घायल कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर पोरइयाहाट के चतरा अपग्रेडेड स्कूल में पूर्वाह्न करीब 11 बजे घटी। गोड्डा के पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने बताया-दो शिक्षकों के शव स्कूल के एक कमरे में खून से लथपथ मिले जिनमें एक महिला थी। वहीं आरोपी शिक्षक भी गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गोली चलने की आवाज सुनी तो वे वहां पहुंचे और कमरे को अंदर से बंद पाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ दिया लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

## संयुक्त परिवार का चलन समाप्त होने से वृद्धजनों की नहीं हो पा रही देखभाल

मुंबई, एजेंसी

**बंबई उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी**

बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक व्यक्ति को अपनी मां के घर को खाली करने का आदेश दिया जिस पर उसने और उसकी पत्नी ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। अपने फैसले में अदालत ने टिप्पणी की है कि संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण बुजुर्गों की उनके स्वजनों द्वारा देखभाल नहीं की जा रही है।

न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा कि उम्र बढ़ना एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन गई है और इसलिए वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा, "संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण, बड़ी संख्या में बुजुर्गों की देखभाल उनके परिवार द्वारा नहीं की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप, कई बुजुर्ग व्यक्ति, विशेष रूप से विधवा महिलाएं अब अपने जीवन के अंतिम वर्ष अकेले बिताने को मजबूर हैं और भावनात्मक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं तथा भौतिक व वित्तीय सहायता की कमी से जूझ रहे हैं।" यह आदेश उपमंडल अधिकारी और वरिष्ठ नागरिक रखरखाव न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के सितंबर 2021 के आदेश के खिलाफ दिनेश चंदनशिवे द्वारा दायर याचिका पर पारित किया गया था, जिसमें उन्हें उपनगरीय मुलुंड में अपनी बुजुर्ग मां लक्ष्मी चंदनशिवे के आवास को खाली करने का निर्देश दिया गया था। महिला के अनुसार, 2015 में उसके पति की मृत्यु के बाद, उसका बेटा और बहू उससे मिलने आए और उसके बाद घर छोड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने कथित तौर पर उसे परेशान किया और उसे घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। बाद में महिला अपने बड़े बेटे के साथ ठाणे में रहने लगी। उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी और व्यक्ति और उसकी पत्नी को 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने का निर्देश दिया।

# बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों को दिया गया आश्वासन**

सरकार ने मंगलवार को विभिन्न दलों के नेताओं से कहा कि वह 31 जनवरी से आरंभ हो रहे संसद के बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। बजट सत्र के मद्देनजर सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि बैठक में बातचीत बहुत सौहार्दपूर्ण रही और सरकार इस छोटे सत्र के दौरान हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव से पहले यह आखिरी सत्र है।

रक्षामंत्री और लोकसभा में सदन के उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के नेता कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता टी आर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के नेता एस टी हसन, जदयू के नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जयदेव गल्ला शामिल थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उन्होंने असम में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो-न्याय यात्रा पर हिंसक हमले और उस पर राज्य सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदियों का मुद्दा उठाया। उच्च सदन में कांग्रेस के उप नेता तिवारी ने संवाददाताओं से कहा कि देश में अघोषित तानाशाही कायम है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद जैसे विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है। इस बार 31 जनवरी से 9 फरवरी के बीच संसद सत्र होगा।

### सांसदों का निलंबन वापस लिया जाएगा

संसद के बजट सत्र में संसद में अनुकूल माहौल बनाने के लिए सरकार ने पिछले सत्र में निलंबित सांसदों का निलंबन वापस लेने का प्रस्ताव किया है और दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपेक्षा की है। बुधवार से शुरु हो संसद के संक्षिप्त बजट सत्र से पहले मंगलवार को यहां हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने सांसदों का निलम्बन वापस लेने के बारे में लोकसभा अध्यक्ष तथा राज्यसभा के सभापति से बात की है। उन्होंने कहा कि बैठक में कुल 30 दलों के 45 नेताओं ने हिस्सा लिया और सभी ने अनुकूल माहौल में अपनी बातें रखी। बैठक में सरकार ने सांसदों से आग्रह किया है कि यह 17वीं लोकसभा का आखिरी और बहुत छोटा सत्र हैं। सत्र में संसद का काम पूरा हो सके इसलिए सौहार्दपूर्ण माहौल में संसद चलाने और सदन में तख्तियां लेकर नहीं आएं।

## पीएफआई षड्यंत्र मामले में तीन लोगों के खिलाफ आरोप-पत्र दायर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने को उन्हें लड़ने के लिए हथियारों का प्रशिक्षण देने से संबंधित मामले में प्रतिबंधित पीएफआई के तीन कार्यकर्ताओं के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर रोकथाम की कार्रवाई करते हुए राजस्थान पीएफआई षड्यंत्र मामले में वाजिल अली, मुबारक अली और शमशेर खान के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया गया है।

# अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आश्चर्यजनक ब्लैक होल खोज निकाला है, जो अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा है। इस तरह की यह पहली खोज है, जो ब्रह्मांड के एक अजूबे रहस्य को उजागर करती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि बिग बैंग के 400 मिलियन बाद यह ब्लैक होल अस्तित्व में आया था।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों का मानना है कि ये ब्रह्मांड का सबसे पुराना ज्ञात ब्लैक होल है। हबल स्पेस टेलीस्कोप ने इसे खोजा है। इस आकाशगंगा का नाम जीएन- जेड11 है। यह एक महाविशाल प्राचीन ब्लैक होल है, जो इस आकाशगंगा के केंद्र में स्थित है। इस खोज मे खगोलविदों की अंतरराष्ट्रीय टीम शामिल थी। वैज्ञानिकों का कहना है आधुनिक सिद्धांतों के अनुसार इस ब्लैक होल की उम्र 13 अरब वर्ष से अधिक हो सकती है। यह ब्लैक होल अपनी मेजबान आकाशगंगा को खा रहा है। प्रारंभिक ब्रह्मांड में ब्लैक होल की गतिविधि की नई जानकारी मिलती है। यह एक प्रकार से बेहद भूखे ब्लैक होल हैं। ब्रह्मांड इस तरह के ब्लैक होल और भी हो सकते हैं। यूके में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में यह खोज की गई। याग ब्लैक होल आकार में हमारे सूर्य से लाखों गुना बड़ा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्माण्ड में इतने बड़े ब्लैक होल की वजह प्रारंभिक आकाशगंगाओं के अत्यधिक गैस-समृद्ध होना हो सकता है।

अपनी ही आकाशगंगा को खा रहा यह ब्लैक होल।

### ब्रह्मांड की खोज का नया युग है यह दौर

नैनीताल: वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्मांड की खोज की दिशा में यह एक नए युग की शुरुआत है। वेब और हबल जैसी दूरबीनों के आ जाने से ब्रह्मांड की नित नई ऐसी जानकारी मिल रही है, जो हमारी कल्पनाओं से भी परे हैं और भविष्य में इस तरह की न जाने कितने रहस्य उजागर होंगे, जिनके बारे में हम कभी सोच भी नही सकते।

## 10 भारतीय मछुआरों को दो वर्ष की सजा

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने देश के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए 10 भारतीय मछुआरों को दो वर्ष की निलंबित सजा सुनाई।

उत्तरी जाफना प्रायद्वीप के पॉइंट पेड्रो के मजिस्ट्रेट ने सोमवार को सजा सुनाते हुए नौका के मालिक को 24 अक्टूबर को अगली सुनवाई के दौरान अदालत में पेश होने का आदेश भी दिया। अवैध रूप से मछली पकड़ने के मामले में नौका जब्त की जा चुकी है। दो साल की जेल की सजा को पांच साल के लिए निलंबित करने का मतलब है कि मछु आरे वास्तव में जेल नहीं जाएंगे बल्कि उनकी सजा पांच साल के लिए निलंबित कर दी गई है। 23 दिसंबर को गिरफ्तार किए गए मछुआरे तीन बार अदालत में पेश हो चुके हैं।

# भारत ने इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के लिए द्विराष्ट्र समाधान का किया समर्थन : जयशंकर

मुंबई, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत दशकों पुराने इजराइल-फलस्तीन संघर्ष को समाप्त करने के लिए द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर की शुरुआत में यहूदी देश के अंदर हमास के हमलों के बाद गाजा पट्टी में युद्ध भड़क उठा है जिसकी समाप्ति का कोई संकेत नहीं दिखता।

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), मुंबई के छात्रों के साथ बातचीत में एक सवाल का जवाब देते हुए, जयशंकर ने कहा कि यह निश्चित रूप से भारत का और बहुत बड़ी संख्या में देशों का विचार है कि द्विराष्ट्र समाधान ही कारगर हो सकता है जहां इजराइल के साथ फलस्तीन राष्ट्र होना चाहिए। तो आज हमारे लिए सभी पहलू हैं। हम एक पहलू नहीं ले सकते और यह नहीं कह सकते कि यही एकमात्र पहलू है।

### क्षमता और प्रतिष्ठा के लिए जरूरी है हम मदद करें

लाल सागर में मर्चेंट नेवी के पोतों पर हमले और क्षेत्र में भारतीय नौसेना के पोतों की तैनाती के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत की क्षमता, अपने हित और प्रतिष्ठा के लिए आज जरूरी है कि वह कठिन परिस्थितियों में वास्तव में मदद करें। जयशंकर ने कहा कि भारतीय नौसेना ने इस क्षेत्र में अपने 10 पोत तैनात किए हैं। अधिकारियों ने बताया भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर ईरानी झंडा लगे मछली पकड़ने के जहाज पर समुद्री डाकुओं के हमले के बाद उस पर सवार चालक दल के 19 पाकिस्तानी सदस्यों को बचाया। आईएनएस सुमित्रा को अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्व में समुद्री दस्यु रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात किया गया है।

## एक नजर

### म्यांमार में अवैध रूप से गोला-बारुद रखने के आरोप में सात गिरफ्तार

**यांगून।** म्यांमार पुलिस ने पूर्वी प्रांत शान में अवैध रूप से हथियार और गोला-बारूद रखने के आरोप में सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। सरकारी म्यांमार समाचार एजेंसी ने मंगलवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि अवैध रूप से हथियारबंद संदिग्ध लोगों का एक समूह ताचिलेइक शहर में मोबाइल दुकान पर आ रहा है। सूचना के मिलने के बाद पुलिस ने 26 जनवरी को दुकान से संदिग्ध हथियाबंद लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में दो थाईलैंड और अन्य पांच म्यांमार के नागरिक शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से चार पिस्तौल, सात मैगजीन तथा 62 गोलियां सहित गोला-बारुद जब्त किया है। संदिग्धों में से एक को थाईलैंड और म्यांमार अधिकारियों ने नशीली दवाओं के मामलों में वांछित भगोड़ा बताया गया था। संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### नाइजीरियाई सेना के हवाई हमले में मारे गए 30 संदिग्ध अपहरणकर्ता

**अबुजा।** नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर प्रांत कदुना में सेना की ओर से सप्ताहांत में किए गए हवाई हमले में कम से कम 30 संदिग्ध अपहरणकर्ता मारे गए हैं। नाइजीरियाई वायु सेना के प्रवक्ता एडवर्ड गैबक्वेट ने कहा कि खुफिया रिपोर्ट के बाद एक अभियान चलाया गया था। एक सैन्य लड़ाकू जेट ने कदुना के बिरनिन ग्वारी इलाके में 15 मोटरसाइकिलों के काफिले में सवार संदिग्धों की गतिविधियों को देखा गया था। उन्होंने कहा कि आपराधिक समूह उसी क्षेत्र में सैनिकों पर घात लगाकर किए गए हमले के लिए जिम्मेदार था। उन्होंने बिरनिन ग्वारी में निर्दोष नागरिकों पर कई हमले किए और अपहरण की वारदात का भी अंजाम दिया था। उन्होंने कहा कि संदिग्ध अपहरणकर्ताओं का पीछा किया गया और उन पर सटीक हमला कर उनका खात्मा किया गया।

### उ. कोरिया ने एक माह में तीसरी बार दागी क्रूज मिसाइल : दक्षिण कोरिया

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने मंगलवार को पश्चिमी तट के पास समुद्र में कई क्रूज मिसाइलें दागीं जो इस महीने में उसका इस प्रकार का तीसरा परीक्षण है। दक्षिण कोरिया ने यह जानकारी दी। यह परीक्षण ऐसे समय में किया गया है जब क्षेत्र में तनाव पहले से बढ़ा हुआ है। उत्तर कोरिया द्वारा हथियारों का प्रदर्शन और अमेरिका, दक्षिण कोरिया एवं जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास बढ़ गए हैं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सेनाएं इन प्रक्षेपणों का विश्लेषण कर रही हैं। अभी यह जानकारी नहीं दी गई है कि कितनी मिसाइलें दागी गईं या वे कितनी दूर तक पहुंचीं। इससे पहले उत्तर कोरिया ने 24 जनवरी और 28 जनवरी को भी इसी प्रकार के परीक्षण किए थे। उत्तर कोरिया ने बताया था कि उसने पनडुब्बी से प्रक्षेपण के लिए विकसित नई क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया ने 14 जनवरी को पहली ठोस-ईंधन आधारित मध्यवर्ती रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइल का भी परीक्षण किया था।

### चीन में भूकंप के मध्यम झटके

**उरुमकी।** उत्तर-पश्चिमी चीन के शिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र के किर्गिज स्वायत्त प्रान्त किजिलसु के अक्की काउंटी में भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार, मंगलवार तड़के करीब 06 :27 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.7 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर 41.15 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 78.67 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। भूकंप के केंद्र के 20 किलोमीटर के दायरे में कोई निवास नहीं करता है। स्थानीय अग्निशमन विभाग, सार्वजनिक सुरक्षा विभाग और आपातकालीन बचाव विभाग ने पुष्टि की है कि किसी के हताहत होने या मकानों के ढहने की सूचना नहीं है। बचाव के लिए दो गाड़ियों और 10 कर्मियों की व्यवस्था की है।

# खान यूनिस में अब तक इजरायली सेना ने दो हजार फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया

## दावा: गाजा पट्टी पर तीन माह में लगभग 9,000 हमास के लड़ाकों का हो जा चुका है सफाया

**30** से 40 हजार के बीच है हमास सैनिकों की संख्या

**26,600** से अधिक लोग मारे गए हैं गाजा पट्टी में अब तक

यरुशलम, एजेंसी

इजरायली सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक अभियान के दौरान 2,000 से अधिक फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता आर.डी. एम.एल. डैनियल हगारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता हगारी ने कहा कि हाल के सप्ताहों में आईडीएफ के जवान हमास बटालियनों के सैन्य ढांचे को नष्ट करने का काम कर रहे हैं। हमने पहले ही पूर्वी खान यूनिस में हमास के दो बटालियनों को नष्ट कर दिया है और अब हम पश्चिम की ओर बढ़कर इस काम को अंजाम दे रहे हैं। अभियान में कई कमांडरों को मार गिराया है और कई भाग गए हैं, कुछ ने आत्मसमर्पण कर दिया है, या गिरफ्तार किए गए हैं और बचे हुए आतंकवादी असंगठित आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पूरे खान यूनिस में हमने 2,000 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया है। इजरायली सेना का दावा है कि गाजा पट्टी पर इजरायली आक्रमण के बाद से तीन महीनों में लगभग 9,000 हमास के लड़ाकों का सफाया किया जा चुका है। विभिन्न कयासों के अनुसार हमास सैनिकों की कुल संख्या 30,000 से 40,000 के बीच है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर, 2023 को गाजा पट्टी को नियंत्रित करने वाले फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और इजरायल की सीमा में घुसकर 1,200 से अधिक लोग मारे डाला था और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया था। वहीं, इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को सुरक्षित बचाकर लाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी स्तर पर हमला शुरू किया। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि गाजा पट्टी में अब तक 26,600 से अधिक लोग मारे गए हैं।

### नेतन्याहू ने हटने और आतंकवादियों की रिहाई से किया इनकार

यरुशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि गाजा से कोई सैन्य वापसी या जेल में बंद हजारों आतंकवादियों की रिहाई नहीं होगी। फिलहाल चल रही अप्रत्यक्ष संघर्ष विराम वार्ता में हमास की तरफ से रखी गई यह दो मांग प्रमुख हैं। कब्जे वाले पश्चिमी तट में एक कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने एक बार फिर संकल्प जताया कि हमास पर पूर्ण विजय के बिना युद्ध समाप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने सभी लक्ष्यों को हासिल किए बिना युद्ध खत्म नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम गाजा पट्टी से इजरायली सेना को नहीं हटाएंगे और हजारों आतंकवादियों को रिहा नहीं करेंगे।

### इजरायली सेना ने तीन फिलिस्तीनी नागरिकों को मारा

**रामल्लाह।** इजरायल सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने वेस्ट बैंक शहर जेनिन के एक अस्पताल में छापेमारी के दौरान हमास के सशस्त्र तीन युवा लड़ाकू की हत्या कर दी। फिलिस्तीनी और इजरायली सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जेनिन के कार्यवाहक गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने 'शिन्हुआ' को बताया कि इजरायली विशेष बल ने शहर के इब्न सिना अस्पताल में घुसकर तीन युवा सशस्त्र नागरिकों की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि यह अस्पतालों की सुरक्षा करने वाले सभी चार्टर और परंपराओं का उल्लंघन कर उसे कब्जे में लेने का एक नया अपराध है। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में कहा कि सेना ने इस्लामिक चरमपंथी संगठन (हमास) के सशस्त्र सेल को मार गिराया है, जो जेनिन शहर में इब्न सिना अस्पताल के अंदर छिपे हुए थे, उन पर विध्वंशक अभियान चलाने की योजना बनाने का आरोप लगाया गया था। उल्लेखनीय है गाजा पट्टी से 07 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर रॉकेट के हमलों के बाद से इजरायल की ओर से किए गए हमलों से वेस्ट बैंक में तनाव बढ़ गया है। इजरायली सेना हमास के ठिकानों को खत्म करने में लगी हुई है।

# इमरान और कुरैशी को सिफर मामले में 10 साल की सजा

पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के उप नेता शाह महमूद कुरैशी की बेटी गौहर बानो कुरैशी (बाएं) और पत्नी महरीन कुरैशी ने अदियाला जेल के बाहर अदालत के फैसले के बाद मीडिया से बात की। ● एजेंसी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की राजनीति में मंगलवार को उस समय तूफानी घटनाक्रम सामने आया जब सरकारी गोपनीयता कानून मामलों की विशेष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को सिफर मामले में मंगलवार को 10 साल की सजा सुनाई। सुनवाई की शुरुआत में खान और कुरैशी को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 342 के तहत एक प्रश्नावली दी गई।

खान की ओर से बयान दर्ज करने के बाद अदालत ने उनसे सिफर के ठिकाने के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि मैंने अपने बयान में यही कहा है जो मुझे नहीं पता। सिफर मेरे कार्यालय में था। सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने दोनों नेताओं को 10 साल जेल की सजा सुनाई। फैसला सुनाने के बाद न्यायाधीश अदालत कक्ष से बाहर चले गए। कुरैशी ने यह कहते हुए विरोध जताया कि उनका बयान दर्ज नहीं किया गया। विशेष अदालत का यह फैसला पाकिस्तान में आगामी आठ फरवरी को होने वाले संसदीय चुनाव से नौ दिन पहले आया है। इस चुनाव में पाकिस्तान तहरी-ए-इंसाफ पार्टी सरकार की सख्ती के बीच और बिना किसी चुनावी चिह्न के भी चुनाव लड़ रही है। बदले घटनाक्रम में अब खान और कुरैशी दोनों नेता अगले पांच साल के लिए कोई चुनाव नहीं लड़ सकते। इस बीच एक नेता ने एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान इमरान और कुरैशी के साथ खड़ा है। दोनों ने देश को बचाने का काम किया है और हकीकी आजादी के लिए खड़े हुए हैं। सिफर मामले में कानून का पूरी तरह से मजाक बनाया गया और उसकी अवहेलना की गई है। दोनों को न्याय दिलाने की हम प्राथमिक जिम्मेदारी नहीं भूलेंगे।

शाह महमूद कुरैशी और इमरान खान

# भारतीय मूल के युगल को ऑस्ट्रेलिया में कोकीन भेजने के आरोप में ठहराया दोषी

लंदन, एजेंसी

▸▸ भारत ने की आरोपियों के प्रत्यर्पण की मांग, टूलबॉक्स की आड़ में छिपाकर विमान से भेजी थी कोकीन

ब्रिटेन में भारतीय मूल के युगल को ऑस्ट्रेलिया में आधे टन से अधिक कोकीन भेजने का दोषी ठहराया गया है। जांच के बाद पता चला कि वे एक कंपनी से जुड़े थे। उन्होंने कंपनी के नाम पर धातु के टूलबॉक्स की आड़ में छिपाकर कोकीन विमान से ऑस्ट्रेलिया भेजी थी। भारत ने आरोपियों के प्रत्यर्पण की मांग की है।

जांच एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मई 2021 में सिडनी पहुंचने पर ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने 5.7 करोड़ पाउंड की कोकीन पकड़ी और राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) के जांचकर्ताओं ने इसे भेजने वाले की पहचान ईलिंग के हनवेल की 59 वर्षीय आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीत सिंह रायजादा के रूप में की। धीर और रायजादा ने ऑस्ट्रेलिया में कोकीन भेजने और धन शोधन के आरोपों से इनकार किया है। सोमवार को साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सुनवाई के बाद न्यायाधीशों की जूरी ने उन्हें निर्यात के 12 मामलों और धन शोधन के 18 मामलों में दोषी ठहराया।

मादक पदार्थ को ब्रिटेन से एक वाणिज्यिक उड़ान के माध्यम से भेजा गया था और इसमें धातु के छह टूलबॉक्स शामिल थे जिन्हें खोलने पर 514 किलोग्राम कोकीन पाई गई। ऑस्ट्रेलिया में बेचे जाने पर इन नशीले पदार्थों की कीमत 5.7 करोड़ पाउंड तक होती, जहां कीमतें ब्रिटेन की तुलना में काफी अधिक हैं। ब्रिटेन में थोक में एक किलोग्राम कोकीन की कीमत लगभग 26,000 पाउंड प्रति किलोग्राम है लेकिन ऑस्ट्रेलिया में इतनी मात्रा में कोकीन 110,000 पाउंड में बिकती है।

ह्यूस्टन में एक हवाई बैनर पर लिखा है, ब्रह्मांड जयश्री राम का नारा लगा रहा है। अयोध्या श्रीराम मंदिर अभिषेक समारोह के एक सप्ताह बाद एक विमान के माध्यम से ह्यूस्टन के आसमान पर छाया। ● एजेंसी

# ह्यूस्टन: लहराया 'जय श्री राम' का बैनर

**ह्यूस्टन।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के एक सप्ताह के बाद भी भारतीय अमेरिकियों के बीच उत्साह का माहौल है और अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में हवाई जहाज से एक बैनर लहराया गया जिस पर लिखा था यूनिवर्स चैंट्स जय श्रीराम यानी ब्रह्मांड में गूंज रहा जय श्री राम का मंत्र।

ह्यूस्टन में पिछले दिनों कंपकंपाती सर्दी और बारिश के बाद परंपरागत भारतीय परिधान पहने भारतवंशी लोग गुजरात समाज और अन्य स्थानों पर जमा हुए। वे भगवा झंडे हाथ में लिए हुए जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। जिस विमान पर यह बैनर लहराया गया, उसके पायलट का भी जय श्री राम के नारे लगाकर अभिनंदन किया गया। आयोजकों ने पूरे ह्यूस्टन में अपनी तरह के पहले हवाई बैनर के बारे में प्रचार किया। भारतीय मूल के लोग आसमान में निहारते रहे। इसके लिए प्रचार करने वाले फ्लायर पर लिखा था आसमान पर नजर रखें और जब आप अपने इलाके में विमान को देखें तो जय श्रीराम के नारे लगाएं। इस शो के आयोजक उमंग मेहता ने कहा कि 500 साल के संघर्ष के बाद श्री राम मंदिर के उद्घाटन का उत्सव मनाने के लिए इस कार्यक्रम की कल्पना की गई।

## पड्र्यू विश्वविद्यालय में लापता भारतीय छात्र की मौत की पुष्टि

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इंडियाना राज्य में स्थित प्रतिष्ठित पड्र्यू विश्वविद्यालय के लापता भारतीय छात्र की मौत हो गई है। विश्वविद्यालय ने इसकी पुष्टि की। भारतीय छात्र नील आचार्य रविवार को लापता हो गया था। पड्र्यू के परिसर में मौरिस जे. जुक्रो प्रयोगशाला के पास नील का शव मिलने के बाद टिप्पेकेनो काउंटी कोरोनर कार्यालय के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई।

▸▸ 28 जनवरी से लापता था नील आचार्य आखिरी बार उबर चालक ने देखा था

विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के अंतरिम प्रमुख क्रिस क्लिफ्टन ने सोमवार को विभाग को भेजे एक ईमेल में कहा कि बहुत दुख के साथ मैं आपको सूचित कर रहा हूं कि हमारे एक छात्र नील आचार्य का निधन हो गया है। नील की मौत की पुष्टि से पहले उसकी मां गौरी आचार्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा था कि हमारा बेटा नील आचार्य 28 जनवरी से लापता है। वह अमेरिका में पड्र्यू विश्वविद्यालय में पढ़ता है। आखिरी बार उसे उबर चालक ने देखा था।

# भारत में ही सब बनाने का आख्यान धीमी कर सकता है वृद्धि: गार्सेटी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने मंगलवार को द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों के विस्तार के लिए भारत में बेहतर कराधान एवं नियामकीय ढांचे की वकालत करते हुए कहा कि सब कुछ भारत में ही बनाए जाने से जुड़ा आख्यान देश की वृद्धि की रफ्तार धीमी कर सकता है।

गार्सेटी ने इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) के एक कार्यक्रम में कहा कि कॉरपोरेट कर की अस्पष्ट प्रथाएं भारत में काम करने की इच्छुक कई अमेरिकी कंपनियों के लिए अब भी बाधा हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत को अपने लक्ष्य हासिल करने हैं तो उसे निर्यात नीतियों को बदलना होगा। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि अमेरिका एक ऐसे भारत को देखना चाहता है जो आत्मनिर्भरता को गढ़ के रूप में नहीं बल्कि दुनिया में किसी से भी प्रतिस्पर्धा करने के लिए भारतीय कंपनियों की ताकत के रूप में देखे। उन्होंने भारत और अमेरिका के तेजी से बढ़ते संबंधों के विभिन्न पहलुओं का जिक्र करते हुए कहा कि अब सहयोग का कोई भी क्षेत्र सीमा से बाहर नहीं है। उन्होंने कहा कि हम अंतरिक्ष में भी साथ काम कर रहे हैं, हम समुद्र की गहराई भी में एक साथ हैं। हमारे इस रिश्ते की वस्तुतः कोई सीमा नहीं है।

## 'भारत और सिंगापुर उभरती तकनीक पर कर रहे हैं काम'

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने कहा कि भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन (आईएसएमआर) द्वारा चिह्नित किए गए नए क्षेत्रों में काम जारी है जिनमें खाद्य सुरक्षा, हरित विकास एवं उभरती तकनीक शामिल है।

अंबुले ने 75वें गणतंत्र दिवस समारोह संबंधी एक कार्यक्रम में कहा कि आईएसएमआर ने सहयोग के विशिष्ट स्तंभों की पहचान की है और खाद्य सुरक्षा, डिजिटल परिवर्तन, हरित विकास और उभरती प्रौद्योगिकियों के इन नए क्षेत्रों में काम जारी है। आईएसएमआर नेताओं के नेतृत्व वाला मंच है जो तेजी से बदल रहे भू-राजनीतिक घटनाक्रम और आपूर्ति में मौजूदा व्यवधानों को देखते हुए पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग के अवसरों का पता लगाता है।

**फैसला** कॉस्मेटिक उत्पादों में रसायनों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध, ऐसा करने वाला पहला देश बना न्यूजीलैंड

# त्वचा पर दुष्प्रभाव डाल सकते हैं ऐसे उत्पाद

वेलिंगटन, एजेंसी

न्यूजीलैंड ने कॉस्मेटिक उत्पादों में रसायनों के इस्तेमाल पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगा दिया है और ऐसा करने वाला यह पहला देश बन गया है। पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण (ईपीए) के अनुसार सौंदर्य प्रसाधनों में इन रसायनों पर प्रतिबंध लगाना चल रही प्रतिक्रिया का हिस्सा है जिसमें न्यूजीलैंड के पर्यावरण में सभी पीएफएएस-अग्निशामक फोम को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना और पीएफएएस के पृष्ठभूमि स्तरों का परीक्षण करना शामिल है।

ईपीए के पुनर्मूल्यांकन प्रबंधक शॉन प्रेसो ने कहा कि पीएफएएस का उपयोग कभी-कभी नेल पॉलिश, शेविंग क्रीम, फाउंडेशन, लिपस्टिक और मस्कारा जैसे उत्पादों में किया जाता है। इन्हें त्वचा को चिकना करने या अधिक टिकाऊ, फैलने योग्य और पानी प्रतिरोधी बनाने के लिए उपयोग किया जाता है।

प्रेसो ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शोध से पता चलता है कि पीएफएएस केवल कुछ ही उत्पादों में पाए जाते हैं लेकिन न्यूजीलैंड पीएफएएस से संभावित जोखिमों के लिए एहतियाती दृष्टिकोण अपनाता है। पीएफएएस पर निर्णय कॉस्मेटिक उत्पाद समूह मानक में किए गए कई अद्यतनों में से एक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कॉस्मेटिक उत्पाद सुरक्षित हैं और नियम अंतर्राष्ट्रीय विकास के साथ बेहतर ढंग से संरेखित हैं। उन्होंने कहा कि पीएफएएस पर प्रतिबंध लगने और अन्य बदलावों के प्रभावी होने से पहले हम बदलाव का प्रबंधन करने के लिए उद्योग के साथ जुड़ना जारी रखेंगे।

ऑकलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के स्कूल ऑफ साइंस के प्रोफेसर एलन ब्लैकमैन ने कहा कि जैसा कि पिछले साल ईपीए ने संकेत दिया था, सौंदर्य प्रसाधनों में पीएफएएस पर प्रतिबंध इस तरह लागू किया जाएगा कि पीएफएएस युक्त सौंदर्य प्रसाधनों का आयात और निर्माण 2026 के अंत में बंद हो जाएगा तथा इनकी आपूर्ति 2027 के अंत में बंद हो जाएगी।

### मानव स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए अहम निर्णय

ब्लैकमैन ने कहा कि यह पहला कदम उठाने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि नॉन-स्टिक कुकवेयर और वाटरप्रूफ कपड़ों जैसे अन्य पीएफएएस स्रोतों के साथ क्या होता है। पर्यावरण विज्ञान और अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक जोखिम मूल्यांकनकर्ता अभिषेक गौतम ने कहा कि सौंदर्य प्रसाधनों में 'हमेशा के लिए रसायनों' के जानबूझकर उपयोग पर प्रतिबंध उनकी संभावित दीर्घकालिक विषाक्तता के कारण मानव स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक है। गौतम ने कहा कि ये रसायन हालांकि प्रकृति में सर्वव्यापी हैं और इसलिए किसी भी गैर-अनुपालन की जांच के लिए सौंदर्य प्रसाधनों में इनकी नियमित रूप से निगरानी की जानी चाहिए।

## तकनीकी मुद्दे पर ब्रिक्स की बैठक में हिस्सा नहीं लेगा सऊदी अरब

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने मंगलवार को कहा कि सऊदी अरब एक तकनीकी मुद्दे के कारण मॉस्को में ब्रिक्स देशों के शेरपाओं और सूस-शेरपाओं की बैठक में हिस्सा नहीं ले रहा है।

रयाबकोव ने कहा कि सऊदी अरब के हमारे समकक्ष एक जनवरी को समूह में शामिल होने के बाद पहले ही ब्रिक्स से जुड़े कार्यक्रमों में भाग ले चुके हैं। सऊदी अरब के शेरपा बैठक में शामिल नहीं होने के अलग-अलग कारण हो सकते हैं, लेकिन यह एक तकनीकी मुद्दा है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब की राजधानी रियाद में चल रही सभी आंतरिक चर्चाओं को पूरा करने के बाद देश के समूह की सभी बैठकों में भाग लेने की संभावना है।